सेंसेक्स 74,244.90 ▲ -793.25
डॉलर 83.513 ▼ +0.166

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	34.0	21.0	26.0
धनबाद	36.0	24.0	31.0
जमशेदपुर	39.0	23.0	32.0
पलामू	36.0	22.0	28.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 13 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 175, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | प्रकृति से एकात्म का पर्व : सतुआन ... 8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | मुस्लिम लीग की छाप, परमाणु शस्त्र नष्ट ...12 | देश/विदेश

वासंतिक नवरात्र

पंचम : स्कन्दमाता

नवरात्रि के पांचवें दिन स्कन्दमाता की उपासना का दिन होता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

सिंहासनगता नित्यं
पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी
स्कन्दमाता यशस्विनी।।

मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद 'कुमार कार्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कह कर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि-पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मनवाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाओं एवं चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है। वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर हो रहा होता है। मां स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है।

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम)	72,780
चांदी (किलो)	84,760

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

आज के मैच

समय : 13 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मोहाली

आजकल

धर्मेंद्र व्यास

सरहुल पर विवादित झांकी मामले ने पकड़ा तूल, 26 पर एफआईआर दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी में सरहुल के जुलूस के दौरान एक झांकी पर विवाद गहराने लगा है। इस मामले में जहां 26 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मालूम हो कि गुरुवार को सरहुल जुलूस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को सलाखों के पीछे प्रदर्शित करती झांकी निकाली गई थी, साथ ही ईडी-सीबीआई पर जुल्म का आरोप लगाते हुए जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा जैसा स्लोगन लिखा हुआ था। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए तत्काल केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष समेत 26 लोगों के खिलाफ कोतवाली थाना में मामला दर्ज करा दिया । इसके बाद भाजपा और झामुमो आमने-सामने हो गए है।

प्रशासन के सहयोग के बिना ऐसा संभव नहीं, इसकी जांच हो : दीपक

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि इस तरह की झांकी निकालना आचार संहिता का उल्लंघन है। जिन लोगों ने ऐसा किया है, उन्हें फौरन गिरफ्तार किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग उठाई कि जिन लोगों ने पर्दे के पीछे से इस तरह का काम करवाया है, उनके नापाक चेहरे को जनता के सामने लाने की जरूरत है। कहा, सारा खेल सुनियोजित था। प्रशासन के सहयोग के बिना ऐसा नहीं हो सकता। इसकी जांच होनी चाहिए। ईद की नमाज के बाद फिलिस्तीन का झंडा दिखाए जाने पर भी भाजपा ने सरकार को घेरा।

यह आदिवासी समाज का गुस्सा, आने वाले समय में और बढ़ेगा : सुप्रियो

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरहुल में निकला झांकी आदिवासियों के आक्रोश को दशार्ता है, जो जनभावना से जुड़ा है। कोई राजनीतिक दल का बयान नहीं है। मामले में जब प्राथमिकी दर्ज हुई है तो समाजिक संगठन के लोग जवाब देंगे। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि सरहुल जुलूस में सड़कों पर जो दिखा, वह तो अभी सिर्फ झांकी है, जनता के आक्रोश को कैसे दबा पाएंगे, यह जनता और आदिवासी समाज का गुस्सा है, आने वाले समय में केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों का विरोध और बढ़ेगा।

नहाय खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू, व्रतियों ने किया सात्विक भोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। चार दिवसयी लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। छठ महापर्व की शुरूआत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होता है। छठ महापर्व में नहाय खाय का खास महत्व है। व्रतियों ने शुद्ध होकर व्रत की शुरूआत की। नहाय खाय के दिन मिट्टी और आम की लकड़ी वाले चूल्हे में अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनायी गई। खाना बनाने में घी और सेंधा नमक का प्रयोग किया गया। सूर्य ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

लौकी और चने की दाल खाने का है विशेष महत्व

नहाय खाय के दिन विशेष तौर पर लौकी की सब्जी बनती है। इसके पीछे यह मान्यता है कि लौकी काफी पवित्र होती है। साथ ही इसमें पर्याप्त मात्रा (96 फीसदी) में पानी होता है। इसको खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। इतना ही नहीं लौकी खाने से बहुत सारी बीमारियां भी दूर होती हैं। नहाय खाय में चने की दाल खाने का भी विशेष महत्व है।

पीएम बोले- भरोसा रखें, मैं 60 वर्षों की समस्या का समाधान करके दिखाऊंगा

जम्मू-कश्मीर में जल्द होगा विस चुनाव, मिलेगा राज्य का दर्जा : मोदी

- **मैंने 370 की दीवार गिराई तो आपने परिवारवादी नेताओं को आईना दिखाया**
- **आपका सपना, मेरा संकल्प, प्रदेश की नई और शानदार तस्वीर बनानी है**

उधमपुर। जम्मू-कश्मीर में भी बहुत जल्द विधानसभा चुनाव होंगे और जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। अब तक जो विकास हुआ है वह केवल ट्रेलर था, मुझे तो नए जम्मू कश्मीर की नई और शानदार तस्वीर बनाने में जुटना है। उक्त बातें शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उधमपुर जनसभा में कही। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

भारत के परमाणु हथियार समाप्त करना चाहता है इंडी गठबंधन

बाड़मेर। बाड़मेर की जनसभा में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम 400 सीट की बात इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आपने दस साल अच्छे काम करने से मुझे रोकने की कोशिश की। कहा, इंडी गठबंधन के दल देश से परमाणु हथियार खत्म करना चाहते हैं। बताएं किसके दबाव में आपका गठबंधन हमारी परमाणु ताकत को खत्म करना चाहता है।

पर्यटन और स्टार्टअप के लिए जाना जाएगा

जम्मू-कश्मीर अब पर्यटन के साथ स्टार्टअप के लिए जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास और विरासत विरोधी है। कांग्रेस और उनका गठबंधन राम मंदिर का विरोध करता रहा, तुष्टिकरण की राजनीति कर एक बड़े वर्ग को चिढ़ाता रहा। वर्षों तक लोगों ने अपनी ही आस्था के लिए क्या-क्या नहीं झेला। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेता बड़े-बड़े बंगलों में रहते थे लेकिन जब रामलला का टेंट बदलने की बात आती थी, तो लोग मुंह फेर लेते थे, अदालतों की धमकियां देते थे। राम मंदिर न चुनावी मुद्दा था, न होगा, ये मुद्दा तो भाजपा के जन्म से पहले का है। उन्होंने कहा कि जम्मू हो या कश्मीर अब यहां रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

विस चुनाव 30 सितंबर से पहले कराना केंद्र की मजबूरी : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि चुनाव 30 सितंबर से पहले होने चाहिए और ऐसा करना केंद्र की मजबूरी है। अगर प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले चुनाव कराया होता तो एक उपकार होता। अब केंद्र को सुप्रीम कोर्ट की तय समयसीमा का पालन करना होगा।

झारखंड पार्टी (एनोस) ने तीन लोस सीट पर उम्मीदवारों का किया ऐलान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड पार्टी (पूर्व मंत्री एनोस एक्का गुट) प्रदेश में छह लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी, जिसमें से तीन लोकसभा सीट के लिए पार्टी ने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। चाईबासा से चित्रसेन सिंकू, चतरा से दर्शन गंजू और हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा पार्टी के उम्मीदवार होंगे। यह घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद शुक्रवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में दी। अशोक कुमार भगत ने कहा कि पार्टी खूंटी, लोहरदगा और राजमहल से चुनाव लड़ेगी। खूंटी लोकसभा के लिए सभी संभावित उम्मीदवारों पर मंथन चल रहा है। लोहरदगा और राजमहल से पार्टी अभी इंतजार करेगी। राजमहल से पार्टी लोबिन हेम्ब्रम और लोहरदगा से चमरा लिंडा को समर्थन दे सकती है, यदि ये दोनों चुनाव लड़ते हैं तब, क्योंकि इन दोनों नेताओं की विचारधारा और लड़ाई झारखंड पार्टी से मेल खाती है। भगत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जुमलेबाजी में माहिर है। इन लोगों ने देश को बर्बाद करके रख दिया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। साथ ही प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार ने झारखंड को चार साल में सिर्फ लूटने का काम किया है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग स्थित गुरुद्वारा जाकर मत्था टेका। साथ ही कीर्तन में भाग लिया और गुरुबाणी सुनी। उन्होंने सभी को बैसाखी पर्व की भी शुभकामनाएं दी।

गुमला में 25 लाख लेवी मांगने वाले टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार, चार बंदूक बरामद

उग्रवादियों के पास से 315 बोर की चार राइफल, आठ एमएम की 86 गोली, दो मैगजीन, दो पिट्ठू और तीन मोबाइल जब्त

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें गुरदरी थाना के चोरकाखांड़ निवासी केश्वर लोहरा (36), गुमला थाना के सुगीटोली निवासी हीरा उरांव (36), घाघरा थाना के डुको निवासी नैका उरांव उर्फ छोटू (24) और लखीराम उरांव (35) शामिल है। इन उग्रवादियों के पास से पुलिस ने से 315 बोर की चार राइफल, आठ एमएम का 86 गोली, दो मैगजीन, दो पिट्ठू और तीन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

चतरा में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, दो शक्तिशाली बम को सुरक्षाबलों ने किया नष्ट

चतरा। चतरा में 20 मई को लोकसभा चुनाव होना है। इससे पूर्व एसपी और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट के संयुक्त निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

बाबा रामदेव के देशी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लड़ाई और भ्रामक विज्ञापन

सुनील बादल

कुछ वर्षों पूर्व भारत के उपभोक्ता और चिकित्सा बाजार में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकछत्र राज था और आयुर्वेदिक, यूनानी या हमदर्द जैसे उत्पाद सस्ते होते हुए भी देहाती, अवैज्ञानिक या देशी समझे जाते थे जबकि उनमें सर्वाधिक लोकप्रिय उत्पादों की तरह कृत्रिम रसायनों का प्रयोग नहीं होता था जिसके साइड इफेक्ट्स नहीं थे। पर जब बाबा रामदेव का सरल योग घर-घर पहुंचा तब बहुत से युवाओं को पता चला कि विदेशों में स्वस्थ रहने के लिए जो योगा किया जाता है वह प्राचीन भारत के ऋषि मुनियों में प्रचलित भारत की अपनी विद्या थी। जिन्हें योग से मोटापे और अन्य बीमारियों से राहत मिली वे इसके बड़े पैरोकार बने और मीडिया ने इसे बहुत कवरेज दिया जिसके बाद अलग से टीवी चैनल तक खुल गए जो दिन रात भारतीय प्राचीन योग और आयुर्वेद के साथ प्राकृत्रिक उत्पादों का प्रचार करने लगे। बाबा रामदेव इस मामले में खुले आम विदेशी या बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आलोचना करते। भारत में लस्सी और बेल के शर्बत जैसे हानिरहित घरेलू और सदियों से परखे हुए मन को तृप्त करने वाले शीतल पेय को लोग तुच्छ समझने लगे थे गांवों तक में इसका प्रचलन बंद था । देशी शीतल पेय के स्थान पर जब इन विदेशी उत्पादों की धूम मची थी । भारत के सबसे महंगे फिल्मी या क्रिकेट के सितारों से सजे तूफानी ठंढा, ये दिल मांगे मोर और डर के आगे जीत है जैसे टैग लाइन वाले बहुराष्ट्रीय उत्पादों के अतिरंजित और भ्रामक विज्ञापनों से भरे भारतीय बाजार में मचे चकाचौंध के मोहपाश में उपभोक्ता ऐसा फंसा था कि बच्चों तक को इसे पिलाने में गर्व का अनुभव करता था क्योंकि टीवी से लेकर मीडिया की सबसे बड़े विज्ञापनदाता तब यही कंपनियां थीं जिन्हें अपने आक्रामक मार्केटिंग से भारतीय उत्पादों की जगह लेनी थी । एक कोल्ड ड्रिंक में निर्धारित से अधिक मात्रा में कीटनाशक पाए जाने का मामला उछला फिर विलीन हो गया । एक विदेशी उत्पाद का विवाद भी ऐसा ही था । पर बाबा रामदेव की अगुवाई में जब बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तुलना में भारतीय उत्पादों का अभियान चला तो अनेक और भी बाबा और संस्थान आगे आए जिन्होने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाजार को बुरी तरह प्रभावित किया । उपभोक्ता मामले विभाग के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने और उन उपभोक्ताओं की रक्षा करने के उद्देश्य से 'भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम और भ्रामक विज्ञापनों के अनुमोदन के लिए दिशानिर्देश-

2022' को अधिसूचित किया है। दिशानिर्देश में इसका प्रावधान है कि में विज्ञापन में जिस भाषा का उपयोग कर दावा किया गया है, उसी भाषा में डिस्क्लेमर होगा और दावे में उपयोग किए गए फॉन्ट में ही डिस्क्लेमर दिया जाएगा। सीसीपीए किसी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए निमार्ताओं, विज्ञापनदाताओं और प्रचारक पर 10 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगा सकता है। इसके बाद फिर से उल्लंघन करने पर जुमार्ने की यह राशि 50 लाख रुपए तक हो सकती है। प्राधिकरण एक भ्रामक विज्ञापन के प्रचारक को 1 वर्ष तक के लिए कोई भी प्रचार करने से प्रतिबंधित कर सकता है और इसके बाद भी उल्लंघन के लिए निषेध की अवधि को 3 साल तक बढ़ाया जा सकता है। अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियां भ्रामक विज्ञापन विवाद में फंस चुकी हैं प्रसिद्ध ऑटोमोटिव ब्रांड वोक्सवैगन का अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) ने खुलासा किया कि वोक्सवैगन के कम-उत्सर्जन, पर्यावरण-अनुकूल डीजल कारों के दावे एक गलत थे। वोक्सवैगन ने एक समझौता कर मुआवजा देकर इसे निबटाने का प्रयास किया था पर रिकॉर्ड 10 अरब डॉलर जुमार्ना भरना पड़ा एफटीसी ने इसके सिर्फ आंशिक निपटान की घोषणा की । रेड बुल एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ऊर्जा पेय ब्रांड है वह भी विवाद में फंसा था । केलॉग कंपनी को अपने फ्रॉस्टेड मिनी-व्हीट अनाज के लाभों का झूठा विज्ञापन करने के लिए एफटीसी ने दोषी पाया कि ये दावे अतिरंजित थे। बहुराष्ट्रीय जॉनसन एंड जॉनसन उपभोक्ता वस्तुओं, चिकित्सा उपकरणों और फार्मास्युटिकल उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के लिए जाना जाता है। इसके सबसे प्रतिष्ठित उत्पादों में जॉनसन्स बेबी पाउडर है, जो दशकों से कई घरों में इस्तेमाल किया जाने वाला उत्पाद है। रॉयटर्स की जांच से पता चला कि कंपनी के टैल्क उत्पादों में थोड़ी मात्र मेन एस्बेस्टास पाया गया , जिसकी जानकारी जनता या नियामकों को नहीं दी गई थी। इसके कारण एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक प्रतिक्रिया और कानूनी लड़ाई हुई, जिसमें जॉनसन एंड जॉनसन को हजारों मुकदमों का सामना करना पड़ा, जिसने अंततः टैलकम आधारित पाउडर को बंद किया गया ।सौंदर्य प्रसाधन उद्योग में वैश्विक अग्रणी कंपनी लोरियल ₹सिर्फ सात दिनों में त्वचा में युवा त्वचा₹ दिखाई देने के दावों की एफटीसी की जांच में निष्कर्ष निकला कि लोरियल के दावे निरधार थे परिणामस्वरूप, $16,000 तक का भुगतान करना पड़ा । ऐसे बड़े ब्रांड को चुनौती देने वाले बाबा रामदेव को सर्वोच्च न्यायालय से सिर्फ क्षमा याचना करनी पड़ी जो मात्र चेतावनी है कि भविष्य में रोग ठीक करने के भ्रामक विज्ञापन न करें । पर गोरेपन की क्रीम फेयर एंड लवली और ऐसे अनेक विदेशी उत्पाद जो अतिरंजित विज्ञापनों से भारतीय उत्पादों को समाप्त करना चाहते हैं मौके की ताक पर हैं।

एक नजर

छिपकली के काटने से बुजुर्ग जख्मी, इलाज जारी

विश्रामपुर। छिपकली काटने से एक 58 वर्षीय बुजुर्ग बुरी तरह जख्मी हो गये हैं। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। बुजूर्ग व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर नप अंतर्गत पांडेयपुर निवासी इस्लाम अंसारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग घर में रखे गाय को खिलाने के लिए भूसा निकाल रहे थे। उसी क्रम में भूसे में मौजूद छिपकली ने उसे काट लिया। उन्हें परिजनों ने आनन-फानन में सीएचसी विश्रामपुर में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सको के द्वारा इलाज किया जा रहा है। मौके पर डाक्टर धीरज कुमार, डाक्टर मनोज थॉमस, ड्रेसर गौतम कुमार,आदित्य कुमार आदि की मौजूदगी रही।

बाइक से गिरकर युवक घायल

विश्रामपुर। गुरुवार को विश्रामपुर -इटको मुख्य मार्ग पर छिपादोहर गांव समीप अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक की पहचान छिपादोहर खुर्द निवासी 32 वर्षीय पप्पू यादव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने उसे रामचंद्र चंद्रवंशी अस्पताल नावाडीह में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको द्वारा युवक का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक द्वारा शहर से अपने घर जा रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू, खरना आज

सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पर्व होगा सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ। छठ व्रती स्नान कर घरों में गंगाजल लाकर पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया। 13 अप्रैल शनिवार को व्रती पूरे दिन निराहार रहकर शाम में खरना पूजा कर गुड़ से बने खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। वही 14 अप्रैल रविवार को व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगें। साथ ही 15 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण कर चार दिवसीय महापर्व को पूर्ण करेंगी। धार्मिक मतों के अनुसार खरना का प्रसाद ग्रहण करने से काया निरोग, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। भगवान सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। सूर्य की कृपा से घरों में सुख-शांति और समृद्धि में वृद्धि होती है।

पांकी विधानसभा की चुनाव कोर कमेटी की बैठक में चर्चा

मेदिनीनगर। पलामू नीलांबर-पीतांबरपुर लेस्लीगंज मंडल के पांकी विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता के मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधानसभा के चुनाव कोर कमेटी की बैठक भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा पांकी विधानसभा के प्रभारी पूर्व सांसद घूरन राम एवं डॉक्टर शशिभूषण मेहता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में उपस्थित हुए। इस बैठक में पलामू जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, प्रदेश महिला प्रवक्ता लवली गुप्ता, प्रदेश महिला महामंत्री मंजू लता, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शंकर गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विजय ठाकुर, चतरगुन राम, साधु मांझी, प्रेम सिंह, घुरन राम, सतेन्द्र यादव, सुनील पासवान, अरूण सिंह, शत्रुघ्न सिंह, अजीत प्रसाद गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी,लाला प्रसाद यादव, विजय पाठक, अरूण सिंह एवं सभी भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं अनेकों उपस्थित हुए एवं चुनाव संबंधी विस्तार से चर्चा की गई।

सड़क पर नहीं हो रहा पानी का छिड़काव

धूल उड़ने से राहगीरों का चलना हुआ दुभर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद शहर के जपला नबीनगर मुख्य मार्ग में जपला सिद्धनाथ गेट से सोनवर्षा, लोटानिया, एकौनी, होते हुए काजरात नावाडीह होकर दंगवार तक बनने वाली करोड़ों रुपए की लागत से सड़क का निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से साइकिल सवार, पैदल यात्री, बाईक सवार, सांस की बीमारी के मरीज व आस पास के पूरे क्षेत्र के लोग उड़ रहे धूल से काफी परेशान हैं। वहीं, सड़क निर्माण कर रही कम्पनी अपने फायदे के काम को छोड़ सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं कर रही है। उक्त सड़क से बिहार के नबीनगर, औरंगाबाद, अम्बा, कुटुंबा के अलावे झारखंड के काजरात, नावाडीह, भवनपुरा, एकौनी, अघेरिया कला, लोटनिया, पोखरापार, काकोरिया सहित दर्जनों गांव के लोगों को नियमित जपला से आवागमन रहता है। लोगों का कहना है की जपला नबीनगर मुख्य सड़क पर उड़ रही धूल ने धनबाद कोल फील्ड क्षेत्र में उड़ रहे डस्ट को भी फेल कर दिया है। क्षेत्र के लोगों ने नियमित पानी का छिड़काव करने की मांग की है, ताकि राहगीरों को राहत मिल सकें।

दुबटिया मोड़ से जपला- पथरा सड़क की स्थिति दयनीय

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित पीपरा प्रखंड के दुबटीया मोड़ से पीपरा बाजार होते हुए जपला पथरा रोड काफी जर्जर और बदहाल हो चुका है। वहीं सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से दो पहिया वाहन के साथ ही चार पहिया वाहन भी हादसों के शिकार हो रहे हैं। लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि गड्ढों से होकर वाहनों का परिचालन करना चालकों की विवशता है। ग्रामीणों ने बताया कि चार साल पहले ही तातेया कंट्रक्शन के द्वारा करीब 52 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया था। इस दौरान सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। इसे लेकर निर्माण कार्य के आरम्भ से ही ग्रामीणों ने कई बार सड़क की गुणवत्ता पर सवाल भी खड़ा किया था। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के संवेदक के साथ ही इलाकेभर के क्रेशर संचालक भी सड़क बदहाली के जवाबदेह हैं, जिनके द्वारा रात दिन सड़क पर गिट्टी, स्टोन डस्ट ओवर लोडेड हाईवा ट्रकों का बेरोकटोक परिचालन किया जाता है। इस कारण सड़क पर धूल की परत जम जाने से आवागमन के दौरान राहगीरों को परेशान होना पड़ता है।

सबसे परेशान हैं पैदल यात्री : वहीं, पैदल यात्रियों को आवागमन में सबसे अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। साथ ही सड़क खराब होने से मार्ग में वाहनों के गुजरने से हमेशा धूल उड़ती रहती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी खराब सड़क की मरम्मत नहीं की गयी। मार्ग से उड़ने वाले धूल से लोगों को राहत दिलाने जरूर पानी का छिड़काव किया जाता है, जो नाकाफी साबित हो रहा है। धूल के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी उत्पन्न हो रही है।

बढ़ती हुई गर्मी में ग्रामीण हुए परेशान जलमीनार के लिए दूसरा बोर कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मनातू /तरहसी। जिला के तरहसी प्रखण्ड क्षेत्र के गुरहा पंचायत के भरतपुर गांव में तकरीबन छह माह से पेयजल की कमी है। भरतपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलमीनार तो है, लेकिन जल मीनार में पानी नहीं है। ठेकेदारों के द्वारा सिर्फ दिखावा के लिए जलमीनार खड़ा तो कर दिया गया है, लेकिन उसमें एक बूंद भी पानी नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए कोसों दूर से पानी लाना पड़ता है। इस बात को लेकर भरतपुर गांव के सैकड़ो ग्रामीण ने नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि पीएचडी विभाग से जिस बोर में जलमीनार लगाया गया है; उस बोर में एक बूंद भी पानी नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि दूसरा बोर कर करा जल मीनार को चालू किया जाए, ताकि ग्रामीणों को पीने के लिए पानी मिल सके। इधर, ग्रामीणों ने पीएचडी विभाग के नाम से आवेदन तैयार कर विभाग को सौंपने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि यदि हमलोग की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय तक धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर धनंजयानंद भारती, उदय भारती, राकेश भारती, मुकेश भारती, सुदर्शन भारती, महेंद्र ग्री, शोभा देवी, राम बरन भुइयां, कांति देवी आदि सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

टेंपो व बाइक की टक्कर में युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। बीमोड़ मुख्यपथ पर जनता हाई स्कूल के सामने बाइक व टेंपो की भीषण टक्कर हो गई। जिसमे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान सीदे निवासी 22 वर्षीय मिराज अंसारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने बहन को पांडु छोड़ने आया थ और पांडु से वापस अपने घर सीदे जाने के क्रम में विश्रामपुर जनता हाई के समीप पहुंचते ही पीछे से तेज रफ्तार टेंपो ने धक्का मार दिया। टेंपो चालक घटना के बाद टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल बाइक सवार को सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सको द्वारा युवक का इलाज किया जा रहा है। मौके पर डाक्टर रोहित नाथ, फिरोज अंसारी, सतेंद्र कुमार, एएनएम ऋतु कुमारी, अनिता कुमारी सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी रही।

एक नजर

हुसैनाबाद में बह रही हैं भक्ति की बयार, संध्या आरती में जुट रहे हैं श्रद्धालु

हुसैनाबाद। पलामू के हुसैनाबाद शहर स्थित महावीर जी भवन परिसर में चैत्र नवरात्र को लेकर आयोजित रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन व दोपहर में मानस पाठ व शाम में प्रवचन से भक्ति की बयार बहने लगी है। रजवरिया निवासी आचार्य देवव्रत पांडेय के नेतृत्व में महायज्ञ प्रारंभ है। सहायक पाठ कर्ता सौरभ पांडेय, नवनीत मिश्रा, संजय पाठक, पियूष मिश्रा, शिवम पांडेय, महेंद्र पांडेय, संजीत मिश्रा, रविन्द्र मिश्रा, पवन मिश्रा आदि श्रद्धा से पाठ कर रहे हैं। संध्या आरती में काफी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आचार्य देवव्रत पांडेय ने कहा कि मानव जीवन भागम-भाग जीवन में सुख-शांति की कामना करता है। यहां अंतर्मन से शांति मिलेगी। इसके लिये अध्यात्म की शरण जरूरी है। मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक,महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, कामख्या नारायण सिंह, राजीव ठाकुर, उतम कुमार, राजेश सिंह, मुरारी अग्रवाल, संतोष कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता, सुबोध कश्यप आदि आयोजन में सक्रिय हैं।

पांच वर्षों तक कन्याओं के विवाह में स्टील ड्राम सेट बर्तन का वितरण किया जायेगा

पांकी। प्रखंड पांकी बस्ती काली मंदिर के तत्वावधान में पांकी पूर्वी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति प्रत्याशी मिथलेश पाण्डेय ने घोषणा की कि पांकी पूर्वी पंचायत के अगले पांच वर्षो तक कन्याओं के विवाह में स्टील ड्राम सेट वितरण किया जायेगा। इस कार्य की शुरूआत गुरुवार को बनखेता गांव में दो कन्याओं को स्टील ड्राम सेट उपहार स्वरूप देकर की गई। उपहार वितरण कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर मिथलेश पाण्डे ने कहा कि आपलोगों के आशीर्वाद से पांकी पूर्वी पंचायत के कन्याओं के विवाह में पांच वर्षों तक स्टील ड्राम सेट बर्तन उपहार स्वरूप वितरण करूँगा। ग्रामीणों ने इस नेक कार्य करने के लिए मिथलेश पाण्डे की सराहनी की। कार्यक्रम का संचालन सोनू गुप्ता ने किया। मौके पर त्रिभुवन पाण्डे, प्रमोद पाण्डे, किशोरी प्रसाद, सोनू गुप्ता ,सुनील प्रसाद, नारायण साव, गेंदा प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, बिजय सिंह, अमीन, विदेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

मानसिक रोगी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

विश्रामपुर। गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आकर रेहला थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी स्वर्गीय सुदामा विश्वकर्मा के पुत्र मानसिक रूप से कमजोर 26 वर्षीय पुत्र मंतोष कुमार की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेहला थाना और जीआरपी थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंच कर पोस्टमार्टम के बाद शव लेने पहुंच गए है।

पांकी विधानसभा का होगा चहुंमुखी विकास : अब्दुल

सगालीम। शुक्रवार को अब्दुल जब्बार को युवा आजसू का प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर सगालीम के मंटू ढाबा में भव्य स्वागत किया गया। मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक ने कहा कि पांकी विधानसभा का चहुंमुखी विकास सुदेश महतो के नेतृत्व में ही सम्भव है। उन्होंने ने कहा कि आज तक जितने भी प्रतिनिधि चुनकर आए, उन सभी ने सिर्फ अपनी कोठी भरने का काम किया है। वर्तमान सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को नौकरी को बेचने का काम कर रही है। युवा आज अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित है। इसका जवाब युवा वर्ग के लोगो ने आने वाले समय में जरूर देगी। आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में सुदेश महतो के नेतृत्व के अनुसार पार्टी का पिलर मेंबर बनाया जाएगा, जो पार्टी का काम स्तर पर नेतृत्व को संभालेंगे। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से राकेश पासवान, इमरान खान, एहतेशाम अंसारी, पंकज कुमार सिंह, गोपाल कुमार सिंह, रंजीत प्रजापति, राकेश सिंह, अभय कुमार अन्नत वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

मालगाड़ी की चपेट में आकर कार क्षतिग्रस्त, मौके पर पहुंची पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की देर शाम एक माल गाड़ी की चपेट में आने से एक स्वीट डिजायर कार बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही गढ़वा रोड से आरपीएफ की एक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रेक में फंसे कार को बाहर निकाला और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार लालगढ़ बस्ती से रेलवे ट्रेक पार कर डंडा को और जा रही थी। तभी रेलवे ट्रैक पर आ रही मालगाड़ी की चपेट आ गई। हालांकि कार चालक कार से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। मौके पर सब इंस्पेक्टर मुन्ना कुमार, मीना सहित पुलिस बल के कई जवानों की मौजूदगी रही।

चुनाव में ट्रेनिंग के लिए बीआरसी में नियुक्ति पत्र दिये गये

मोहम्मदगंज। लोकसभा आम चुनाव को लेकर ट्रेनिंग के लिए प्रखंड क्षेत्र के 55 पीठासीन, 106 प्रथम और 7-7 द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी को बीआरसी में नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। इनमें ब्लॉक और सर्किल ऑफिस के भी पदाधिकारी और कर्मी शामिल हैं। बताया गया कि इन्हें लोकसभा आम चुनाव के सुचारू रूप से संचालन और निष्पादन को लेकर 13 से 16 अप्रैल तक मेदिनीनगर में द्वितीय चरण के कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए इन्हें मूल रूप में नियुक्ति पत्र का तामिला करा दिया गया है। पीठासीन और प्रथम मतदान पदाधिकारी को एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल चियांकी और द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी को गिरिवर + 2 उच्च विद्यालय में तद्संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी।

सतबरवा में जेसीबी से हटाया गया अतिक्रमण

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा में शुक्रवार को सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया। 9 अप्रैल को सीओ व थाना प्रभारी ने मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया था। 9 अप्रैल को शांति समिति की बैठक में लोगों ने रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा में दुकानदारों द्वारा रास्ते का अतिक्रमण करने का मामला उठाया था, तत्काल एक्शन में आते हुए सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की तथा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का दो दिनों का अल्टीमेटम दिया था। समयावधि बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाये जाने पर शुक्रवार को सीओ व थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर जेसीबी के सहयोग से अतिक्रमण हटाया। बताते चलें कि रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर मेला टांड से पुराना बस पड़ाव तक मुख्य मार्ग का जमीन पर दुकानदारों के द्वारा बेधड़क दुकान लगा दी जाती है,इसके कारण दिन भर सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है है। मेला टांड में सड़क के अलावे साप्ताहिक बाजार का भी अतिक्रमण कर लिया गया है।

चुनाव हम सभी को दीदी को रखना है याद, चुनाव के बाद करना है कोई काम

सखी मंडल के महिलाओं ने चलाया जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू के हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायत में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ पर जेएसएलपीएस की सखी मंडल के दीदियों द्वारा वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बनियाडीह, पोलडीह व ऊपरी खुर्द पंचायत में सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं ने जागरूकता रैली, चुनाव पाठशाला तथा चुनाव मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया । इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी मतदातागण से अधिक से अधिक संख्या में 13 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान में भाग लेने की अपील की गई। कोई भी व्यक्ति चुनाव के दौरान अपने अधिकार से वंचित न हो; मतदान आपका अधिकार है; स्वच्छ और भयमुक्त मतदान करना आपका कर्तव्य है। मतदान के रोज पहले मतदान करें फिर, घर आकर जलपान करें का संदेश सभी ग्रामीण को दिया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कॉर्डिनेटर अंजनी कुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को खिलपर व मिडिल स्कूल बेनिकला में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में रविरंजन कुमार, संजीदा खातून,मुन्नी कुमारी, उमेश कुमार, रिंकी कुमारी,पूजा देवी समेत सखी मंडल के दीदी शामिल थे।

हुसैनाबाद में ईद मिलन समारोह का आयोजन

आपसी भाईचारा का पैगाम देता है ईद : छेदी खान

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी के आवास पर शुक्रवार को ईद मिलन समारोह का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्यासुद्दीन सिद्दिकी ने की। मौके पर जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि ईद आपसी भाईचारा को बढ़ावा देती है। इस मौके पर लोग आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते है। इस मौके पर ग्यासुद्दीन सिद्धिकी ने कहा कि हुसैनाबाद के नागरिक सामाजिक सद्भावना बनाए रखने के लिये कृतसंकल्पित है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैयद हसनैन जैदी,राजद नेता जाकिर अली ऊर्फ राज अली, मोहिउद्दीन अंसारी, समाजसेवी अमीन खान ,मनोज शर्मा,अजय प्रसाद गुप्ता, केदार सिंह, टिपू सुल्तान, पालेह, पत्रकार संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, जीतेंद्र रावत, विकास कुमार, टीपू सुल्तान समेत कई लोग मौजूद थे।

सुप्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार।

18वीं लोकसभा चुनाव में मतों का प्रतिशत हमें बढ़ाना चाहिए, क्योंकि मतदान हमारे जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, इसलिए मतदान अवश्य करें।

अनुज कुमार, सतगांवा हरिहरगंज, पलामू।

मानसिक रोगी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

मेदिनीनगर। गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन की समीप ट्रेन की चपेट में आकर रेहला थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी स्वर्गीय सुदामा विश्वकर्मा के पुत्र मानसिक रूप से कमजोर मनोष कुमार उम्र 26 वर्ष की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेहला थाना और जीआरपी थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई।

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान नहाय खाय शुक्रवार से जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शुरू हो गया है। छठ व्रतधारियों ने सबसे पहले स्नान कर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के बाद अरवा चावल,चने का दाल व कद्दू का सब्जी ग्रहण कर महापर्व का शुभारंभ किया। छठ व्रतधारी सुरेखा गुप्ता एवं शालिनी गुप्ता ने कहा कि जो भी निष्ठा भाव से विधिपूर्वक पर्व करता है। वह संतान सुख से कभी अछूता नहीं रहता। छठी मईया में इतना सत्य है कि मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। माना जाता है कि छठ पर्व पर संतान की सुख



समृद्धि और दीघार्यु की कामना के लिए सूर्य देव और षष्ठी माता की स्तुति की जाती है छठ महापर्व को लेकर डिमांड को देख बजारों में कद्दू 40 से 50 रुपए किलो बिक रहे है। शनिवार को खरना पूजा होगा। छठ पूजा में विशेष सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, जिनमें टोकरी, लोटा, फल, मिठाई, नरियल, गन्ना और हरी सब्जियां प्रमुख हैं। इसके अलावा दूध-जल के लिए एक ग्लास, शकरकंद और सुथनी, पान, सुपारी और हल्दी, अदरक का हरा पौधा, बड़ा मीठा नींबू, शरीफा, केला और नाशपाती का इस्तेमाल होता है। साथ ही कई लोग पानी वाला नारियल, मिठाई, गुड़, गेहूं, चावल और आटे से बना ठेकुआ, चावल, सिंदूर, दीपक और शहद भी प्रसाद के तौर पर देते हैं।

छत ढलाई के दौरान सिर पर ईंट गिरने से युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा-बारालोटा निवासी 25 वर्षीय मुकेश कुमार के सिर पर गुरुवार को छत ढलाई के दौरान ईट गिर गई, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां सिर में उनके आठ टांके लगे है। चोट की वजह से उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल के परिजनों ने बताया कि गुरुवार को मुकेश के घर में छत ढलाई का काम चल रहा था। इसी बीच अचानक छत से एक ईंट गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के बाद मुकेश को परिजनों द्वारा घर ले जाया गया है। चिकित्सकों ने उसका बेहतर इलाज करने का आग्रह किया है।

एक नजर

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान : रूचिर

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर प्राइवेट स्कूल के मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि पलामू जिले के लगभग सभी प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के नाम पर री एडमिशन, पब्लिक फंड, बिल्डिंग फंड एवं अन्य कई तरह के फंडों के नाम पर अभिभावकों से पैसा वसूला जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बच्चों के स्कूल ड्रेस कॉपी किताब भी खास दुकानों से खास ब्रांड के लेने के लिए कहा जाता है। साथ ही प्रतिवर्ष किताब और ड्रेस को भी बदल दिया जा रहा है।

पलामू पुलिस ने अवैध शराब फैक्ट्री का किया खुलासा, 350 ग्राम गांजा भी बरामद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब की खरीद बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा शुरू किए गए अभियान में गुरुवार की देर रात शहर थाना की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवब्रत पोद्दार और टीओपी तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सुदना में अवैध शराब पैकिंग का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने सुदना में मुरारी प्रसाद के घर से शराब,बोतल और पैकिंग का सामान बरामद किया है। अवैध शराब पैकिंग का यह धंधा काफी दिनों से चल रहा था। पुलिस की छापमारी अभियान में शराब तस्कर मौके से भागने में सफल रहे। शराब तस्कर उपेंद्र कुमार मेहता लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी का रहने वाला है। वह सुदना में मुरारी प्रसाद के घर में किराए के मकान पर रह कर अवैध शराब का धंधा करता था। पुलिस ने मौके से विभिन्न कंपनियों का शराब का बोतल, अलग-अलग ब्रांड का स्टीकर, नाईट गर्ल विस्की की दो बोतल के साथ 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी करने के साथ अवैध शराब तस्कर के नेटवर्क का पता लगाने में जुट गई है। हाल के दिनों में पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों में हड़कंप है। पुलिस की लगातार अभियान से शराब तस्करों की कमर टूट गई है।

शराब तस्करों के नेटर्वक को तोड़ा जायेगा : थाना प्रभारी

शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवब्रत पोद्दार ने बताया कि अवैध शराब खरीद बिक्री के विरूद्ध पुलिस द्वारा शुरू की गई कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। शराब तस्करों के नेटर्वक तोड़ने के लिए शहर थाना की पुलिस प्रतिदिन कार्रवाई कर रही है। अवैश शराब की खरीद बिक्री करने वाले तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चला रही है। छापातारी अभियान में शहर थाना पुलिस के अन्य जवान भी शामिल थे।

गृह कलह में युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी गांव निवासी 45 वर्षीय मजदूर प्रदीप पाल ने गुरुवार की शाम परिवारिक विवाद में जहर का सेवन कर लिया। खाने से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप पाल को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम प्रदीप पाल मजदूरी करके घर वापस आया और किसी बात को लेकर अपने घर के सदस्यों से झगड़ा करने लगा। इसी बीच गुस्से में आकर

वह घर में रखें भंटामार दवा खा लिया थाद्ध इसकी उसकी स्थिति गंभीर हो गई। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्य समिति की हुई घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की अनुसांगिक इकाई झारखंड प्रदेश की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। साथ ही इसे राष्ट्रीय कमिटी को भी अवगत करा दिया है। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के आयोजन के बाद बढ़ते कुनबे में सक्रिय, समर्पित चेहरों को स्थान दिया गया है। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश के मुख्य संरक्षक धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए एकजुट होकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाने काआह्वान किया है। पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में नवनियुक्त संरक्षक मंडल, एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी से अनुमोदित संरक्षक मंडल में मार्गदर्शक की भूमिका में कृष्णकांत चौबे, मनु प्रसाद तिवारी, बलराम पाण्डेय, भागवत मिश्रा, रतन कुमार पाण्डेय रहेंगे। वहीं देवेंद्र तिवारी नेतृत्व वाली प्रदेश कार्यकारिणी में आशुतोष पाण्डेय लकी को पुनः सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही मुकेश तिवारी को भी सचिव बनाया गया है। कोषाध्यक्ष पद पर राकेश पाण्डेय को फिर से नियुक्त किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष अनिल दुबे, सुशील तिवारी के अलावा त्रिपुरारी पाण्डेय, रमेश शुक्ला एवं प्रदीप दूबे को बनाया गया है। प्रवक्ता के पद पर संजय मिश्रा, मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सह कोषाध्यक्ष पद पर सुनील पाण्डेय लल्लू एवं सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर गोरख पाठक एवं सुधांशु पाण्डेय बने रहे। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि कुछ विभागों के प्रदेश अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं। महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेवारी अधिवक्ता सुधा पाण्डेय को दी गई हैं। वहीं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुजीत पाण्डेय सोनू, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विद्वान साहित्यकार मनोज ज्वाला को, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रवीण पाठक को एवं जय किशोर पाठक को विधि प्रकोष्ठ को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

आठ माह पीछे चल रहा एनपीयू का सत्र, छात्र परेशान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) का सत्र नियमित होने के बजाए लगातार पिछड़ता जा रहा है। वर्तमान में सात-आठ महीना पीछे चल रहा सत्र लोकसभा आम चुनाव के कारण और पिछड़ेगा। अप्रैल से जून तक प्रस्तावित एक दर्जन से अधिक परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। शिक्षकों व संसाधनों की घोर कमी के कारण गुणवतायुक्त पढ़ाई तो दूर सिलेबस भी किसी भी सत्र का एनपीयू में पूरा नहीं हो पाता है। साथ ही सत्र भी नियमित नहीं है जिसके कारण उच्च शिक्षा के लिए इस विश्वविद्यालय चुनने को मजबूर विद्यार्थियों को अन्य विश्वविद्यालयों में नामांकन के लिए कम से कम एक वर्ष का समय बर्बाद करना पड़ रहा है। एनपीयू के तत्कालीन प्रभारी कुलपति प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने लगातार परीक्षाएं संचालित करा रहे थे, ताकि विद्यार्थियों का सत्र नियमित हो सके। स्नातक सत्र 2023-27 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हो जानी चाहिए थी, परंतु अब तक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी। एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ एमके दीपक ने बताया कि अभी भी एनपीयू में विभिन्न कोर्स के 32 परीक्षाएं लंबित है। अब तक 27 परीक्षाएं ली गई है, जिसमें बहुत सारे परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है, किंतु अब भी कुछ परीक्षाओं का परिणाम नहीं प्रकाशित हो सका है। जिन परीक्षाओं का परिणाम जारी नहीं हो सका है, उस दिशा में एनपीयू का परीक्षा विभाग कार्य कर रहा है।

मारवाड़ी युवा मंच ने की मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बृहस्पतिवार को मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया एवं शोभा यात्रा के द्वारा इसका समापन किया गया। इस शोभायात्रा के साथ युवा मंच में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की। शोभा यात्रा में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बैनर वह छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। इसके अलावा एक हस्ताक्षर अभियान भी रखा गया, जिसमें 150 से ज्यादा महिलाओं व पुरुषों ने अपने हस्ताक्षर कर मतदान करने के प्रति संकल्प लिया। यह जुलूस गणपति धर्मशाला से शुरू होते हुए डाबर मोड ,पंचमोहन, आढ़त रोड, कनीराम चौक, हॉस्पिटल मोड़ होते हुए शहर के कई मार्गो से घूमते हुए साहित्य समाज चौक तालाब के पास समापन हुआ। इससे पूर्व गणपति धर्मशाला में मारवाड़ी समाज की महिलाएं अपने सांस्कृतिक व पारंपरिक त्यौहार गणगौर की पूजा धूमधाम से की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के विकास उदयपुरी सज्जन शंघई आलोक पंसारी, भरत सांवरिया, संदीप केजरीवाल, प्रभात अग्रवाल, दीपक नेमाला, गिरधारी गर्ग, केशव लाठ, श्याम पोद्दार, विमल उदयपुरी, पुनीत लाठ, अंकित तुलस्यान ,ललित तुलस्यान, हेमंत सोनी, कृष्ण श्रॉफ, राजेश अग्रवाल, विशाल महलका, विवेक सांवरिया, श्याम तुलस्यान सहित कई सदस्य एवं समाज की महिलाएं भी उपस्थित थी।

हिंदू नव वर्ष पर डॉ.केशव हेडगेवार को याद किया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। हिंदू नववर्ष के मौके पर शहर के सुदना गायत्री मंदिर के समीप मैदान में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार को याद किया गया। आरएसएस के सदस्यों ने डॉक्टर हेडगेवार की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और लोगो के बीच मिठाईयों का वितरण किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेता शान्ति पांडे ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने आरएसएस को स्वयंसेवकों के रूप में जाने जाने वाले निःस्वार्थ कार्यकताओं के एक अलग संगठन के रूप में स्थापित किया। उनके लिए समाज की सेवा 24 घंटे का काम है और कोई भी क्षेत्र संघ कार्यकताओं से अप्रभावित नहीं है। साथ ही बौद्धिक रूप से मुद्दों पर चर्चा करते हैं और शारीरिक व्यायाम करते हैं।

झामुमो महारैली की तैयारी को लेकर हुई बैठक

उलगुलान रैली के बाद भाजपा के होश उड़ जाएंगे: राजेन्द्र सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झामुमो पलामू द्वारा स्थानीय शांति पैलेस जेलहाता में रांची में आयोजित 21 अप्रैल को होने वाले न्याय उलगुलान महारैली के संबंध में बैठक हुई। साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने की। कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्दिकी ने किया। कार्यक्रम में महागठबंधन से पलामू की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां भी पहुंची थी, जिनका स्वागत झामुमो के नेताओं ने किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि झामुमो के कार्यकर्ता अब उलगुलान की तैयारी कर चुके हैं। अपने नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जेल जाने के वजह झामुमो के कार्यकताओं और आम जनता में बहुत आक्रोश है। रांची में हो रही उलगुलान रैली के बाद भाजपा के होश उड़ जाएंगे। पलामू से लगभग पंद्रह हजार कार्यकर्ता रांची रैली में भाग लेने जाएंगे। सभी प्रखंडों से ले कर पंचायत स्तर तक कार्यकर्ता रैली को ले कर जोश में हैं। साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी को

भारी बहुमत दिलाने का कार्य झामुमो करेगी। मौके पर उपस्थित गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि झामुमो का साथ महागठबंधन को पूर्ण रूप समर्थन से मिल रहा है। इस लोकसभा में चुनाव में महागठबंधन की जीत निश्चित है। इस बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता, चंदन सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी वरिष्ठ नेता अविनाश देव, अभिषेक सिंह, प्रदीप सिंह, बबलू सहनवाज, मन्नौवर जमां, इकबाल अहमद, अनुराग प्रताप सिंह, नवीन सिन्हा, शाहबाज खान, उमा सिंह, राजेश विश्वकर्मा बबलू सिंह। महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, सचिव संजू देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, सचिव छोटू त्रिपाठी, अल्पसंख्यक मोर्चा फजायाल अंसारी , सचिव नन्हे खान, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव फैजल खान, क्रीडा मोर्चा अध्यक्ष सुमित वर्मन, सचिव दीपक पाण्डेय, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, विशाल सिन्हा, मुकेश चौधरी, मिकु तिवारी, देवानंद भारद्वाज, रंजीत तिवारी, सचिन कुमार साथ ही सैकड़ों प्रखंड और जिला के पदाधिकारी मौजूद थे।

कार और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। किशुनपुर तरहसी मुख्य मार्ग लोईंगा गाँव के समीप वेगानार कार व मोटरसाइकिल में शुक्रवार शाम की जोरदार टक्कर में एक की मौत हो गई है। वहीं दूसरा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कार तरहसी की ओर से आ रही थी जबकि मोटरसाइकिल सवार किशनपुर की तरफ से जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही कार मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी,जबकि एक मोटरसाइकिल सवार बनखेता निवासी 25 वर्षीय सदन मेहता घायल और अरेदाना निवासी 21 वर्षीय विकेश भुइयां की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर किशनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज दलबल के साथ पहुंचे और घायल सदन मेहता को

इलाज के लिए डालटेनगंज सदर भेज दिया। वहीं कार लोईंगा का बताया जा रहा है। पुलिस कार और मोटरसाइकिल जब्त कर ओपी ले गई है।

चुनाव | जागरूक समूह में मतदान केंद्र के आस-पास के ही होंगे 32 सदस्य

'बैग' कर रहा है पलामू में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। यह बैग कोई स्कूली बच्चों का बैग नहीं है यह बैग किसी कंप्यूटर का बैग भी नहीं है। भारत के निर्वाचन आयोग ने हर एक मतदान केंद्र पर बैग की व्यवस्था का आदेश दिया है। पलामू जिला प्रशासन ने पलामू लोकसभा चुनाव के लिए अपने सभी 1796 मतदान केंद्रों पर एक-एक बैग बना रखा है। बैग यानि 'मतदान केंद्र जागरूक समूह'। प्रत्येक बैग का नेतृत्व उस मतदान केंद्र के बीएलओ यानी मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी करेंगे। इसके अतिरिक्त हर एक मतदान केंद्र जागरूक समूह में 32 सदस्य होंगे। यह 32 सदस्य उस मतदान केंद्र के आसपास के ही लोग होंगे, जिनमें आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, सहिया, पारा

शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, नर्स, एएनएम, जीएनएम आशा वर्कर, ग्राम रोजगार , पोषण सखी , कृषक मित्र, उस स्कूल के प्रधानाध्यापक , एनएसएस और उस क्षेत्र के गैर सरकारी संगठन के लोग रहेंगे। कार्मिक पोषण के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि पलामू लोकसभा सीट के 1796 मतदान केंद्रों पर बैग यानी मतदान केंद्र जागरूक समूह पूरी तरह क्रियाशील है। श्री कुमार ने बताया कि बैग के सदस्य लोगों को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने ने बताया कि पलामू जिले में मतदान की दो तिथियां है। एक 13 मई, जिसमें पलामू लोकसभा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे, जबकि दूसरी तारीख है 20 है। इसमें 17 लोकसभा सीट के लिए मतदान डाले जाएंगे। श्री कुमार ने आगे बताया कि पलामू लोकसभा के 1796 मतदान केंद्रों पर बैग के सदस्य मतदान बढ़ाने के प्रयास में लगे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में पलामू लोकसभा सीट के लिए 64 प्रतिशत ही वोट पड़े थे। जो राष्ट्रीय औसत और झारखंड राज्य के औसत से काफी कम रहा था। इस बैग यानी मतदान केंद्र जागरूक समूह से यह उम्मीद की इस बार मतदाता प्रतिशत बढ़ेगा। मतदाताओं के हर एक समूह इस बात का प्रचार-प्रसार कर रहा है कि मतदान के दिन मतदाता घर पर ना बैठे, बल्कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग प्रयोग करें।

शरारती तत्वों ने युवक को पीटा, स्थित गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रेड़मा में गुरुवार की दोपहर शरारती तत्वों ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुंदरिया गांव निवासी अनुज तिवारी के 21 वर्षीय नितिन तिवारी को शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा में गुरुवार की दोपहर मार पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसका मोबाइल लेकर भाग गए। घायल युवक नितिन तिवारी ने बताया कि कई महीनो से वह रेड़मा रमेश तिवारी के मकान में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। गुरुवार की दोपहर नितिन रेड़मा कुछ सामान खरीदने गया था। इसी बीच कुछ युवक कार से पहुंचे और नितिन को जबरदस्ती कार में बैठा कर उसे ले गए और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद घायल अवस्था में उसे कार से उतार कर सभी युवक भाग निकले। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद भी नितिन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके बाद अस्पताल से नितिन ने किसी व्यक्ति से फोन मांग कर इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपनी देखरेख में घायल नितिन का इलाज करवा रहे हैं।

कार्यों पर सख्त निगरानी रखने की मांग

हैदरनगर। पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के जपला से नवीनगर रोड में पानी का छिड़काव नहीं होने से आम नागरिक परेशान हैं। भाजपा नेता रवीन्द्र कुमार सिंह, विरेन्द्र सिंह, रामप्रवेश सिंह आदि ने कहा अनुमंडल कार्यालय के पास भी इस हद तक लापरवाही बरती जा रही है, यह दुखद है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को संबधित संवेदक पर नियम व प्राक्कलन विरुद्ध कार्यों पर सख्त निगरानी रखने की जरुरत है। क्षेत्र में कई छोटे-बड़े पुल-पुलिया का निर्माण करा दिया गया है परंतु पहुंच पथ नहीं बनाए जाने के कारण उसका सही उपयोग नहीं हो रहा है। आम राहगीर इसके कारण हमेशा परेशान रहते हैं। भाजपा नेताओं ने प्रशासन से शीघ्र पहल की मांग की।

एक नजर

मजदूरी करने गए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

केतार। केतार थाना क्षेत्र के परती गांव निवासी नकछेदी बैठा का पुत्र बबलू कुमार (20) वर्ष ने बुधवार की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बबलू दो माह पूर्व मजदूरी करने महाराष्ट्र के सोलापुर गया था। युवक ने फांसी क्यों लगाया इस का पता नहीं चल पाया है। युवक का शव देर रात तक गांव पहुंचने की संभावना है।

जाला गांव में पत्नी ने पति को शॉवल से मारकर किया घायल

गढ़वा । गढ़वा थाना क्षेत्र के जाला गांव में पत्नी ने अपने पति को शॉवल से मारकर घायल कर दिया। घायल जगदेव उरांव का पुत्र प्यारी उरांव बताया कि उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में प्यारी उरांव ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी सविता देवी घर में अपने पांच बच्चे को छोड़कर किसी को बिन बताए घर से निकल जाती है। इसके बाद वह 8 दिनों तक घर नहीं आती है। इस बात को लेकर उससे पूछताछ की, तो आक्रोशित होकर आपस में विवाद कर लिया। इसके बाद रात में घर से सोच करने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से शॉवल लेकर मारपीट कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे शुक्रवार की सुबह 3.00 उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

वाहन चेकिंग अभियान के तहत तीन लाख रुपये नकद बरामद

मेराल। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर गुरुवार के शाम एफ एस टीम लीडर अंचल अधिकारी यशवंत नायक तथा थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में मेराल थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 300000 नकद बरामद किया गया। उक्त मामले को लेकर अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने बताया कि बरामद किया गया पैसा मेराल के सीएसपी संचालक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता का है। विदित हो कि आदर्श आचार संहिता के तहत 50000 से अधिक नगद राशि लेकर आना जाना गैर कानूनी है। सीएसपी संचालक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता से बरामद राशि को अंचलाधिकारी द्वारा शुक्रवार को ट्रेजरी में जमा कर दिया गया है।

सरस्वती विद्या मंदिर में प्रांतीय विषय प्रमुख की बैठक आज से

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में दो दिवसीय प्रांतीय बिषय प्रमुख,संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजकों की बैठक 13-14 अप्रैल को आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा है कि बैठक में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव तथा विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी का मार्गदर्शन मिलेगा। बैठक में विद्या विकास समिति के पूर्णकालिक व झारखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, आचार्य, दीदीजी, संकुल संयोजक सहित लगभग 150 लोग उपस्थित रहेंगे।

200 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में हुए शामिल

भाई-भाई को आपस में लड़ाने वाली ताकतों को उखाड़ फेंकेगी जनता : मंत्री मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता



गढ़वा। जिले के रंका व चिनियां प्रखंड के 200 से अधिक लोगां ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। शुक्रवार को सभी लोगों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने जाति, धर्म एवं हिन्दू, मुसलमान के नाम पर नहीं बल्कि विकास एवं अपने हक, अधिकार के नाम पर वोट करने का संकल्प लिया। साथ ही कहा कि जो हमें आपस में बांटने एवं लड़ाने का काम कर रहे हैं वैसी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देंगे। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग स्वतः स्फूर्त पार्टी से जुड़ रहे हैं। साथ ही पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का वचन ले रहे हैं। आज तक राज्य के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, उंची जाति के गरीबों, मूलवासियों को सिर्फ छलने का काम किया गया है। झामुमो के नेतृत्व में सभी लोगों को पूरा हक एवं अधिकार मिल रहा है। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, पप्पू यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, परेश तिवारी, राजा सिंह, कुमार गुलाब सिंह, राजाराम सिंह सहित काफी संख्या में खरवार समाज के लोग एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से रंका प्रखंड के तेजू सिंह, सुदेश भुईयां, बंधन सिंह, लोभावन भुईयां, विरेंद्र भईयां, गुलाम भुईयां, चतुर्गुन सिंह, अवधेश कुमार, सत्यनारायण चौधरी, गुलाम भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, शिलवन्ती देवी, संतोष प्रसाद, सुरेश सिंह, मनोज सिंह, सीताराम सिंह, दलगीर सिंह, भानु प्रताप सिंह, बंशीधर सिंह आदि 200 से अधिक लोगां का नाम शामिल है।

4 वर्षीया अननी को सोनबरसा में सांप ने डंसा

गढ़वा । केतार थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी प्रवेश बैठा की 4 वर्षीय पुत्री अननी कुमारी की मौत शुक्रवार को हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अननी कुमारी को खेलने के दौरान उसे सांप ने काट लिया था। लेकिन इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिल पाने के कारण सांप काटे काफी देर हो गई थी। जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी, तो परिजन शक के आधार पर उसे झाड़ फूंक करने वालों के पास ले गए। जहां उसकी स्थिति और बिगड़ गई। तब झाड़-फूंक करने वाले ने उसे कहीं इलाज करने के लिए सलाह दिए। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे गंभीर स्थिति में भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

सूखी लकड़ी काटने को लेकर झगड़ा धारदार हथियार से गर्दन पर किया वार

रमना। मड़वनिया पंचायत के कोरगा ग्राम में शुक्रवार की सुबह करीब 6-7 बजे के बीच में पटिदारों में हुई खौफनाक मारपीट में एक ही परिवार के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मारपीट में घायल लोग साइकिल से रमना थाना पहुंचे। घायल की गंभीर स्थिति देखते हुए थाना द्वारा सीएचसी करचा भेजा गया। जहां चिकित्सक अभिषेक कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि अतिपिछड़ा कोरगा ग्राम में महुआ फल चुनने और सुखी लकड़ी काटने को लेकर एक ही परिवार के लोगो में झगड़ा इतना बढ़ गया कि वह खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। एक पक्ष के लोगों द्वारा दूसरे पक्ष को घातक हथियार से मार कर दो लोगो को घायल कर दिया। धर्मेन्द्र कुमार पिता वशिष्ठ भूयां को धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया गया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया और वशिष्ठ भूयाँ को सर पर मारा गया, जिससे वह घायल हो गया। घायलों का परिजन छप्पनजीरों कुमार बताये की घर के पास ही महुआ चुनने को लेकर झगड़ा हुआ जिसमें मेरे ही चाचा और चचेरे भाइयों शम्भू भूयाँ, चन्दन भूयाँ, ब्रह्मदेव भूयाँ श्रवन भूयाँ आदि में मिलकर टांगी से मेरे भाई और पिता को मारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे पुलिस अवर निरीक्षक कमलेश कुमार सिंह, पीड़ितों से पूछ-ताछ की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे सिलिदाग वार्ड 12के वार्ड सदस्य नें पीड़ित गरीब परिवार को एम्बुलेंस सेवा 108 में चढ़ाने में मदद किये और उनकी आर्थिक तंगी को देखकर अपने तरफ से सहयोग राशि दिये।

आलम अंसारी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

धुरकी । धुरकी थाना के अभियुक्त मिरचैया गांव के बिचकटवा टोला निवासी आलम अंसारी, पिता अली मोहम्मद अंसारी के घर धुरकी पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार ढोल नगाड़े के साथ इश्तेहार चिपकाया। गांव के ग्रामीणों के समक्ष धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार एवं केस के अनुसंधानकर्ता सब इंस्पेक्टर बिकू कुमार रजक ने दल बल एवं ढोल नगाड़ा के साथ अभियुक्त के घर पहुंच कर इश्तेहार चिपकाया तथा उसके घर एवं आसपास के ग्रामीणों से कहा की अभियुक्त आलम अंसारी जहां भी भाग कर रह रहा है उसे अविलंब आत्मसमर्पण करने को कहें यदि वह अब भी आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो कुर्की की कारवाई की जाएगी।

बीडीओ ने ग्रामीणों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

मेराल। प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के दरमियान गोवरदाहा चामा तीसरटेटूका सहित दर्जनों गांव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। आदमी जनजाति से संबंधित लोगों को मनरेगा अबुआ आवास एवं जन वितरण प्रणाली से मिलने वाली सहायता के लिए संपर्क कर सुविधा के बारे में जानकारी ली। इसके अलावे मनरेगा की बढ़ी हुई राशि 272 रुपया भुगतान हो रहा है कि नहीं इसका भी जायजा लिया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने बताया कि मनरेगा से बनने वाली सिंचाई कूप को खासकर मानसून से पहले तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि कूप सुरक्षित रह सके भ्रमण के दौरान संचालित सभी योजनाओं का जानकारी ली। मौके पर लाभुक को भुगतान के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इसी तरह तीसरटेटुका गांव में संचालित हो रहे मिड डे मील भोजन का भी निरीक्षण किया गया वीडियो ने बताया कि दो रोजगार सेवक अभिषेक कुमार दुबे और संजय ठाकुर अनुपस्थित पाए गए। उन्हें शो-कॉज दिया गया।

सीओ जसवंत ने बालू भरी ट्रैक्टर की ट्रॉली किया जब्त

डंडाई । बालू से जुड़े मामले को लेकर थाना क्षेत्र में सीओ जसवंत नायक की कार्रवाई निरंतर जारी है। गुरुवार को पुलिस बल के साथ पचोर पंचायत के सुवरजंघा गांव जा रहे थे। जहां पर अवैध तरीके से भारी मात्रा में उन्हें बालू डंप होने की जानकारी दी गई थी। इसी बीच उक्त स्थल पर पहुंचने से पहले ही विपरित दिशा से बालू लोड कर आ रही एक ट्रैक्टर पर उनकी नजर पड़ गई। वहीं ट्रैक्टर के पास पहुंचने से पहले ट्रैक्टर का चालक बीच रास्ते में किसी तरह अपनी ट्राली को पलट कर वहां से इंजन को लेकर भागने में सफल हो गया। उसके बाद ट्राली को अपने कब्जे में कर सीओ के द्वारा उसे थाना ले लाया गया। इस बीच ट्रैक्टर चालक और मालिक की पहचान नहीं हो पाने के कारण अज्ञात मालिक और अज्ञात चालक के साथ-साथ ट्रॉली पर केस दर्ज करने को लेकर उनके द्वारा थाना में आवेदन दे दिया गया। वहीं उनके लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी जनार्दन रावत के द्वारा अज्ञात ट्रैक्टर मालिक और अज्ञात चालक के साथ-साथ ट्रॉली पर भी केस दर्ज कर किया। बालू मामले में सीओ की ओर से सप्ताह दिन के अंदर थाना में तीसरी प्राथमिक की दर्ज कराई गई। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि सुवरजंघा गांव में भारी मात्रा में बालू डंप होने की जानकारी मिली थी। उसी जानकारी पर हम सभी उक्त गांव जा रहे थे लेकिन वहां पर पहुंचने से पहले ही विपरीत दिशा से बालू लोड कर आ रही एक ट्रैक्टर पर हम लोगों की नजर पड़ गई। इसी बीच हम लोगों को देख ट्रैक्टर का चालक बीच सड़क पर ही ट्राली को पलट कर अपने इंजन को लेकर भाग गया। तत्पश्चात सड़क पूरी तरह जाम हो गई। वहीं से उक्त ट्राली को अपने कब्जे में लेकर थाना भेज दिया। उसके बाद बालू डंप स्थल पर पहुंचा तो वहां पर कुछ भी नही मिला। सीईओ ने कहा कि थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार होता है इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू सूर्य नारायण वन में तैयारियां जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता

केतार। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने स्नान कर भगवान सूर्य की पूजा की। इसके पश्चात पवित्रता का ख्याल रखते हुए पीतल के वर्तन में कद्दू का सब्जी, बात और चना की दाल ग्रहण किए। शनिवार की शाम छठ व्रती खरना करेगी। खरना का खीर ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जायेगा। रविवार की शाम छठ व्रती छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूरी रात छठ घाट पर रहकर व्रत पूरा करेंगे। वही सोमवार की सुबह उदयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ छठ महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव के सूर्य नारायण वन में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, निगरानी समिति के रामेश्वर प्रसाद सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, नगीना बियार, दिपक वर्मा, रिशू सिंह, सहित अन्य के द्वारा तैयारियां जोरों पर शुरू कर दिया गया है। मंदिर परिसर और? छठ घाट की साफ-सफाई किया जा रहा है।छठ व्रतियों के स्नान के लिए झारना लगाया जा रहा है। मंदिर के संरक्षक व समाजसेवी बबलू सिंह के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर चुआड़ी की खुदाई व साफ-सफाई का कार्य भी चल रहा है। आस्था का केंद्र है सूर्य नारायण वन गढ़वा जिला के सुप्रसिद्ध सूर्य नारायण वन झारखंड के साथ - साथ सीमावर्ती बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल वासियों के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है। जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव स्थित सूर्य नारायण वन में चैती और कार्तिक छठ व्रत करने के लिए दो दिन पूर्व ही छठ घाट पर पहुंच जाते हैं। छठ के दिन मेला भी लगता है।

51 फीट ऊंचा है मंदिर का गुंबद

सूर्य नारायण वन के सूर्य मंदिर का भव्य निर्माण मंदिर विकास समिति के द्वारा ग्रामीणों के जन सहयोग से कराया जा रहा है। इस मंदिर का गुंबद 51 फीट का है, यह मंदिर रथ का अकार का है। इस मंदिर में 3.6 फीट की प्रतिमा स्थापित किया गया है।

न्यूज बॉक्स

चिनिया में हाथियों ने खपरैल घर को किया क्षतिग्रस्त घर के अंदर रखे अनाज को भी किया सफाचट

चिनिया । चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव के सरकी टोले में गुरुवार की रात दर्जनों जंगली हाथियों ने पहुंचकर गांव निवासी राधेश्याम पासवान के घर को तोड़ दिया। घर में रखे अनाज मकई महुआ बर्तन तथा अन्य सामान बर्बाद कर दिए मामले में पीड़ित परिवार ने बताया कि लगभग12.00 बजे रात एक दर्जन जंगली हाथी पहुंचे तथा घर को तोड़कर अनाज खाने लगे। तभी हम सभी लोग डर के मारे खपरैल घर के पटवत पर चढकर जान बचाए। अगर हम लोग नहीं छुपते थे तो कई लोगों को जंगली हाथी जान ले सकता था। मामले में पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों के द्वारा घर तोड़े जाने की जानकारी मिली है। जंगली हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। बताते चले कि पिछले 1 वर्ष से चिनिया थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का लगभग एक दर्जन झुंड विचरण कर रहा है। जिससे हमेशा आम ग्रामीण किसानों को भारी नुकसान कर रहा है जंगली हाथियों द्वारा अब तक सैकड़ो एकड़ में लगे फसल तथा कई घर बर्बाद कर चुके हैं तथा पूर्व में कई लोगों के जान भी ले चुका है।

बंद पड़े हैं जलमीनार, कैसे बुझेगी प्यास

विशुनपुरा (गढ़वा) । विशुनपुरा पंचायत के विशुनपुरा देवी धाम के समीप लगे चापाकल और उसमें लगे जलमीनार लगभग दो वर्षों से खराब पड़ा हुआ है ग्रामीण कई बार संबंधित पंचायत के मुखिया एवं सभी जनप्रतिनिधि को कहते कहते थक गए लेकिन अभी तक न चापाकल बना न उसमे लगे जलमीनार की मररमत की गई। आस पास के लोगो का कहना है कि इस चापाकल जलमीनार को खराब हो जाने से देवी धाम में पूजा करने जाने वालों व राहगीरों को काफी परेशानी हो रहा है। लोगो ने बताया कि अभी चैत्र की पूजा होना है साथ ही शादी व्याह का सीजन है लोग पूजा करने आते हैं प्यासे छटपटाने लगतें हैं कि पानी कहा मिलेगा।आस पास के ग्रामीण दो वर्षों से काफी परेसान हैं इस वर्ष कैसे श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को पानी मिलेगा इस आस में सभी चिंतित हैं। बताते चले कि अगर कहीं नया जलमीनार ग्रामीणों द्वारा मांगा जाता है तो मुखिया या अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा उसे तुरंत लगवा दिया जाता। लेकिन वह जलमीनार कहीं खराब हो जाए तो वहां के लोगो का कई जोड़ा चप्पल टूट जाएगा लेकिन वह जलमीनार नही ठीक कराया जाएगा।

लोगों ने सुनी शिव-पार्वती विवाह की कथा

मेराल। हासनदाग देवी धाम के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर वाराणसी काशी के मानस कोकिला पूज्यश्री किशोरी संजू उपाध्याय ने श्री राम कथा के तीसरे दिन शिव पार्वती विवाह की कथा का रसपान श्रद्धालु भक्तो को कराई। उन्होंने कहा कि, भगवान शंकर कथा पार्वती के विवाह में प्रकृति के हर जीवन का समन्वय तथा एक दूसरे पर निर्भरता को दिखाया गया ह । भगवान शंकर के बारात में भूत बेताल सर्प सर्प बसहा की सवारी प्रकृति के प्रत्येक जीवन का अनूठा समन्वय देखने को मिला जो वर्तमान जीवन में भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम की शुरूआत मानस पूजन से किया गया। इसके साथ ही काशी से आए विद्वान श्री श्री 1008 श्री विष्णु कांत पांडे के द्वारा श्री रामचरितमानस नवाह पारायण का पाठ किया जा रहा है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अविनाश कुमार चौबे उर्फ बिट्टू उपाध्यक्ष, मानदेव बैठा कोषाध्यक्ष, मानिकचंद चौधरी मुखिया, प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, देवी धाम कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन विश्वकर्मा बृजराज सहित काफी संख्या महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

नगर उंटारी मार्ग पर गढ़वा प्रखंड कार्यालय के पास ई-रिक्शा पलटने से चालक व युवती घायल

गढ़वा । नगर उंटारी मार्ग पर गढ़वा प्रखंड कार्यालय के पास शुक्रवार को ई रिक्शा पलटने से चालक सहित एक युवती घायल हो गई घायल युगती गढ़वा थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी विनोद राम का पुत्री सुषमा कुमारी बताया गया है उसे इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में सुषमा कुमारी ने बताया कि वह गढ़वा में रोड से ई रिक्शा पर बैठकर अपने घर जा रही थी इसी दौरान गढ़वा प्रखंड कार्यालय के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई इस घटना में ई-रिक्शा के चालक भी घायल हो गया घटना के बाद आसपास के लोगों ने सुषमा कुमारी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

पंचायत सचिवालय में मुखिया सुनेंगे लोगों की समस्या

डंडाई। प्रखंड के ग्रामीणों के वह दिन दूर नहीं जो गांव की सरकार का गठन को लेकर वोट के दौरान अपने-अपने मन में सपने पाल थे। बहुत ही जल्द उनकी समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि एक स्थाई जगह पर बैठने वाले हैं। वहीं से वे अपनी किसी भी तरह की समस्या को लिखित या मौखिक रूप में उनके पास रख सकते हैं। उसके लिए पंचायत सचिवालय का स्थान महत्वपूर्ण माना गया है। सप्ताह के एक दिन को छोड़ बाकी सभी दिन उनके लिए जन प्रतिनिधि पंचायत सचिवालय में बैठने का काम करेंगे। सप्ताह के दो दिन पंचायत सचिवालय बैठ मुखिया अपने पंचायत के लोगों की समस्या सुनने का काम करेंगे। जबकि उसके अन्य दिन वार्ड सदस्यों के साथ उप मुखिया भी ग्रामीणों की समस्या से रूबरू रूबरू होंगे। उसके अलावा सप्ताह भर में एक दिन राजस्व कर्मचारी भी पंचायत सचिवालय बैठ ग्रामीणों की समस्या को सुनने का काम करेंगे। इसी बीच मुखिया पंचायत सचिवों की मनमानी पर भी रोक लगाने का काम करेंगे। पंचायत सचिवालय में प्रत्येक दिन उनके द्वारा बनाए हाजरी को मुखिया सत्यापन करेंगे उसके बाद ही बीडीओ उन्हें वेतनमान की राशि भुगतान करेंगे। मामले को लेकर पंचायती राज विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। साथ ही उसका अनुपालन कराने को लेकर विभाग की ओर से बीडीओ को सख्त चेतावनी भी दी गई है। मामले में देखना दिलचस्प होगा की बीडीओ इस पर कितना गंभीर हैं और उनके द्वारा कितना जल्दी इसे अपने प्रखंड के धरातल पर उतरने का काम किया जाता है। काश इस पर तत्परता दिखा बीडीओ अगर मामले को प्रखंड के धरातल पर उतारने का काम करते हैं तो ग्रामीणों से जुड़ी कई तरह की समस्या मुखिया तक पहुंचना शुरू हो जाएगा।

मामला उत्क्रमित हाईस्कूल गरबांध का, बिजली न पानी, स्कूल की यही कहानी

स्कूल के विकास के लिए मिले एक लाख में घोटाले का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर । सरकार विद्यालय के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये पानी की तरह खर्च कर रही है। किंतु विद्यालय प्रधान की मनमानी के कारण सरकार के मंसूबे पर पानी फिर जा रहा है। विद्यालय के विकास के बजाय विद्यालय के प्रधान सरकारी राशि का घपला कर अपना विकास करने में जुटे हुये हैं। ऐसा ही मामला गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हाईस्कूल गरबांध से सामने आया है। यहां शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय विकास एवं खेल सामग्री के लिये मिले एक लाख रुपये का घपला किये जाने का मामला उजागर हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि विभाग की ओर से प्राप्त राशि का फर्जी तरीके से उपयोगिता प्रमाण पत्र भी बीआरसी केंद्र में जमा कर दिया गया है। जबकि विद्यालय में न तो बिजली है और न ही पानी है। विद्यालय का रूप सज्जा भी नहीं हुआ है। साइंस लैब भी अव्यवस्थित है। बच्चे अपने घर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे भारी अव्यवस्था के बीच पढ़ाई करने को विवश हैं। यहां बताते चले की शिक्षा विभाग की ओर से उत्क्रमित हाईस्कूल गरबांध को विद्यालय विकास के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये दिसंबर माह में 75 हजार एवं खेल के विकास के लिये 25000 कुल 1 लाख रुपये प्राप्त हुआ था। राशि मिलने के बाद विद्यालय प्रधान के द्वारा विद्यालय में कोई भी विकास का कार्य नहीं किया गया और न ही तो विद्यालय में कोई बेहतर कार्य किया गया।

क्या कहती हैं विद्यालय की प्रधान

इस संबंध में पूछे जाने पर उत्क्रमित हाईस्कूल गरबांध की प्रधान अर्चना कुमारी ने कहा कि विद्यालय विकास मद में प्राप्त राशि से विद्यालय का विकास किया गया है। खेल मद में मिले राशि से खेल सामग्री के लिये ऑर्डर दिया गया है। जल्द ही विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध हो जायेगा।

क्या कहते हैं बीईईओ

इस संबंध में पूछने पर बीईईओ विजय पांडेय ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

विद्यालय में क्या करना था विकास

शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय में विद्यालय विकास के लिये प्राप्त राशि से विद्यालय का विकास यथा शिक्षा सामग्री, विद्यालय का रंग रोगन, विद्यालय में बिजली, पानी एवं शौचालय की सुदृढ़ व्यवस्था आदि को व्यवस्थित तरीके से करना था। जिससे कि शिक्षा का मंदिर कहा जाने वाले विद्यालय चमचमाता रहे। किंतु विद्यालय प्रधान की लापरवाही के कारण विद्यालय के विकास में फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं किया गया। लिहाजा विद्यालय आज भी रंग रोगन के भाव में उपेक्षित है। विद्यालय में अध्यनरत बच्चे बिजली के अभाव में इस उमश भरी गर्मी में पढ़ाई करने को विवश हैं। विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चों को पानी पीने के लिये कोई व्यवस्था नहीं है। शिक्षक एवं बच्चे अपने घर से पानी लाकर विद्यालय में अपनी प्यास को बुझा रहे हैं।

नपं अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने उपायुक्त व विद्युत अभियंता को दिया आवेदन

मझिआंव (गढ़वा)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत भीषण गर्मी के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने गढ़वा उपायुक्त महोदय एवं विद्युत अभियंता को नियमित रूप से बिजली आपूर्ति के लिए आवेदन दिया है। ज्ञात हो कि विगत रात्रि 30 मार्च को तेज आंधी तूफान में भागोडीह, ललहे ट्रांसमिशन लाइन का चार टावर ध्वस्त हो जाने से विगत 15 से 20 दिनों से प्रखंड क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति 24 घंटे में लगभग 1 से 2 घंटे ही हो रही है। जिससे इस भीषण गर्मी से लोगों का आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। साथ ही पेयजल की भी समस्या उत्पन हो गई हैं। जबकि निकटवर्ती नगर निकायों में बिजली बेहतर रूप से आपूर्ति हो रही है। वहीं बिजली विभाग केवरिया पदाधिकारी ई महेश्वरम ने आश्वासन दिया कि कल से बिजली को बढ़ाया जाएगा। टावर निर्माण होने के पश्चात सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति की जाएगी। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार,अमित वर्मा,चिंटूजी, परिखाजी,पिंटू खान आदि लोग उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

वृद्ध एक हफ्ते से लापता

महुआडांड़ । थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तेवाही निवासी पवन सुबोध एक्का ने महुआडांड़ थाना में गुमशुदगी की सूचना देते हुए अपने पिता के बड़े भाई इग्नासियुस एक्का उम्र 73 वर्ष को ढूंढने में पुलिस प्रशासन की मदद मांगी। आवेदन देते हुए बताया कि दिनांक 5 अप्रैल दिन को रिश्तेदार के यहां शादी में जाने के लिए घर से निकले थे और नहीं लौटे। घर के सभी सदस्यों के द्वारा सभी रिश्तेदारों में पूछ कर देख लिया गया हर संभावित जगहों पर ढूंढने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उनका पता नहीं चल पाया।

सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी से जरहा होते सिंदुवारी बरहमपुर जाने वाली सड़क में बाइक दुर्घटना में शिक्षक घायल हो गए। घायल शिक्षक कन्हाचट्टी के कोल्हैया उच्च विद्यालय के प्रभारी कैलाश उरांव हैं। शिक्षक हजारीबाग से विद्यालय जा रहे थे। इसी बीच बघमरी के समीप बाइक अनियंत्रित हो कर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घायल शिक्षक को बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया।

जविप्र के दुकान से तीन क्विंटल राशन की चोरी

टंडवा(चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। गुरुवार देर रात कोयद गांव में संचालित जन वितरण प्रणाली की दुकान से चार क्विंटल राशन अज्ञात लोगों द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है। शांति समूह केंद्र की संचालिका फूल कुमारी के पति बजरंगी पासवान के अनुसार वितरण केंद्र में लगे ताला को तोड़कर तीन किंवटल चावल व एक क्विंटल गेहूं की चोरी हुई है।

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ

बालूमाथ। बालूमाथ बारियातू हेरहंज प्रखण्ड और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नहाय-खाय के साथ आज से लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ पूजा शुरू हुआ। छठ महापर्व साल में दो बार मनाया जाता है। एक कार्तिक मास में और दूसरा चैत्र मास में। बालूमाथ में बड़ी संख्या में व्रती चैती छठ अनुष्ठान करते हैं। भीष्ण गर्मी का समय होने के कारण चैती छठ व्रतियों के लिए ज्यादा कठिन होता है। चार दिवसीय अनुष्ठान के पहले दिन व्रती स्नान के बाद मिटी व ईट से बने चुल्हे में आम की लकड़ी जलाकर कद्दू-भात बनाती हैं। कद्दू-भात ग्रहण कर व्रत की शुरूआत करतीं हैं। दूसरे दिन शनिवार को खरना में खीर रोटी बनाती है तथा पूजा के बाद खीर रोटी प्रसाद के रूप में ग्रहण करती हैं। इसी के साथ शुरू होता है 36 घंटे का निर्जला उपवास। 14 अप्रैल को संध्या अर्ध्य व 15 अप्रैल को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के साथ पर्व का समापन होगा। इधर पूजा की तैयारी जोरों पर है। महापर्व की तैयारी में जुटे लोग शुद्धता का पूरा ख्याल रखते हैं।

अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर मोड़ से पुलिस ने शुक्रवार को अवैध रूप से बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। सभी जब्त ट्रैक्टर को थाना ले आया गया है। शुक्रवार को पुलिस ने कारवाई करते हुए अवैध रूप से लदे बालू सहित ट्रेक्टर को जब्त कर लिया। बताया गया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी दल के द्वारा शुक्रवार को अहले सुबह ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गई। बताया गया कि दो ट्रैक्टर इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज पंचायत के हुरनाली गांव का है तथा दो ट्रैक्टर गिद्धौर थाना क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत के घटेरी गांव का है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्राथमिक दर्ज नहीं हुई थी।

श्रीसंकट मोचन भवानी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

लातेहार । जिला मुख्यालय के जुबली रोड पर स्थित श्रीसंकट मोचन भवानी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शनिवार 13 अप्रैल से शुरू होगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनाने व इसे भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। सदस्य सीतेश कुमार ने बताया कि श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का तीन दिवसीय कार्यक्रम 13 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। कलश यात्रा सुबह साढ़े छह बजे मंदिर परिसर से निकलेगी और नगर भ्रमण करते हुए चाणक्य नगरी के औरंगा नदी छठ घाट पहुंचेगी। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक, लवकुश प्रसाद, रामानुज उपाध्याय, विजय प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, अनिल प्रसाद, विनोद अग्रवाल, सुनील कुमार शौंडिक, रितेश कुमार, सितेष कुमार, आनंद कुमार, गुड्डू कुमार, नीतेश कुमार, शिवम कुमार व मंटू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

गोष्ठी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर हुई विशेष चर्चा

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय व संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने किया। गुरु गोष्ठी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विशेष चर्चा की गई। जबकि बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई सही समय पर खिलाने की जानकारी भी दी गई। साथ ही साथ इसकी रिपोर्ट प्रत्येक दिन करने का निर्देश दिया। बैठक में संपर्क फाउंडेशन के द्वारा सभी विद्यालयों में एलईडी टीवी व सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की भी जानकारी दी गई। गोष्ठी में शिक्षक मनीष कुमार मनीष, ब्रजेश सिंह, उदय कुमार सिन्हा, सीआरपी राजकुमार राजू, नवनीत सिन्हा, उषा देवी, गेंदेश्वर उरांव आदि उपस्थित थे।

थाना प्रभारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पत्थलगड़ा(चतरा)। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने थाना क्षेत्र के कई सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण शुक्रवार को किया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। एसपी विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर थाना प्रभारी दलबल के साथ सुदूरवर्ती अति उग्रवाद प्रभावित मेराल पंचायत के कई मतदान केंद्रो में पहुंच कर संबंधित लोगों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सुदूरवर्ती गांवों के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया। निर्भीक होकर लोग मतदान करें। किसी भी स्थिति में असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्वक कराना पुलिस व प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।

शांतिपूर्ण वातावरण में सरहुल पूजा संपन्न होने पर बीडीओ व थानेदार ने पूजा समिति को दी बधाई

बारियातू । प्रखंड के राजी सरना पड़हा भवन नचना मे प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक के महापर्व सरहुल शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने पर पूजा समिति को बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम व बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने धन्यवाद दिया। पूजा समिति के सभी कार्यकत्ताओं को बीडीओ सह सीओ नंद कुमार व थाना प्रभारी राजा दिलावर ने सराहते हुए कहा की क्षेत्र से भारी आबादी मे लोग प्रखंड मे पहुंचे और अपने पुराने परम्परा के साथ ढोल मांदर के साथ ब्लॉक परिसर तक पुरे अनुशासनबद्ध तरीके से पहुंचे। किसी तरह का कोई परेशानी नहीं हुई बल्कि लोगों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग किया और विधिवत कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। इस तरह के भारी आबादी मे पहुंचे लोगों को पुलिस को नियंत्रण करने या किसी प्रकार कोई परेशानी नहीं हुई। पूजा समिति पुरे सजग के साथ अपने कार्य को निर्वहन किया। इसी तरह शांतिपूर्ण तरीके से कोई भी त्यौहार का मनाने के लिए अन्य लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

उपायुक्त कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

लातेहार । उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेयजल संबंधित, जमीन विवाद, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त महोदया ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

कॉन्वेंट स्कूल के समीप ऑटो के पलटने से एक दर्जन घायल

गुमला । गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित कॉन्वेंट के समीप औरतों के पलटने से ऑटो में सवार लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए घटना के बाद अफरा तफरी मच गई स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। घटना में करम डीपा निवासी अंजलि उरांव, यशोदा मिंज, गंगाधर उरांव, सुमंती कुमारी, अर्जुन उरांव, पूनम लकड़ा, यशोदा कुमारी सहित अन्य लोग घायल हो गए। जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी अरमई गांव से सरहुल पर्व मनाने गुमला आए थे। गुरुवार की शाम ऑटो बुक कर वापस अपने घर जा रहे थे। तभी कॉन्वेंट के समीप सामने से स्कूटी सवार दीपनगर के दो युवक से टक्कर हो गई इसके बाद ऑटो सड़क पर ही पलट गया। बताया जाता है कि ऑटो में क्षमता से ज्यादा सवारी चढ़ाया गया था और ऑटो में लाइट भी नहीं थी।

पुलिस ने महुआ पेड़ पर झूलते महिला का शव किया बरामद

बारियातू। थाना पुलिस ने शुक्रवार को सुबह फुलसु पंचायत के हिसरी ग्राम अंतर्गत खौरा टोला स्थित बांझी कुसुम के समीप जंगल में महुआ पेड़ के डाली में फांसी से झुलता एक महिला का शव को जब्त कर पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। जिस की पहचान हिसरी ग्राम निवासी मनोज गंझु की पत्नी मिना देवी (30) के रूप में किया गया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतीका मिना देवी अपने पति मनोज गंझु के साथ बीते मंगलवार को अपने मैके हेरहंज प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत जमुआ गाँव गई थी। सरहुल पर्व को लेकर गुरुवार को पति पत्नी दोनों घर लौट रहे थे,कि पति मनोज हेरहंज मे लगा मेला देखने के लिए रुक गया और मृतीका देवी , अकेले अपने घर हिसरी के लिए निकली थी।पर गुरूवार रात तक घर नहीं पहुंची।और शुक्रवार सुबह बांझी कुसुम जंगल के समीप महुआ पेड़ से झुलता हुआ शव को महुआ चुनने वाले ग्रामीणों ने देखा।जिस की सूचना थाना प्रभारी को दिया गया। मृतिका देवी का बीते एक वर्षों से दिमागी हालत खराब चल रहा था। थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि महुआ के पेड़ से झुलता एक? महिला का शव बरामद किया गया है। जिसे पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेजा गया है घटना के हर बिंदुओं पर चांज की जा रही है।

बीएड कॉलेज के समीप दो बाइक की हुई टक्कर दो लोग घायल, लाया गया सदर अस्पताल

गुमला। बीएड कॉलेज गुमला के समीप दो बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में इरावल डुमरी निवासी ज्ञानचंद तिग्गा और करम डीपा निवासी प्रवीण तिग्गा शामिल है। दोनों युवक एक ही बाइक में सवार होकर अपने एक मित्र को लेने करम डीपा जा रहे थे। तभी पीछे से एक बाइक सवार जोरदार टक्कर मारते हुए घटना स्थल से सिसई रोड की ओर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। घटना में बाइक चालक ज्ञानचंद तिग्गा को सिर चेहरा वह शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी। जबकि प्रवीण को हल्की चोट लगी।

विवेकानंद किशोर संस्थान ने की देवनद दामोदर के छठ घाट की साफ-सफाई

चंदवा। लोकआस्था का महापर्व चैती छठ को लेकर विवेकानंद किशोर संस्थान द्वारा देवनद-दामोदर नदी तट की सफाई की गई। समिति के सदस्य देवनद-दामोदर तट पहुंचे और नदी तट की साफ-सफाई की। व्रतियों की सुविधा हेतु पानी के ठहराव के लिए बांध का निर्माण कराया। वीकेएस के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बताया कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा देने के लिए संस्थान प्रयासरत है। संस्थान की ओर से व्रतियों के सेवार्थ नदी तट को सजाया और संवारा जा रहा है, नदी तट समेत मुख्य पथ के किनारे प्रकाश की व्यवस्था, नदी तट पर लज्जा गृह का निर्माण कराया जा रहा है। संध्या में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्ध्य के बाद तट पर आम श्रद्धालुओं के लिए संस्थान की ओर से लस्सी की व्यवस्था की गई है साथ ही उदयमान भगवान भास्कर को अर्ध्य के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का भी व्यवस्था की गई है। संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद साहू के साथ प्रेमशंकर भगत, अशोक सिंह जाडेजा, निर्मल शर्मा, राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद गुप्ता, संतोष साहू, मनोज सिंह पप्पू, महेंद्र प्रसाद साहू, मनोज सिंह, रवींद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुबोध कुमार, जयेश वरू, मोहिनीश कुमार, सौरभ कुमार, नीतिश कुमार तिवारी, नवीन सिंह ने छठ घाट की सफाई में अपना योगदान दिया।

रामनवमी का त्यौहार सभी लोग मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं : अरविंद होरेंग

महुआडांड़ नेतरहाट । नेतरहाट थाना परिसर में नेतरहाट थाना प्रभारी अरविंद होरेंग की अध्यक्षता में रामनवमी त्यौहार को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान थाना प्रभारी अरविंद होरेंग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी का त्यौहार सभी लोग मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। रामनवमी के जूलूस के लिए पहले जो जो रूट चाट तय किया गया है उसी रुट चाट के आधार पर जूलूस निकाले। जूलूस के दौरान आपके सहयोग के लिए पुलिस बल हमेशा तत्पर रहेगा। मौके उपस्थित विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने भी अपनी बात रखी। मौके पर बीकू प्रसाद बिट्टू प्रसाद राजू यादव गोपाल चौधरी मुखिया रेनू तिग्गा मुखिया उषा खलखो सत्तार अंसारी भोला साह तुलेश्वर सिंह ललित नाथ शाह मुसाफिर अंसारी धर्मेंद्र सिंह सुधा नगेसिया पु अनि अभिषेक कुमार सिंह श्याम नारायण राय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

मोबाइल मेडिकल यूनिट को एनटीपीसी सीजीएम ने दिखाई हरी झंडी

टंडवा (चतरा)। शुक्रवार को एनटीपीसी टंडवा परियोजना क्षेत्र के छः विस्थापित गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने हेतु आधुनिक उपकरणों से युक्त एक मेडिकल यूनिट वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस बावत प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एनटीपीसी सीएसआर के तहत उक्त सेवा तीन साल तक के लिए छः विस्थापित-प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने के उद्देश्य से एचआई प्राइड हेल्थकेयर एम्बुलेंस प्राइवेट लिमिटेड निविदा धारक के साथ एमओयू किया है। ताकि मृत्यु दर को कम करते हुवे मातृत्व व नवजात शिशु के स्वास्थ्य लाभ में अपेक्षित सफलता मिले। इस मौके पर सीजीएम स्वप्नेन्दु कुमार पांडा, सीजीएम ओएंडएम अजय कुमार शुक्ला, सीएमओ डॉ शिप्रा रानी समेत अन्य मौजूद थे।

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू
(जिला शस्त्र शाखा)
दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044 (आ)
Email Id: dc-pal@nic.in

प्रेस विज्ञप्ति

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के तिथि की घोषणा के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने हेतु पलामू जिलान्तर्गत वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिन्होंने शस्त्र जमा नहीं किया है तथा जिन्हें स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के आलोक में शस्त्र जमा करने से विमुक्ति प्रदान नहीं की गई है। पत्र निर्गत की तिथि से तीन दिनों (13.04.2024) के अंदर अपना शस्त्र संबंधित थाना अथवा वैध शस्त्र दुकान में जमा कराना तथा इसकी पावती रसीद संबंधित थाने में जमा कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उपरोक्त निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध अनुज्ञप्ति रद्दीकरण की एकतरफा कार्रवाई की जायेगी।

इसे अंतिम नोटिस समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू
सह–आर्म्स लाईसेंसिंग अथ्योरिटी,पलामू

PR 323751
Palamu(24-25).D

विनोद गंझू का ग्रामीणों ने किया स्वागत

टंडवा(चतरा)। टंडवा प्रखंड अंतर्गत मगध कोल परियोजना के विस्थापित नेता सह मासीलौंग निवासी विनोद गंझू छह वर्ष बाद हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद गांव पहुंचे। इससे पूर्व मासीलौंग समेत आस-पास के ग्रामीणों ने अपने नेता का रांची पहुंचकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेट किया। बताया गया की सीसीएल की मगध कोल परियोजना की शुरूवात मासीलौंग गांव से ही हुई थी। जिसमे विनोद गंझू की अहम भूमिका रही थी। दूसरी ओर ग्रामीणों के नेता को सलाखों के पीछे भेज दिया गया। मालूम हो कि टेरर फंडिंग के आरोप में विनोद गंझू छः वर्ष से जेल में थे।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी का मयूरहंड में किया गया स्वागत

मयूरहंड(चतरा)। चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह का मयूरहंड प्रखंड में शुक्रवार को भव्य स्वागत करने के साथ भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प कार्यकताओं ने लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यकताओं के साथ आम लोगों से मिलकर देश के विकास के लिए वोट करने की अपील की। इस दौरान पचमों मोड में विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी शिव कुमार सिंह व मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सांसद प्रत्याशी व विधायक का माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य रूप से स्वागत किया। तत्पश्चात भाजपा प्रत्याशी का काफिला करमा चौंक पहुंचा जहां मुखिया रामनाथ यादव के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ स्वागत कर चौंक भ्रमण कराया गया। इस दौरान प्रत्याशी श्री सिंह व विधायक ने मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद महेशा, मंझगावां, ढोढी, मंधैनिया, तिलरा, गांवों का भ्रमण कर लोगों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

आम सूचना
(प्रेस विज्ञप्ति)
ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाश नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है :–

(1) राज्य स्तर पर सम्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नं0 18003456502
(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मी का नाम एवं दूरभाश संख्या :–

क0सं0	कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम	अपेक्षित प्रखण्ड	मोबाईल नम्बर	शिकायत का समय
1	श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक	जिला के सभी प्रखण्ड	6206117078	कार्यालय अवधि में
2	श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक	"	9931557072	"
3	श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक	"	9939320302	"
4	श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर	"	6204854087	"
5	श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर	"	7209368126	"

(3) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मी एवं दूरभाष संख्या :–

क0सं0	कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम	अपेक्षित प्रखण्ड	मोबाईल नम्बर	शिकायत का समय
1	श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02 हेतु)	गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़	9693358878	कार्यालय अवधि में
2	श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी (अवर प्रमंडल, नगर उंटारी हेतु)	नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा	9939568084	"

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष अभियंता का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

क्र0सं0	प्रभारी का नाम/पदनाम	मोबाईल नं0	प्रशाखा का नाम	प्रखण्ड का नाम	पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम	मोबाईल नं0
1.	–	–	गढ़वा (ग्रा0)	गढ़वा एवं डंडा	धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता	9110019117
			रंका	रंका, रमकण्डा एवं चिनियां	श्री महाबीर प्रसाद	6200951319/ 9472711979
2.	मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा	8757494972	मेराल	मेराल एवं डंडई	–	–
			गढ़वा (शहरी)	गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना	श्री सिकन्दर प्रसाद	7050965555
			मझिऑव	मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी	विवेक कुमार रवि	7079376302
			भण्डरिया	भण्डरिया एवं बड़गड़	श्री अमर राज	8340672613
3.	श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी।	9661394979	नगर उँटारी	नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा	श्री आशीष खलखो	8210147568
			भवनाथपुर	भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी	श्री देवेन्द्र किस्कू	9905326654
			धुरकी	धुरकी एवं सगमा	श्री अजित रंजन	7764051098

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (ब्ददजतवस त्ववउ) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4 संसदीय आसन्न चुनाव के मतदान केन्द्रों पर अवस्थित नलकूपों के शिकायत को प्राथमिकता के साथ निश्पादन करेंगे।
5. नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें "

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.323760 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई

रामनवमी पर्व पर विधि व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा, पूर्व निर्धारित रूट के अनुसार ही जुलूस निकलेगा

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी, अखाड़ा अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य से प्रखंड स्तर पर किए गए शांति समिति बैठक की जानकारी ली गई। प्रखण्डवार अखाड़ों और संवेदनशील स्थानों की भी जानकारी ली गई। सभी ने बारी बारी से पूर्व में मनाये गए त्यौहारों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बैठक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी प्रखंडों के बीडीओ को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने स्तर से संवेदनशील स्थानों एवं अन्य स्थानों की निगरानी रख, यह सुनिश्चित करेंगे कि पर्व त्योहार में अप्रिय घटना न हो और सभी धर्म के लोग सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारगी के साथ त्योहार मनायेंगे। उपायुक्त ने रामनवमी पर्व को लेकर आपसी सौहार्द एवं शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि यह पर्व आस्था तथा पवित्रता के साथ मनाया जाता है। अगर इसमे लापरवाही पायी जाती है तो संबंधित के उपर नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पवन कुमार, अरविन्द, सुरेन्द्र, सन्नी राज, सिमरिया, वैभव सिंह, इंद्र कुमार, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, समिति के सदस्य समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

अनियंत्रित होकर महिला बाइक से गिरी, घायल

सेन्हा-लोहरदगा। थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ढोढ़ा के समीप बाइक से अनियंत्रित हो महिला गिर गई। जिसे महिला को दोनों पैर का घुटना व बाया हाथ का कलाई में हल्की चोटें लगी है। वही पति इब्राहिम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि हम दोनों पति पत्नी अपना बाइक संख्या सीजी 14 एम एस 8964 से पति पत्नी छतीसगढ राज्य के सिमा अन्तर्गत शंख टांगर टोली से अपना ससुराल लोहरदगा जिला अन्तर्गत हिसरी जा रहे थे। उसी दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट के समीप मेरी पत्नी हसीदा खातून फिसल कर गिर गई जिसे मामूली चोटें लगी है।

मरठिया गांव के राजू शुक्ला ने जहर खाकर की आत्महत्या

गढ़वा । गढ़वा थाना क्षेत्र के तिवारी मरठीया गांव निवासी कामेश्वर शुक्ला का पुत्र राजू कुमार शुक्ला 55 वर्ष ने शुक्रवार को जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में बताया गया कि राजकुमार शुक्ला आपसी घरेलू किसी भी बात को लेकर सल्फास नमक जहर खा लिए थे। इसके बाद उन्हें गंभीर स्थिति में परिजनों के द्वारा गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पनबशिया का नहीं है मतदाता सूची में नाम सीओ ने ली जानकारी

विशुनपुरा । हुरही गांव निवासी स्वः रामनारायण की पत्नी पनबशिया कुंवर उम्र 98 वर्ष की पहचान पत्र नहीं बनने के कारण वोट देने से वंचित। इसकी जानकारी मिलते ही विशुनपुरा अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने शुक्रवार को बृद्ध पनबशिया के घर पहुच कर मामले की जानकारी लिया। बीएलओ को बुलाकर तत्काल मतदाता पहचान पत्र के लिए परपत्र 6 भरकर वोटर आईडी के लिए रजिस्टेशन करवाया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में वोटर आईडी कार्ड बना कर दे दिया जाएगा।

चुनावी तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

डीसी ने वोटर अवेयरनेस गाइडलाइन की ली जानकारी, दिए आवश्यक निर्देश

चुनावी कार्यों से जुड़े कर्मचारी, पत्रकार, ट्रैफिक पुलिस आदि पोस्टल बैलेट का कर सकते हैं उपयोग

पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म 12 डी भरना होगा

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को चुनाव की तैयारियों के निमित विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। इस दौरान सर्व प्रथम उन्होंने निर्वाचन कोषांग अंर्तगत होने वाले खर्चों/व्यय से संबंधित एक्सपेक्टेड एस्टीमेटेड रिपोर्ट की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने बिंदुवार सभी चीजों पर होने वाले खर्चों से संबंधित जानकारी लेते हुए आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी एफएसट एवं एसएसटी में वीडियो ग्राफी कराने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस गाइडलाइन, कम्युनिकेशन प्लान, ट्रांसपोर्टेशन प्लान, कस्टमर केयर आदि से संबंधित विषयों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र, यूथ मतदान केंद्र जैसे यूनिक मतदान केंद्रों का भी गठन करने को कहा। इसके पश्चात उपायुक्त ने इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) से संबंधित समीक्षा की। इस बार चुनाव आयोग से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार वैसे लोग जो चुनावी कार्यों में लगे हैं तथा इस वजह से वे अपना मतदान देने अपने केंद्र में नहीं जा सकते हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसमें चुनावी कार्यों से जुड़े कर्मचारी, पत्रकार, ट्रैफिक पुलिस आदि वैसे मतदाता पोस्टल बैलेट का उपयोग करके अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। जिसके लिए उन्हें फॉर्म 12 डी भरने की आवश्यकता होगी। इसी क्रम में उपायुक्त ने अब तक प्राप्त हुए फॉर्म 12डी के आवेदनों की रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने 15 अप्रैल को होने वाले ईवीएम/ वीवीपीएटी के फर्स्ट रेंडमाइजेशन से सम्बन्धित तैयारियों को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उन्होंने अन्य कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सरहुल आदिवासियों का प्रमुख पर्व, प्रकृति की रक्षा करने से ही हमारी रक्षा होगी : रोहित उरांव

कैरो में सरहुल पूजा सह शोभायात्रा का हुआ आयोजन

लोहरदगा। शुक्रवार को कैरो प्रखंड के ग्राम कैरो में सरहुल पूजा सह शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे समाजसेवी , युवा नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव शामिल हुए। सरहुल कमिटी के द्वारा रोहित उरांव एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक पर्व सरहुल शोभा यात्रा का शुरूआत सरना स्थल पूजा के साथ किया गया । इस मौके पर रोहित उरांव कहा की सरहुल हम आदिवासियों का प्रमुख प्राकृतिक पर्व है, इसे फूलों का त्योहार, खद्दी और बाहा परब भी कहा जाता है यह पर्व नए साल की निशानी है इस पर्व में यह संदेश निहित है कि प्रकृति के बिना मानवजाति का अस्तित्व नहीं है। इस पर्व के माध्यम से प्रकृति प्रेम को बढ़ावा मिलता है, चूंकि वर्तमान परिपेक्ष में सरहुल प्राकृतिक पर्व की प्रासंगिकता अधिक बढ़ गई है पेड़ो की कटाई होने के कारण दिन प्रतिदिन पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है उसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ रहा है जिससे पर्यावरण असंतुलन एवं जलवायु परिवर्तन जैसी परिशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे बचाव के लिए सभी को प्रकृति की ओर लौटना पड़ेगा। प्रकृति की रक्षा करने से ही प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, बुधवा उरांव, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, आशीष उरांव, मंजन उरांव, टीला उरांव, प्यारी उरांव, रमेश उरांव, अन्य अतिथि उपस्थित थे।

सभी बीएलओ को 15 अप्रैल तक फॉर्म 6 भरकर जमा करने का दिया निर्देश

भंडरा । भंडरा सीओ दुर्गा कुमार ने बीएलओ के साथ बैठक कर किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में न छूटे यह सुनिश्चित करने का निर्देश बीएलओ को दिए। इसके साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा भी किया। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि लोकसभा के चुनाव में मतदाता सूची में सभी मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत आज बीएलओ के साथ बैठक कर 15 अप्रैल तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर देने का निर्देश सभी बीएलओ को दिया गया। सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं छूटे यह सुनिश्चित कर लेना है । इसके लिए 15 अप्रैल तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर देना है। स्विप कार्यक्रम के तहत दिए गए सभी निदेर्शों का पालन करते हुए मतदान की औसत हर संभव बढ़ाना है। इस क्रम में सभी बीएलओ के द्वारा बताया गया की स्विप कार्यक्रम के तहत प्राप्त निर्देश के अनुसार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। निर्धारित तिथि 15 अप्रैल के पूर्व फॉर्म 6 भरकर कार्यालय में जमा कर दिया जाएगा।

कैरो में सरहुल की रही धूम शोभायात्रा सह मेला आयोजित

कैरो / लोहरदगा । प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्राकृतिक का पर्व सरहुल पूजा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। प्रकृति का पूजा सरहुल पहान, पुजार व महतो के द्वारा सुबह सरना स्थल पर सरना,गंवादेवती धरती मां का आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया गया। पूजा के पश्चात साल बृक्ष के सरहुल फूल,अरवा चावल कलश में शुद्ध जल लेकर अखरा में झंडा पूजा करने के पश्चात देवी देवता पर फूल अछत अर्पण चढाने के बाद सभी घरो में प्रसाद वितरण किया गया। बताया गया कि यह प्रकृति का पर्व है इस सरहुल पूजा के माध्यम से आदिवासी समुदाय के लोक मानव जीवन को सुरक्षित करने के लिए प्राकृतिक का पूजा करते हैं और संकल्प लेते हैं कि हर सम्भव प्राकृतिक से किसी प्रकार का छेड़ छाड़ नही करंगे पर्यावरण को कभी दुसित नही होने देंगे।सरहुल पर्व हर वर्ष कैरो में वृहद रूप में मनाया जाता है। वहीं सरहुल पर्व के विभिन्न कार्यक्रम में परमेश्वर भगत बजरंग उरांव, बुधवा उरांव,लखन उरांव, किशोर उरांव, मनोज उरांव, धनपत उरांव,बीरेंद्र महली, तिला, विकाश, बाबूलाल उरांव, मनोज, सुरेंद्र उरांव, बीरेंद् उरांव,रंथू उरांव, किसान उरांव, सोमरा, एतवा उरांव, सत्यनरायण, शंकर आदि उपस्थित थे।

नरेश साहू हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करे प्रशासन : विहिप

लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को ज्ञापन पत्र सौंपकर विहिप सदस्य नरेश साहू उर्फ शिबू साहू हत्याकांड में शामिल लोगो की गिरफ्तारी की मांग की है। विहिप नेताओ ने कहा कि शिबू साहू की हत्या होना प्रशासन को अपराधियों द्वारा दी गई खुली चुनौती है। इसके हत्यारो को शीघ्र गिरफ्तार करें। जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि विहिप सदस्य कि निर्मम हत्या समाज भूल नहीं सकती, यदि विहिप सदस्य का खुले आम हत्या हो सकती है तो लॉ एंड ऑर्डर पर किसको भरोसा होगा। जिला मंत्री सतीश पाण्डेय ने हत्या की निंदा करते हुए दोषियों पर करवाई की मांग की। नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो ने कहा कि नरेश साहू समाज के स्तम्भ थे। मौके पर लाल ओंकार नाथ साहदेव, रंजीत कुमार साहू, रमेश चन्द्र, सचिन सिंघानिया, उमेश सिंह, रोहित वर्मा, चंदन गोप, महेन्द्र, अशोक, आशीष वर्मा एवं मनोज समेत अन्य मौजूद थे।

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के अलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 (सोमवार) को निर्धारित है। गढ़वा जिला अंतर्गत 080–गढ़वा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 081–भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों/सेक्टर पदाधिकारी के डिस्पैच तथा ई0भी0एम0 के लिए अस्थायी वज्रगृह का निर्माण श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में करने का निर्णय लिया गया है।

अस्थायी वज्रगृह के निर्माण हेतु इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 540/जि0निर्वा0, दिनांक 27.03.2024 एवं आदेश ज्ञापांक 571/जि0निर्वा0, दिनांक 30.03.2024 के द्वारा श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा के चिन्हित कमरों का अधिग्रहण किया गया है।

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वां का सम्पूर्ण परिसर एवं भवन (उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 13.04.2024 से दिनांक 06.06.2024 तक निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR.NO.323777 Election(24-25):D

स्टैटिक सर्विलांस टीम ने चलाया वाहन जांच अभियान

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है।उसी क्रम में शुक्रवार को जांच के दौरान एस आई अविनाश राम के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर झंडा,अवैध हथियार के अलावे गंजा,ब्राउन शुगर,चरस,शराब सहित अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का जांच किया गया।साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखें बैग थैला सहित अन्य चीजों का भी बारीकी से जांच करते हुए तलाशी लिया गया।तथा सन्देहास्पद व्यक्तियों पर चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। मौके पर दण्डाधिकारी के साथ एस आई अविनाश राम दल बल के साथ मौजूद थे।

भंडरा थाने में आचार संहिता का अनुपालन करते हुए रामनवमी पर्व मनाने का लिया गया निर्णय

भंडरा । भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने आकाशी गांव में आकाशी पंचायत के लोगों के साथ बैठक कर रामनवमी की त्यौहार को लेकर चर्चा किया. थाना प्रभारी के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि देश में लोकसभा का चुनाव होने वाला है इसे लेकर आदर्श आचार संहिता लगाया गया है आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सभी लोगों को करना आवश्यक है .इस क्रम में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आश्वस्त किया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए रामनवमी का त्यौहार मनाया जाएगा .इस क्रम में थाना प्रभारी के द्वारा ग्रामीणों से बातचीत करते हुए रामनवमी को त्यौहार को लेकर कई जानकारी प्राप्त किया एवं शांतिपुर पूर्ण माहौल में रामनवमी का त्यौहार मनाने का निर्देश स्थानीय लोगों को दिए. इस अवसर पर उप मुखिया रंजन उरांव, भैया लाल अजय नाथ चौहान, अभिषेक चौहान, अशोक कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

रामनवमी मेला कमिटी का पुनर्गठन, रवींद्र बने अध्यक्ष

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के चितरी महुआटोली साप्ताहिक बाजार स्थल में रामनवमी मेला स्थल में उपमुखिया सधनु लोहरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी रामनवमी मेले को लेकर नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें रवींद्र कुमार सिंह अध्यक्ष ,प्रकाश साहू व रोहित उरांव उपाध्यक्ष ,हीरा साहू सचिव, सकलदीप सिंह को सहसचिव, विकाश साहू को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। राजेंद्र साहू व राजकिशोर राम को मुख्य संरक्षक व साधनु लोहरा,धीरज पाठक को संरक्षक बनाया गया। वही मेला स्थल में सभी प्रकार के विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी अखाड़े से आने वाले टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में धर्मदेव मुंडा, प्रमोद साहू, मुकेश लोहरा, धीरज कुमार पाठक, संतोष सिंह बलसुन्दर महतो, राजू साहू, निखिल सिंह, सरोज सिंह, जयराम लोहरा, पंकज पाठक, बिपिन साहू, संजय लोहरा के अलावा सैकडों रामभक्ति शामिल थे।

समाहरणालय, लातेहार
(प्रशिक्षण कोषांग)

आदेश

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित लातेहार जिला अन्तर्गत नियुक्त मतदान दल के कर्मियों–पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी (P1, P2, P3) का पदवार प्रशिक्षण/निर्वाचन प्रशिक्षण (प्रथम चक्र) दिनांक 05.04.2024 से 09.04.2024 तक अयोजित किया गया था। सम्पन्न प्रशिक्षण मे विभिन्न प्रखण्डों के 36 मतदान कर्मी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे एवं प्रशिक्षण के क्रम में विभिन्न विशिष्ट कारणों से 20 मतदान कर्मियों का प्रति स्थानी नियुक्त किये गये है। उक्त दोनों कोटि के कुल 56 मतदान कर्मियों को प्रथम चक्र के प्रशिक्षण का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए प्रशिक्षण की तिथि 13.04.2024 कोपूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार निर्धारित किया जाता है।

निदेश दिया जाता है कि आयोजित प्रशिक्षण सत्र में अनिवार्य रूप से ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा–134 एवं भारतीय दण्ड विधान (आई0पी0सी0) की धारा–187 एवं 188 के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.323744 Election(24-25):D

महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व लोकगीत गाकर गणगौरजी का किया विसर्जन

18 दिनों से चल रही गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

लोहरदगा। मारवाड़ी समाज की काफी महिलाओं के द्वारा अपने परंपरिक राजस्थानी वेशभूषा के साथ गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं अपनी लोकगीत गीत गाते हुए ठाकुरबाड़ी तलाब गुदरी बाजार लोहरदगा में गणगौर जी की प्रतिमा को विसर्जन की। यह गणगौर पर्व होली के दूसरे दिन से अपने घरों पर कुंवारी लड़कियां अपने अच्छे मनचाहे वर की कामना को लेकर और नवविवाहित कन्या अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर अपने मायके में पहला गणगौर की पूजा अर्चना करती है, जो कि 18 दिनों तक चलती है। और उसके उपरांत मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने प्रामपरिक तरीकों से धूमधाम से विसर्जन किया जाता है। यह उत्सव लगातार राजस्थान में 18 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। समाज की महिलाओं के द्वारा काफी सुंदर एवं मनमोहक रूप से गणगौर जी के प्रतिमा को सजाया गया था। परंपरिक महागणगौर महोत्सव पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गणगौर जी की विसर्जन पर, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजली सर्राफ, दीपा पोद्दार, मंजू पोद्दार, नेहा अग्रवाल, अंकिता बंका, प्रची केडिया आदि शामिल थीं।

नहाय-खाय के साथ महापर्व चैती छठ शुरू

लोहरदगा। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। इस साल चैती छठ में श्रद्धालुओं में उत्साह भरा माहौल अधिक दिख रहा है। कुछ लोग अपने घर पर रहकर ही चैती छठ मना रहे हैं। चैती छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने नहाय-खाय के संकल्प के तहत स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। इसमें व्रती महिलाएं जलाशय में स्नान कर घर में कद्दू भात का भोजन बनाती है व इसी दिन से संकल्पबद्ध होकर महापर्व का उपवास रखती हैं। महिलाएं चार दिवसीय कठोर व्रत पुत्र प्राप्ति, रोग, शोक, भय आदि से मुक्ति परिवारिक सुख समृद्धि और मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए पूरे विधि विधान से छठ व्रत का पालन करती हैं। शनिवार को खरना में व्रती पूरे दिन उपवास कर शाम में भुवन भास्कर को षष्ठी माता की पूजा उपासना कर भोग लगा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद व्रती सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य की पूजा कर एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खायेंगे। इसके बाद जब तक चांद नजर आयेगा तभी तक वह जल ग्रहण कर सकेंगे और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार-निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदियों और तालाबों में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करेंगे।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
समाहरणालय, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)

आम-सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16.03.2024 को लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित अधिघोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही लातेहार जिला में 24x7 Distreict Control Room का गठन किया गया है। जहाँ का हेल्पलाईन नंबर 06565–247981 क्रियान्वित है।

2. लातेहार जिला में आम नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (MCC)/व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए cVIGIL एक ऑनलाईन एप्लिकेशन भी क्रियाशील है। यह App सतर्क नागरिकों को आदर्श आचार संहिता/व्यय उल्लंघन की घटनाओं को देखने के कुछ ही मिनटों के भीतर लाईव रिपोर्ट देने की अनुमति देता है। कोई भी नागरिक केवल एक तस्वीर क्लिक करके या एक वीडियो रिकॉर्ड करके ऐसी गतिविधियों का वर्णन करेगा और मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से अपलोड करेगा। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायत/सूचना अपलोड करते ही नियंत्रण कक्ष एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा सक्रिय होकर शिकायत की जाँच एवं कार्रवाई 100 मिनट के अंदर की जायेगी।
3. इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम के सत्यापन/बी0एल0ओ0/मतदान केन्द्र आदि से संबधित जानकारी DCC (District contact Center)के Toll free Number 06565-1950 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।
4. जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि चुनाव प्रचार के क्रम में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत अथवा मतदाता सूची/मतदान केन्द्र आदि से संबंधित सूचना प्राप्त करने हेतु उपरोक्त नम्बर/cVIGIL App पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR.NO.323745 Election(24-25):D

एक नजर

खंडोली डैम में अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ मिला

गिरिडीह। बेंगाबाद थाना इलाके के खंडोली डैम में शुक्रवार को अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ मिला। अज्ञात युवक को सबसे पहले डैम में स्नान को गए स्थानीय लोगों ने देखा और इसके बाद घटना की जानकारी थाना को दिया। इस दौरान पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई है। लेकिन मृतक कौन है और कहा का रहने वाला है। ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जबकि युवक का पता लगाया जा रहा है। शव डैम के ठीक पुल के नीचे तैरता हुआ मिला।

पुलिस ने वारंटी अभियुक्त सुभाष यादव को गिरफ्तार कर किया बिहार पुलिस के सुपुर्द

गिरिडीह। लोकायनयनपुर थाना क्षेत्र के थानसिंहडीह ओपी पुलिस ने बिहार के खैरा थाना के वारंटी अभियुक्त सुभाष यादव पिता जगदीश यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है कि थानसिंहडीह के ढोंगाचट्टी निवासी सुभाष यादव बिहार के खैरा थाना में वर्ष 2012 के कांड में नामजद अभियुक्त था। उसके विरुद्ध जमुई न्यायालय से वारंट व कुर्की जब्ती भी निर्गत था। वह लम्बे समय से फरार चल रहा था, इसी बीच गुप्त सुचना के आधार पर थानसिंहडीह ओपी प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में उसे गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद जमुई पुलिस को सौंप दिया गया। बताया गया कि सुभाष यादव हत्या व नक्सल कांड़ों में पहले भी जेल जा चूका है।

मोटर साइकिल की डिक्की से 1 लाख 51 हजार रुपए नगदी जब्त

गिरिडीह। गांडेय थाना क्षेत्र में थाना के पास वाहन जांच के क्रम में शुक्रवार को पुलिस द्वारा मोटर साइकिल के डिक्की से 1लाख 51 हजार रुपए नगदी पाया गया। जिसे गांडेय थाना पुलिस ने जब्त कर लिया है । मामले को लेकर थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने कहा कि वाहन जांच के क्रम में एक मोटरसाइकल के डिक्की से 1लाख 51हजार नगदी पाया गया है जिसे जब्त कर लिया गया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

युवक पर लगा नाबालिग किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप

गिरिडीह। एक नाबालिग किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बहला - फुसला कर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है। जबकि आरोप गांवा थाना क्षेत्र के दूसरे समुदाय के एक युवक पर है। शुक्रवार को किशोरी के परिजनों ने तिसरी थाने में आवेदन देते हुए उक्त युवक पर किशोरी को बहला - फुसला कर भगाने का आरोप लगाया है। फिलहाल तिसरी पुलिस जांच में जुटी है।

चार लोगों की हत्या के आरोपी को कोर्ट दोषी करार दिया

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के पोटका थाना क्षेत्र स्थित सोहदा पंचायत के पाथरभांगा टोला चाटानी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या करने के आरोपी बोस्को टुडू को जमशेदपुर कोर्ट ने दोषी पाया है. शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 2 आभाष वर्मा ने बोस्को को दोषी करार दिया। कोर्ट 26 अप्रैल को सजा की बिंदू पर सुनवाई करेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने पैरवी की। राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 13 लागों की गवाही हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया है।

बालू तस्करों एवं ग्रामीणों ने सीओ और थाना प्रभारी को बनाया बंधक

- बंधक बनाए जाने के बाद पुलिस की छावनी में तब्दील हुआ चानो गांव
- अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची

राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता बिरनी गिरीडीह

बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत चानो में शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे बालू तस्कर बराकर नदी से बालू उठाव कर ले जा रहे थे इसी दौरान छापेमारी करने गए स्थानीय सीओ सारांश जैन ने 4 ट्रैक्टरों एवं एक चालक को बालू के साथ पकड़ लिया। ट्रैक्टर पकड़ने की सूचना पर दर्जनों ग्रामीण उक्त स्थल पहुँच गए। स्थानीय लोगों ने सीओ से चालक को छोड़ने की बात कही। चालक को नहीं छोड़ने पर अधिकारी को ग्रामीणों द्वारा घेर लिया गया। सीओ सारांश जैन ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राजीव कुमार को दी तब बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार एवं भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पहुँचे तभी बालू तस्करों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने सभी को घेरकर बंधक बना लिया और कहा तब तक नही जाने देंगे जब तक वरीय पदाधिकारी नही आएंगे। उन्होंने घटना की जानकारी बगोदर-सरिया अनुमंडल पदाधिकारी विपिन दुबे को दी । तभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनन्जय राम, सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे । सीओ सारांश जैन ने बताया कि वह अवैध बालू उठाव कर रहे लोगों को पकड़ कर ले जा रहे थे परन्तु ग्रामीणों ने इन्हें छोड़ने का दबाव बनाने लगे। ग्रामीणों की बात नहीं मानने पर वे लोग मुझसे ही उलझने लगे। उन्होंने बताया कि सीताराम सिंह समेत कई लोगों ने मेरे साथ बदसलूकी एवं हाथापाई करने लगे । हालांकि सीताराम सिंह ने आरोप स्वीकार नहीं किया, इन्होंने इसे बेबुनियाद बताया। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया । मौके पर बिरनी पुलिस,भरकट्टा ओपी पुलिस एवं सरिया पुलिस पहुंची बावजुद ग्रामीणों ने सीओ के साथ अन्य अधिकारियों को बंधक बना लिया । बाद में सरिया बगोदर एसडीपीओ धनन्जय राम भी पहुंचे लेकिन ग्रामीणों ने किसी की नहीं सुनी। मामला ठंडा नहीं होते देख सरिया बगोदर एसडीएम विपिन कुमार दुबे मौके पर पहुंचे । उनके आश्वासन से ग्रामीणों ने अधिकारियों को मुक्त किया । उन्होंने 10 ग्रामीणों को अनुमंडल कार्यालय वार्ता के लिए बुलाया । उन्होंने कहा अधिकारी अपना काम कर रहे हैं उन्हें काम करने देना चाहिए यदि कोई शिकायत था तो ग्रामीणों को वरीय पदाधिकारी से संपर्क करना चाहिए था ।

लोकसभा चुनाव को लेकर मैथन में बनेंगे चार हेलीपैड

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैथन में चार हेलीपैड बनाए जाएंगे। सुरक्षित हेलीपैड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने गुरुवार को हेलीपैड के लिए सुरक्षित जगह चयन के लिए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने बताया कि मैथन में चार स्थानों को चिह्नित किया गया है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके बाद जिले की टीम स्थलों का फिर निरीक्षण करेगी। उन्होंने बताया कि मैथन डैम छठघाट के पास गोगना मैदान में दो, स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने मैदान में एक और मैथन एरिया नंबर चार के क्लब मैदान में एक हेलीपैड के लिए स्थान चिह्नित किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान इन हेलीपैड पर वीवीआईपी व राजनेताओं का हेलीकॉप्टर लैंड करेगा।

ट्रक और स्कॉर्पियो में जबरदस्त भिड़ंत, एक घायल

तोपचांची। तोपचांची थाना क्षेत्र के तोपचांची बाजार स्थित एनएच में शुक्रवार अहले सुबह ट्रक और स्कॉर्पियो में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी. इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्ति को गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद एनएच एंबुलेंस से घायल व्यक्ति को एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। तोपचांची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिहार से धनबाद जा रही थी स्कॉर्पियों

घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एनएच में एक ट्रक को टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो में चार लोग सवार थे। लेकिन हादसे में सिर्फ चालक को चोट आयी है। बाकी तीन लोग सुरक्षित हैं। स्कॉर्पियो सवार सभी लोग बिहार से धनबाद जा रहे थे। इस हादसे में स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

न्यूज बॉक्स

बोकारो में निमार्णाधीन पुल के जेसीबी मशीन चालक की नक्सलियों ने की पिटाई

बोकारो। चतरोचटी थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित बडकी सीधावारा पंचायत के खखंडो गांव के समीप बीती रात मोतियानाला में निमार्णाधीन पुल के काम में कार्यरत जेसीबी मशीन के चालक की नक्सलियों ने पिटाई कर दी। बताया जाता है कि गुरुवार रात नक्सलियों का जत्था हथियारों से लैस पुल के पास पहुंचा और मुंशी को खोजने लगा। मुंशी के पुल के पास नहीं रहने पर जेसीबी मशीन चालक वहां पर मौजूद था। नक्सलियों ने उससे मुंशी से बात कराने को कहा और उसे खोजने लगे तो चालक ने बताया कि मेरे पास मुंशी का नंबर नहीं है और ना मैं जानता हूं। इसी पर नक्सलियों ने उसकी लाठी से पिटाई कर दी। घटना के बाद नक्सली वहां से चेतावनी देते हुए अन्यत्र जगह चले गये। नक्सलियों की संख्या सात-आठ के करीब थी। जानकारी के अनुसार पुल का निर्माण लगभग समाप्ति की ओर है। इस संबंध में बोकारो जिला पुलिस को सूचना मिली तो जिला पुलिस बल के जवान और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की जांच-पड़ताल की और उसके बाद नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। इस संबंध में शुक्रवार को बोकारो के एसपी ने कहा है कि पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि मारपीट करने वाले नक्सली थे या कोई और है।

अन्नपूर्णा देवी ने गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चलाया जनसंपर्क अभियान

गिरिडीह। कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके जनसंपर्क अभियान चलाया । इस दौरान सांसद ने महेशमुंडा, कोरीडीह, मरगोडीह, दासडीह, मोहनडीह, बेलडीह, मोहदा मोड़, बुधुडीह सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया । जनसंपर्क अभियान में उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील किया । जनसंपर्क अभियान के दौरान दौरान दासडीह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव में आप सभी बढ़-चढ़ कर भाग ले। सांसद ने कहा कि केन्द्र की सरकार में नरेन्द्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बनकर देश में कई योजनाओं को चलाया। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री की विदेश नीतियों के कारण भारत विश्व का प्रतिनिधि कर रहा है। कोरोना काल में देश का कोई भी व्यक्ति भुखा नहीं रहे, इसके लिए प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरूआत की। सांसद ने ग्रामीणों को कोडरमा लोकसभा में और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कमल फुल छाप में वोट देकर विजय बनाने का अपील किया । कार्यक्रम में गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा को समर्थन देने की अपील की।

खंडोली डैम में युवक की तैरती मिली लाश

गिरिडीह। जिले के खंडोली पर्यटन स्थल में शुक्रवार को डैम में एक लाश तैरते देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर बेंगाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डैम से निकालकर कब्जे में लेते हुए आगे की प्रक्रिया में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए लोगों की नजर डैम में तैर रही लाश पर गई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मृतक के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद आत्महत्या या हत्या को लेकर भी चचाएं हैं। हालांकि अब मृतक का शिनाख्त होने के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठ पाएगा। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

छात्र-छात्राओं ने धनबाद के मतदाताओं से की सशक्त लोकतंत्र निर्माण की अपील

धनबाद। नगर आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग रविराज शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को एसएसएलएनटी महाविद्यालय, जिला स्कूल एवं प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता को लेकर एक रैली निकाली. रैली को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, एसएसएलएनटी की प्रधानाचार्या अंजना महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसएसएलएनटी महाविद्यालय परिसर से निकली रैली नगर निगम, मिश्रित भवन, सिटी सेंटर आदि होते हुए वापस मिश्रित भवन परिसर में रुकी। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रही थी। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा और मतदान, अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम मतदान, भारत भाग्य विधाता है। हम युग के निमार्ता हैंङ्क हमसे ही यह देशङ्कचले हम मालिक मतदाता हैं, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार जैसे स्लोगन लिखे थे। इस दौरान मिश्रित भवन परिसर में सभी छात्रों को शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव तिथि में बदलाव, अब 10 मई को मतदान

जमशेदपुर । जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव तिथि में बदलाव किया गया है. पूर्व घोषणा के मुताबिक 20 अप्रैल को मतदान होना था, जिसे बदलकर अब 10 मई कर दिया गया है। मतदान सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक होगा। शाम 6 बजे से मतगणना कार्य आरंभ होगा। उसके बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। यह जानकारी चुनाव पर्यवेक्षक अमर सिंह और धर्मेंद्र नारायण ने दी। उन्होंने बताया कि अपरिहार्य कारणों से चुनाव की तिथि में बदलाव किया गया है। पर्यक्षकों ने बताया कि 15, 16 और 18 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक नॉमिनेशन फार्म की बिक्री होगी। 20 अप्रैल को जमा किये गये फार्म की स्क्रूटनी की जायेगी। 23 अप्रैल को स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जायेगी। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। 25 अप्रैल को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 10 मई को सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक मतदान और शाम 6 बजे से मतगणना होगी। चुनाव प्रभारी राम सुभाग सिंह को बनाया गया है। चुनाव संपन्न कराने के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गयी है, जिसमें विनोद अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह और सतीश चंद्र बरनवाल को शामिल किया गया है। वहीं ऑब्जर्वर की पांच सदस्यीय टीम बनाई गयी है।

मतदाता जागरुकता को लेकर मैथन डैम पर नाविकों की बनायी गयी वीडियो फिल्म

धनबाद। स्वीप के तहत शुक्रवार को मैथन डैम पर नाविकों के साथ वीडियो फिल्म बनाया गया। यह वीडियो फिल्म गैंग ऑफ वासेपुर फेम जीशान कादरी के निर्देशन में बनाया गया। मौके पर एग्यारकुंड के बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि यह वीडियो फिल्म जिला प्रशासन के निर्देश पर बनाया गया है। यह वीडियो निष्पक्ष एवं बिना प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बनाया गया है। कहा कि यह वीडियो पूरे झारखंड के साथ साथ पूरे देश में दिखाया जाएगा। जिससे मैथन का नाम राष्ट्रीय स्तर पर होगा। साथ ही यहां के नाविकों की भी एक अलग पहचान बनेगी और यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। मौके पर डीपीआरओ अमित कुमार सिंह, एग्यारकुंड बीपीआरओ लालू रविदास, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, छत्रपति शिवाय किस्कू, नेपाल चंद्र बाउरी, बबलू हेम्ब्रम, मंटू महतो, राजीव शर्मा, बीएलओ सरस्वती तिग्गा आदि उपस्थित थे।

लॉटरी का अवैध कारोबार करने वाले दो धराए

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात घाटशिला अनुमंडल अधिकारी सच्चिदानंद महतो एवं घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने दलबल के साथ बहरागोड़ा मुख्य बाजार में शुशेन राउत के घर पर छापामारी अभियान चलाकर अवैध लॉटरी के साथ शुशेन राउत एवं सुनंद गिरी को हिरासत में लिया. साथ ही उनके पास से बारह बंडल लॉटरी का टिकट जप्त किया गया. वहीं उनके विरुद्ध थाना कांड संख्या 32/24 में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को शुक्रवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.उधर इस संबंध में घाटशिला एसडीओ सच्चिदानंद महतो ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने शुशेन राउत के घर पर अवैध लॉटरी बेचने के गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई जिसमें शुशेन राउत एवं सुनंदा गिरी को अवैध लॉटरी के साथ हिरासत में लिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा की अवैध कारोबार करने वाले के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगी तथा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब की 178 बोतलों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरीडीह

बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि एफएसटी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल अवैध शराब लादकर बिरनी की ओर ले जा रहा है। एसएफटी ने भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज को दिया। जिसके बाद भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने चरंगो मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लाल अपाची आते दिखी। पुलिस द्वारा बाइक को रुकने के लिए इशारा किया गया।। लेकिन बाइक नहीं रुकी,इसके बाद मोटरसाइकिल को थोडी दूर पर गश्ती दल की मदद से पीछा कर पकड़ा गया। फिर पकड़ने के बाद जाँच किया गया। देखा गया कि बाइक के ऊपर तीन पेटी बंधी हुई थी और दो झोले भी बधे हुए थे। जब देखा तो 178 देशी शराब की बोतलें पाइ गए। जिसके बाद भरकट्टा ओपी प्रभारी मोटरसाइकिल और 178 देशी शराब की बोतलें भरकट्टा ओपी ले गए।

मोटरसाइकिल व मोबाइल भी जब्त

पूछताछ के दौरान सिकंदर ने बताया कि विदेशी शराब उसने डोमन पहरी से ली है, जो जमुआ थाना के पास का है. यहां से एक अज्ञात व्यक्ति ने राजू साव (सिरमाडीह थाना भरकट्टा ओपी) द्वारा फोन पर बात करने के बाद ये शराब उसे दी. टीम ने इसके बाद शराब तस्करी के आरोप में सिकंदर वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस ने सिकंदर के पास से एक बाइक और मोबाइल भी जब्त किया है। टीम में महेश कुमार दास जनसेवक बिरनी प्रखंड, एफएसटी टीम, आकाश भारद्वाज भरकट्टा ओपी प्रभारी, पुअनि संतोष कुमार दुबे, आरक्षी बिरजू राम, हवलदार सरयू प्रसाद यादव आदि शामिल थे।

झरिया के युवक ने दी जान

झरिया। पत्नी की याद में डिप्रेशन में गये युवक ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. झरिया थाना क्षेत्र के भालगड़ा 2 नंबर चाणक के पास रहने वाले रंजीत ने गुरुवार की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रंजीत के सुसाइड करने की खबर से आसपास के लोग मर्माहत हैं। जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार प्राइवेट कार चलने का काम करता था। गुरुवार की रात उसने अपने घर में पंखे से झूलकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई राजू ने बताया कि कुछ समय पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। जिससे रंजीत काफी परेशान रहने लगा और डिप्रेशन में चला गया।

सीबीएसई : छठी, नौवीं और 11वीं में क्रेडिट सिस्टम होगा लागू

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) स्कूलों में अब नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत पढ़ाई होगी, जो क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होगी। छात्र को प्राप्त होने वाले क्रेडिट एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जुड़ते रहेंगे। नौंवी के लिए संभावित प्रस्तावित क्रेडिट के अनुसार छात्र को पांच विषयों को पास करना होगा। इसमें दो भाषा और तीन विषय शामिल होंगे। इनमें पास होने पर ही छात्र क्रेडिट हासिल कर पाएंगे। इस सिस्टम को पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छठी, नौवीं व 11वीं में लागू करने की सीबीएसई तैयारी कर रहा है। इस सिस्टम के तहत नौंवी में साल भर में 210 घंटे की पढ़ाई करने पर छात्रों को 40-54 क्रेडिट अंक मिलेंगे। यह क्रेडिट सभी विषयों में परीक्षा पास करने पर ही मिलेंगे। इसके लिए साल भर में एक कक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। सीबीएसई ने इस सिस्टम का हिस्सा बनने के लिए स्कूलों को आमंत्रित किया है। इस संबंध में बोर्ड की ओर से सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूल प्रमुखों को दिशा-निदेर्शों की जानकारी दी गयी है। बोर्ड ने नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की गाइडलाइंस तैयार कर उससे संबंधित कई कार्यशालाएं की हैं। बोर्ड ने अब इसे प्रभावी बनाने को लेकर परीक्षण, मूल्यांकन करने के लिए छठी, नौवीं व 11वीं कक्षा में संबंधित दिशा-निदेर्शों के एक पायलट कार्यान्वयन की योजना बनायी है। जानकारी के अनुसार सीबीएसई नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के सफल परीक्षण को सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता सत्र, परामर्श कार्यक्रम का भी आयोजन करेगा।

निरसा के मुगमा में दर्जनों युवकों ने थामा मासस का दामन

निरसा। मुगमा स्थित शिवडंगाल में शुक्रवार को मासस द्वारा आयोजित मिलन समारोह में दर्जनों युवकों ने अन्य पार्टी को छोड़कर मासस का दामन थामा. पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने सभी युवकों को माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि दिन प्रतिदिन मासस का जनाधार बढ़ रहा है। इस तरह युवकों को पार्टी से जुड़ना काफी सकारात्मक दिखाई पड़ रहा है। हमलोग इस बार लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

जेएनएसी के सिटी मैनेजर रवि भारती से दुकानदारों ने किया आग्रह तो दिखाया लाठी का दम

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) की टीम इन दिनों शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने का काम कर रही है। शुक्रवार को जेएनएसी की टीम सिटी मैनेजर रवि भारती के नेतृत्व में बिष्टुपुर डायगनल रोड पहुंची। वहां अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों ने उनसे खुद अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया तो उन्होंने उन्हें लाठी का दम दिखाया। उन्होंने होमगार्ड के जवानों को लाठी चार्ज करने का आदेश दे दिया। इसके बाद जवानों ने दुकानदारों पर जमकर लाठी बरसाई। जवानों ने मौके से गुजर रहे लोगों पर भी लाठियां बरसाईं। थोड़ी देर के लिए भगदड़ का माहौल बन गया था। बाद में कुछ दुकानदारों को कार में बैठाकर थाना ले जाया गया।

बिना नोटिस अतिक्रमण हटाने पहुंची थी टीम

मौके पर मौजूद दुकानदारों के अनुसार जेएनएसी की टीम शुक्रवार दोपहर डायगनल रोड में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इस दौरान बिल्डिंग के आगे बने चबूतरे को हटाया जाना था। कुछ दुकानदारों ने आग्रह किया कि उन्हें किसी तरह की नोटिस नहीं दी गई है। अगर कुछ दिनों का समय दे दिया जाए तो वे लोग खुद चबूतरे को तोड़ देंगे। सिटी मैनेजर रवि भारती ने इस आग्रह को अनसुना कर दिया। मामला बढ़ता देख रवि भारती ने लाठी चार्ज करने का आदेश दे दिया। इसके बाद जमकर लाठियां बरसाई गईं। इस संबंध में जब रवि भारती से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने भी फोन नहीं उठाया।

अंबेदकर जयंती पर जुलूस निकालेगा एससी एसटी, ओबीसी समिति

आदित्यपुर। एससी, एसटी ओबीसी समन्वय समिति के द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की वृहद जयंती मनाई जाएगी. फुटबॉल मैदान आदित्यपुर एक से शोभायात्रा निकलकर आदित्यपुर 2 स्थित जागृति मैदान तक जुलूस निकाली जाएगी। शोभायात्रा में अश्वरथ, बैंड पार्टी, डीजे शामिल रहेंगे। जहां शोभायात्रा सभा में तब्दील हो जाएगी। यहां कार्यक्रम समारोह पूर्वक सम्पन्न होगा, जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चर्चा के साथ विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी जाति धर्म के लोग शामिल रहेंगे।आचार संहिता को लेकर एसडीएम सरायकेला से एनओसी ले ली गई है। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक एलबी शास्त्री, डीएसपी सरयू पासवान, पांडी मुखी, खिरोद सरदार आदि ने प्रेसवार्ता में दी।

लू एवं गर्म हवाओं से रहें सावधान, लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। बोकारो

अप्रैल महीने में ही लू एवं गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई है. इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी का दौरा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना आदि परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने आमजनों को लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। खानपान से लेकर आवाजाही करने में विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। इस बाबत शुक्रवार को डीसी विजया जाधव ने कहा कि अचानक से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। लू और अधिक गर्मी को देखते हुए जिलेवासी सावधानी बरतें। जिले के तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जरा सी असावधानी और लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण हो सकता है, इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। डीसी ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य परेशानी होने पर तत्काल निकटतम उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडल अस्पताल, सदर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करने को कहा है। सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्र में ओआरएस पाउडर व अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि गर्म हवाओं के कारण शरीर में पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना, हृदयघात, मस्तिष्कघात कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण दिख सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर मरीज को समय-समय पर ओआरएस का घोल पिलाते रहना चाहिए। ऐसे लक्षण वाले मरीज गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं, घर से बाहर निकलें तो खुद को कवर करके ही निकलें, लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हो तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें, ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं, लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

'मनुष्य के रूप में हमारी सबसे बड़ी क्षमता दुनिया को बदलना नहीं है, बल्कि खुद को बदलना है' : महात्मा गांधी

बिन पानी सब सून

देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोगों को पानी की कमी और टैंकर माफिया के अत्याचार का सामना न करना पड़ता हो। रांची सहित झारखंड के अनेक गांव शहर घटते जल स्तर से चिंतित हैं टेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है। लखनऊ में भू-जल स्तर गिरने के कारण 49 इलाकों में पुराने कुओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वाराणसी में जल संरक्षण और जल निकायों को संरक्षित करने के लिए घर-घर 'जल तीर्थ' नामक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या पर्यटन केंद्र जयपुर की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। मुंबई के लोगों ने घोषित और अघोषित जल कटौती को सामान्य मान लिया है। स्टार्ट-अप के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरते पुणे में बीस मंजिल से ज्यादा ऊंचे टावर बन रहे हैं, जबकि मौजूदा कॉलोनियां जल संकट से जूझ रही हैं। थाणे-रायगढ़-पनवेल इलाके में गृह स्वामियों को एक घंटे की जलापूर्ति से काम चलाना होगा और टैंकर का प्रदूषित पानी लेना होगा। ऐसे में, क्या पानी की गारंटी के लिए रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता है? ये शहर भारत के विकास की कहानी को ताकत प्रदान कर रहे हैं। राजनीतिक रूप से, 543 लोकसभा सीटों में से 100 सीटें शहरी प्रकृति की हैं, फिर भी जल संकट राजनीतिक चर्चा या मौजूदा चुनाव प्रचार में कोई मुद्दा नहीं है। नीति आयोग ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि '21 प्रमुख शहरों में भू-जल स्तर शून्य के करीब पहुंचने वाला है, जिससे 10 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे। संकट की सीमा, सार्वजनिक विफलताओं व निजी समाधानों और सरकारी प्रावधान से हटकर भुगतान सेवाओं की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। विडंबना यह है कि अब भुगतान करके सुविधाएं हासिल करने वाला समुदाय भी पीड़ित है। ऐसे संकट के दृश्य सभी शहरों में दिख रहे हैं। अधिकांश शहरों में सुबह-सुबह पानी के टैंकर आवासीय इलाकों में पहुंचते हैं। मुंबई में वी.एस. मार्ग पर टैंकर आपूर्तिकर्ता आरओ-उपचारित या फिल्टर किए गए पानी की पेशकश करते देखे जा सकते हैं। शहरी बस्तियों में बोतलबंद पानी कंपनियों ने इस मौके का लाभ उठाया है। कारण यह है कि भारत में शहरीकरण अनियोजित ढंग से हुआ है। भारत का हर शहर ग्रामीण इलाकों में स्थित जलाशयों पर निर्भर है, जो अक्सर 50 से 100 किलोमीटर के बीच होता है। बंगलूरू मृत जलाशय और सौ किलोमीटर दूर कावेरी नदी से पानी प्राप्त करता है। चेन्नई चोलावरम और वीरन्नम झील से पानी लेता है। दिल्ली भूजल और सोनिया विहार जल उपचार संयंत्र पर निर्भर है, जो गंगा और यमुना का पानी लेता है। मुंबई 150 किलोमीटर दूर ऊपरी वैतरणा सहित सात झीलों पर निर्भर है। पानी के दुरुपयोग ,उपलब्धता और अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण जल संकट बना हुआ है। भारत के पास वैश्विक आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और जल संसाधनों का चार प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या चीन जितनी ही बड़ी है, लेकिन विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, मीठे जल की प्रति व्यक्ति उपलब्धता भारत में चीन से आधी है। भारत में सालाना 3,880 अरब घन मीटर वर्षा होती है, लेकिन यह मुश्किल से 1,999 अरब घन मीटर का ही लाभ उठा पाता है। देश में करीब 249 अरब घन मीटर भू-जल का दोहन किया जाता है, मगर उसमें से 89 फीसदी का उपयोग खेती में ही होता है। नीति निर्माताओं को उपलब्धता और प्रबंधन की खामियों पर ध्यान देना चाहिए। अध्ययन या समाधान की कोई कमी नहीं है। झारखंड में जिन क्षेत्रों में पर्याप्त वर्ष होती है उनमें भी वर्षा जल का संचय नहीं होता ।

लखनऊ में भू-जल स्तर गिरने के कारण 49 इलाकों में पुराने कुओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वाराणसी में जल संरक्षण और जल निकायों को संरक्षित करने के लिए घर-घर 'जल तीर्थ' नामक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या पर्यटन केंद्र जयपुर की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। मुंबई के लोगों ने घोषित और अघोषित जल कटौती को सामान्य मान लिया है।

लोक चेतना

प्रकृति से एकात्म का पर्व : सतुआन

डॉ. मयंक मुरारी

भारतीय जीवन में प्रकृति, उत्सव और समाज की एकात्मकता का अद्भुत संयोजन है। इस संयोजन के साथ हमारा सामाजिक जीवन सालोंभर सतत गतिमान रहता है। यहां सर्वत्र प्रकृति, संस्कृति और सृष्टि संग अनुष्ठानों की महत्ता होती है। सालों भर चलनेवाले उत्सव लोकचेतना के रंग और रस हैं, जहां परम्पराओं की महत्ता अनुष्ठान से अधिक है। यहां परम्पराओं के संग पूजा का महत्व होता है। प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव का यह देश तौर तरीका है। सतुआन लोक संस्कृति का ऐसा ही अनोखा पर्व है, जो धीरे-धीरे लुप्त हो रहा है। सतुआन हमारे स्वस्थ जीवन का एक सांस्कृतिक संकेत है। इसमें हम सौभाग्य और कामना पूर्ति के लिए सहज भाव से पूजा आराधना करते है। हरेक साल अप्रैल के चैदहवीं या पंद्रहवीं तिथि को यह मनाया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार संग नेपाल के तराई क्षेत्र में इस उत्सव की बेहद धूम होती है। बिहार और नेपाल के मैथिली भाषी क्षेत्र मे यह जुड़ शीतल तो शेष जगह सतुआन नाम से प्रचलित है। इसे जुड़ शीतल, टटका बासी, सतुआ संक्रांति, बिसुआ आदि से भी जाना जाता है। हालांकि सतुआन अत्यधिक प्रचलित है। सतुआ नवीन फसल का भी पर्व है। सतुआन में खेतों से नये कटे अन्न जैसे- चना, जौ आदि, आम का टिकोरा, प्याज, हरी मिर्च का प्रयोग होता है। चने का सतुआ अकेले भी प्रयोग होता है और जौ आदि के सतुआ के साथ मिश्रित भी करके सात अनाजों का सतुआ- सतंजा भी प्रचलित है। सतुआन वैशाख संक्रांति को प्रतिवर्ष आता है, तब सूर्य मीन से मेष राशि में प्रवेश करते हैं। सतुआन को लेकर कई कहानियां प्रचलित हैं। यह अनुष्ठान भारतीय सभ्यता के निरंतरता को दिखाता है। वैदिक काल में अपाला नाम की एक विदुषी महिला का उल्लेख मिलता है, जो सफेद दाग जैसी किसी बीमारी से ग्रस्त थी। अपाला इस बीमारी से मुक्ति के लिए इंद्र की तपस्या की। कहते हैं अपाला ने सत्तू का भोग लगाया और ईख का रस चढ़ाया, जो सामान्य हिन्दू पूजा में किया जाता है। इंद्र यह भोग पाकर प्रसन्न हुए और अपाला को रोग मुक्त कर दिया। आज भी रोगी को ठीक होने के बाद जब अनाज देने की शुरूआत की जाती है तो प्राय पतली खिचड़ी के बाद ठोस सत्तू के सेवन का विकल्प दिया जाता है। मेष संक्रांति को भारत में सतुआ संक्रांति और मकर संक्रांति को खिचड़ी कहा जाता है। कृषि, जलवायु और समाज के स्वभाव के अनुसार सर्वसुलभ भोज्य पदार्थ खिचड़ी और सतुआ के आधार पर उत्सव का नामाकरण से भारतीय जीवन की सनातन और शाश्वत स्वभाव का पता चलता है। बंगाल में इस दिन को 'नाबा वैशाख' या 'पोइला वैशाख', बिहार में 'सतुआन', केरल में 'विशु', असम में 'बिहू', पंजाब में 'वैशाखी', तमिलनाडु में 'पुदुवर्षम', उड़ीसा में 'पाना संक्रांति', तमिलनाडु में 'पुथाण्डु', मिथिलांचल में 'सतुआनि' और 'जुड़ि शीतल' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल के लोग संक्रांति के एक दिन पहले 'पांतो भात' करते हैं, यानि रात में भात बनाकर रख देते हैं और सुबह उस भात में नमक मिर्च मिलाकर खाते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह एक पुण्यकाल है। इस संक्रांति काल में जब सूर्य और चंद्र रश्मियों में अमृत तुल्य आरोग्यवर्धक तत्व होते है। सूर्य की किरणें विषवत रेखा से कर्क यानी उत्तर की ओर बढ़ने लगती है, तो उसकी तीव्रता महसूस होती है। इसलिए रात्रि को मिट्टी के घड़ों में जल भर कर रखा जाता है। वहीं आम पल्लवों से इनके मुख को ढका जाता है। रात्रि को चावल भात बना उसे पानी मे भींगो दिया जाता है। जबकि कुछ स्थानों पर कढ़ी-बड़े इत्यादि बनाने का भी चलन है। अगले दिन कलश जल का छिड़काव आम्र पल्लव द्वारा घर के हर कोने में किया जाता है। वहीं, घर के बड़े बुजुर्ग इस जल को परिवार जनों पर छिड़क उनके मंगलमय भविष्य की कामना करते है। इस दौरान वे लोक बोली मे प्रफुल्लित प्रसन्नचित और परिपूर्ण रहने की प्रार्थना भी करते है। जुड़ शीतल का अर्थ ही है शांत संतुष्ट और संपूर्ण। इस दौरान कलश जल का छिड़काव आस-पड़ोस के मार्ग और गोशाल मे भी करते है। जबकि शेष जल का उपयोग घर के आसपास लगे पौधों की सिंचाई मे करते है। यह उपक्रम समस्त प्रकृति के मंगल कल्याण हेतु किया जाता है। उत्सव के दिन रसोई घर को धोया लीपा जाता है। इस दिन कुछ घरों में रसोई बनता है अन्यथा पूर्व संध्या बने भोजन और चढ़ाए प्रसाद से काम चलाया जाता है। दक्षिण भारत में 14-15 अप्रैल या सूर्य के राशि परिवर्तन दिवस को विषु कानी पर्व के तौर पर मनाते हैं। यह पर्व भगवान विष्णु को समर्पित है और दक्षिण भारत में नव वर्ष का प्रतीक है। दरअसल विषु कानी पर्व कृषि आधारित पर्व है, जिसमें खेतों में बुआई का उत्सव मनाते हैं। श्रद्धालु सुबह उठकर स्नान-ध्यान के बाद सबसे पहले आस-पास के मंदिर में विष्णु देव प्रतिमा का दर्शन करते हैं और झांकी भी निकालते हैं। घरों में इस दिन नए अनाज से भोजन बनाया जाता है और देव को 14 प्रकार को व्यंजन का भोग लगाते हैं। उत्तर भारत की लोक संस्कृति में यह प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है। अब यह धीरे-धीरे विलुप्त होता जा रह है। आज से कुछ दशक पूर्व सत्तू को गठरी में बांधकर लम्बी यात्रा पर ले जाया जाता है। ठेंठ देहातों में यह अभी भी जीवित है। शहरों में सत्तू भूल गये, लिट्टी अभी स्मरण है। सतुआन के दिन अब औपचारिकता निभाई जाती है। आम की बौरियां, कैरियों को पीसकर चटनी बनाना और साथ में सत्तू घोलकर पहले सूर्य देव को चढ़ाना और फिर प्रसाद में ग्रहण किया जाता है। सत्तू का स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत महत्व है। इसे पीने से स्मरण शक्ति बढ़ती है, पढ़ने में मन लगता है। पेट ठंडा रहता है। इससे पौरुष बढ़ता है। ऐसे में यह दिव्य पर्व सतुआन, जो गर्मी के आ जाने की घोषणा करता है और बताता है कि अब मौसम तेजी से गर्म होगा, आने वाले दिनों में नौतपा होने वाला है, जब खेतों की मिट्टी बिल्कुल सूखकर कड़ी हो जाएगी। मनुष्य जब गर्मी से त्रस्त हो जाएगा, तो ऐसे में सत्तू ही एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो शीतलता दे पाएगा।

सतुआन हमारे स्वस्थ जीवन का एक सांस्कृतिक संकेत है। इसमें हम सौभाग्य और कामना पूर्ति के लिए सहज भाव से पूजा आराधना करते है। हरेक साल अप्रैल के चैदहवीं या पंद्रहवीं तिथि को यह मनाया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार संग नेपाल के तराई क्षेत्र में इस उत्सव की बेहद धूम होती है। बिहार और नेपाल के मैथिली भाषी क्षेत्र मे यह जुड़ शीतल तो शेष जगह सतुआन नाम से प्रचलित है। इसे जुड़ शीतल, टटका बासी, सतुआ संक्रांति, बिसुआ आदि से भी जाना जाता है। हालांकि सतुआन अत्यधिक प्रचलित है। सतुआ नवीन फसल का भी पर्व है। सतुआन में खेतों से नये कटे अन्न जैसे- चना, जौ आदि, आम का टिकोरा, प्याज, हरी मिर्च का प्रयोग होता है।

आपकी बात

अंबेडकर पार्क की दुर्दशा को ठीक करें नगर निगम : गणेश रवि

मेदिनीनगर। अंबेडकर पार्क में व्याप्त गंदगी की सफाई करने के लिए नगर आयुक्त को ज्ञापन सामाजिक कार्यकर्ता गणेश रवि और कुश कुमार ने दिया है। नेताओं ने पत्र लिखकर सफाई करने की मांग की है। नेताओं ने कहा है कि अंबेडकर पार्क की साफ सफाई अभिलंब किया जाए। पत्र में कहा है कि डाल्टेनगंज शहर के बीचो-बीच स्थित अंबेडकर पार्क की दयनीय हालत हो गई है। साफ सफाई नहीं है। और 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। ऐसी स्थिति में न सिर्फ 14 अप्रैल के संदर्भ में साफ सफाई किया जाए बल्कि लाखों रुपए की लागत से अंबेडकर पार्क को सुसज्जित किया गया अभी साल भर भी नहीं बीता है कि अंबेडकर पार्क की दुर्दशा हो गई है। ऐसी स्थिति में नगर आयुक्त से स्वयं अंबेडकर पार्क में जाकर पार्क की हालात का जायजा लेने और उसे ठीक करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस संदर्भ में अंबेडकर पार्क अवलोकन करने हेतु कुछ तस्वीरें खींचकर भेजी है। उन्होंने कहा है कि 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर हजारों लोग माल्यार्पण करने अंबेडकर पार्क पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में पार्क की साफ सफाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

लोस चुनाव

चार सौ पार के नारे के इर्द-गिर्द सिमटा चुनावी विमर्श

विकास सक्सेना

देश में लोकतंत्र का महापर्व आम चुनाव चल रहा है। मतदाताओं को लुभा कर उन्हें अपने पाले में लाने के लिए सभी राजनैतिक दल पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव पिछले चुनावों के मुकाबले कई मायनों में अलग है। देश की सामरिक, आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक प्रगति के साथ कूटनीतिक सफलता से उत्साहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से अबकी बार 400 पार का नारा दिया है, पूरा चुनावी विमर्श इसी के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गया है। केंद्र की सत्ताधारी भाजपा और उसके समर्थक दलों के नेता ये साबित करने का प्रयास कर रहे हैं कि इस बार उन्हें 400 से ज्यादा सीटों पर विजय मिलने जा रही है और विपक्षी पूरी ताकत से दावा कर रहे हैं 400 पार का नारा भाजपा का ख्याली पुलाव भर है जो कभी पूरा नहीं होगा। इस सबके बीच लोकसभा चुनाव 2024 के बाद देश की सत्ता कौन संभालेगा इसको लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष में किसी प्रकार का मतभेद दिखाई नहीं दे रहा है। आमतौर पर चुनावों के दौरान मतदाताओं के रुख को भांप कर संभावित नतीजों का अनुमान लगाने वाले विश्लेषकों के लिए सबसे आकर्षित करने वाला तथ्य सत्ता विरोधी रुझान होता है लेकिन लोकसभा चुनाव 2019 के बाद अब 2024 में भी यह तथ्य अप्रासंगिक-सा दिखाई दे रहा है। इसके अलावा चुनावों में राजनेताओं का भ्रष्टाचार हमेशा एक बड़ा मुद्दा होता था। प्रख्यात समाजसेवी अण्णा हजारे, बाबा रामदेव और दूसरे गैर राजनैतिक संगठनों के आंदोलनों की वजह से लोकसभा चुनाव 2014 का पूरा विमर्श कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के चारों ओर सिमट कर रह गया गया था। लाखों करोड़ रुपये के कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, टूजी स्पेक्ट्रम घोटाला और कोयला घोटाला समेत अनेक घोटालों की वजह से आम जनता में सत्ताधारी कांग्रेस के खिलाफ खासी नाराजगी थी। इस चुनाव में देश की जनता ने भ्रष्टाचार और सत्ताधारी दल के अहंकार के विरुद्ध जनादेश देकर तीन दशक बाद देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाई।

अण्णा हजारे, बाबा रामदेव और दूसरे गैर राजनैतिक संगठनों के आंदोलनों की वजह से लोकसभा चुनाव 2014 का पूरा विमर्श कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के चारों ओर सिमट कर रह गया गया था।

फेसबुक वॉल से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

क्या गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर फहराएगा 'तिरंगा'?

कमलेश पांडे

गाजियाबाद लोकसभा सीट की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता।

पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।

दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है। शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है। राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से कांग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।

बोधि वृक्ष

मैहर मंदिर के रहस्य कर देंगे हैरान

मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर में शारदा माता का मंदिर है। इस मंदिर पर देश भर के हिंदू समुदाय के लोगों का आस्था है। इस मंदिर के रहस्य लोगों की जुबान पर हैं। मान्यता है कि मंदिर खुलने से पहले ही कोई यहां पूजा कर जाता है।

शारदा माता मंदिर मैहर : यह मंदिर सतना जिले के मैहर तहसील में त्रिकूट पर्वत पर 600 फीट ऊंचाई पर स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्त को 1001 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मैहर का अर्थ मां का हार से लिया जाता है। यह मंदिर एक शक्तिपीठ है। मान्यता है कि जब शिव के हाथ में पड़े सती के शव को भगवान विष्णु ने सुदर्शन से काटा तो उसके हिस्से और आभूषण अलग-अलग जगहों पर गिरे, जो बाद में शक्तिपीठ बने। मैहर में माता का हार गिरने से इस जगह को मैहर कहा जाता है। मान्यता है कि आल्हा ने यहां 12 वर्ष तपस्या की थी और आल्हा ऊदल भाइयों ने ही इस मंदिर की खोज की थी। वे यहां की माता को माई कहकर पुकारते थे। इसलिए यहां की माता को शारदा माई कहा जाने लगा। एक अन्य मान्यता के अनुसार यहां आदिशंकराचार्य ने यहां सर्वप्रथम पूजा की थी और यहां 559 वि. में मूर्ति स्थापना की गई।

टेक वर्ल्ड

अपनी पूंजी को सिक्योर रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

ऐसा ही एक मामला दिल्ली के एक अस्पताल में काम करने वाले एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुआ है। दरअसल, डॉक्टर को एक कॉल आई जिसमें उनकी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का दावा किया गया, लेकिन इसके बदले उनके खाते से 2 लाख रुपये निकाल लिए गए। हालांकि डॉक्टर ने घटना की सूचना पुलिस को दी और FIR दर्ज कराई। इस लेख में हम आपको आरबीआई की गाइडलाइन और शिकायत के प्रोसेस के बारे में बताते हैं। - जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो प्रशासन भी इसको लेकर बहुत सतर्क रहता है। जैसा कि हम जानते हैं कि धोखाधड़ी और घोटालों के बढ़ते मामले भारतीय रिजर्व बैंक को अपने कस्टमर्स के पैसे को सुरक्षित रखने के लिए जरुरी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

- अगर आपने पहले भी इस तरह की स्थिति का अनुभव किया है, तो RBI द्वारा निर्धारित गाइडलाइन और विनियमों के बारे में खुद को अपडेट रखें।

- RBI ने यह भी बताया कि अगर आप जानकारी की कमी या फोन बैकिंग, नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान गेटवे समस्याओं जैसे बैंकिंग मुद्दों के कारण धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

- वहीं, अगर आप थर्ड पार्टी द्वारा उल्लंघन के कारण आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाता है, जिसके लिए न तो आप और न ही बैंक जिम्मेदार है, तो खोई हुई धनराशि वापस कर दी जाएगी।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

सहारनपुर को मजहबी उन्माद का केंद्र बना दिया था, अब विकास की नई गाथा गढ़ रहा : योगी



एजेंसी। सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में शुक्रवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले सहारनपुर को मजहबी उन्माद का केंद्र बना दिया गया था, अब यह विकास की नई गाथा गढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब सहारनपुर को मजहबी उन्माद का केंद्र बना दिया गया था। जब कांवड यात्रा पर बैन लगता था तब तो जातिवादी संगठन नहीं आता था। सबके मुंह सिल दिए जाते थे। प्रदेश में पहले माफिया सिर ऊंचा करके घूमते थे।

प्रदेश में पहले माफिया सिर ऊंचा करके घूमते थे। छोटी-छोटी बातों पर दंगा होता था। अब दंगा करने वाले खुद ही कहते हैं कि दंगा नहीं करेंगे। यदि वे दंगा करते हैं तो उन्हें पकड़कर उल्टा लटकाकर मिर्ची का छोंका लगा देते हैं।

छोटी-छोटी बातों पर दंगा होता था। अब दंगा करने वाले खुद ही कहते हैं कि दंगा नहीं करेंगे। यदि वे दंगा करते हैं तो उन्हें पकड़कर उल्टा लटकाकर मिर्ची का छोंका लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि सहारनपुर विकास की धारा के साथ जुड़कर विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहा है। दिल्ली से देहरादून के बीच ग्रीन एक्सप्रेस-वे बन रहा है। इस विकास की गति को जारी रखना है। सहारनपुर पर मां गंगा और यमुना की कृपा है। यहां का किसान, हस्तशिल्प और कारीगरी दूर तक मशहूर है। हमारे लिए 140 करोड़ का भारत ही मोदी का परिवार है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर बरगलाएंगे, लेकिन, जब जाति पर संकट आएगा तो यह सब लोग गायब हो जाएंगे। दंगा भड़काने वाले आज जातियों का इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी सरकार ने दंगा मुक्त माहौल दिया है। कर्फ्यू मुक्त प्रदेश दिया है। दंगा करने वालों की गर्मी को शांत करने का काम किया है।

दिल्ली में एक शख्स के सिर में नजदीक से मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने 35 साल के एक शख्स को करीब से सिर में गोली मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पीड़ित की पहचान न्यू सीलमपुर इलाके के निवासी शाहनवाज के रूप में हुई है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि ई-ब्लॉक, कबाड़ी मार्केट में एक व्यक्ति के सिर में गोली लगने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि शाहनवाज के सिर में गोली लगी है। उसे जेपीसी अस्पताल ले जाया गया और फिर एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि सड़क पर चलते समय एक लड़के ने शाहनवाज को नजदीक से गोली मारी है।

बीजेपी उम्मीदवार के लिए दिग्गज मैदान में अन्य पार्टियों के बड़े नेता प्रचार से नदारद

एजेंसी। नोएडा

दिल्ली-एनसीआर की वीवीआईपी सीट में से एक गौतमबुद्ध नगर बीजेपी का गढ़ बनती जा रही है। 2014 से ही ये सीट बीजेपी का एक अभेद किला बन गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह है माइग्रेंट वोटर्स। ऐसा माना जाता है कि जो शहरी वोटर्स हैं, वो बीजेपी को ही ज्यादातर वोट करते हैं। इसके साथ ही कभी बीएसपी का गढ़ रहा गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में बसपा और सपा के नेता खासतौर पर सुरेंद्र नागर, नरेंद्र भाटी, सतवीर नागर सहित गुर्जर बिरादरी के बड़े नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं। भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के पक्ष में बीजेपी के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा पहुंचे थे और उन्होंने प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लिया था जहां हजारों की संख्या में प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद थे। अब 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ महेश शर्मा के लिए एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। सूचना है कि आने वाले समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री खुद नोएडा आकर एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ बात करें तो सपा, कांग्रेस और आम आदमी के गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं पहुंचा है। बसपा ने भी अपने कैंडिडेट राजेंद्र सिंह सोलंकी को मैदान में उतारा है। लेकिन माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में बीजेपी को छोड़ अन्य पार्टियों में लड़ाई नंबर एक नहीं, बल्कि नंबर 2 की पोजीशन के लिए है।

एक नजर

हिमाचल के आनी में कार दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत

आनी (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश के राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला में एक मारुति ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आनी से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया।पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार (40), सुशील कुमार (36), बीर सिंह (43) और संजीव कुमार (34) के रूप में हुई है। वहीं, सूचना मिलते ही आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने दुर्घटना पर गहरा शोक जताया और मौके की ओर रवाना हो गए। शवों का पोस्टमार्टम आनी अस्पताल में किया जाएगा और उसके बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

पनूर बम धमाके की हो सीबीआई जांच : कांग्रेस

तिरुवनंतपुरम। केरल में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर पनूर में हुए बम विस्फोट की सीबीआई जांच की मांग की। पनूर कोझिकोड जिले के वडकारा लोकसभा में आता है। यह विस्फोट 5 अप्रैल को हुआ था और इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। केरल कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एमएम हसन ने सीईसी को लिखे अपने पत्र में मामले में संदेह जताया है। हसन ने अपने पत्र में लिखा, हमारी रिपोर्ट के अनुसार मामले में चार सीपीआई (एम) और डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है और विस्फोट के बाद एक सीपीआई (एम) कार्यकर्ता की मौत हो गई।

पूर्व मंत्री कमला दास का निधन, गृहनगर में होगा अंतिम संस्कार

कटक। ओडिशा की पूर्व मंत्री कमला दास का शुकवार को कटक के एक अस्तपताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने इसकी जानकारी दी। 79 वर्षीय कमला दास को दो सप्ताह पहले सीने में दर्द के बाद भुवनेश्वर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान फेफड़ों में पाया गया था संक्रमण इलाज के दौरान उनके फेफडों में संक्रमण का पता चला। बाद में उन्हें कटक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिछले तीन दिनों से वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं और शुक्रवार की मध्य रात्रि 12:30 बजे उनका निधन हो गया।

मैंने सियासत में परिवार के किसी भी सदस्य को आगे नहीं बढ़ाया : सीएम

एजेंसी। नवादा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार की शुरूआत अपने गृह जिला नालंदा में रोड शो से की। उन्होंने बिहार शरीफ के देवी सराय से लेकर कारगिल चौक तक रोड शो किया। इस दौरान जदयू के लोकसभा प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील की। रोड शो के दरम्यान बड़ी संख्या में जदयू, भाजपा, लोजपा के दोनों गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने नवादा के वारिसलीगंज में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने राजद पर परिवारवाद और जंगलराज को लेकर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए राजद के शासनकाल को पति-पत्नी का राज बताते हुए कहा कि इन लोगों ने 15 साल तक सरकार चलाया। उस दौरान बिहार में कोई विकास नहीं हुआ। राजद के राज में कोई शाम में नहीं निकलता था। जब 2005 के बाद हम लोगों की सरकार आई तब बिहार में विकास का काम हुआ।

उन्होंने इस दौरान लोगों को यह भी भरोसा दिलाया कि अब वे भाजपा से अलग नहीं होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी हम लोग साथ थे, बीच में दो बार हम कहीं चले गए, अब फिर साथ आ गए हैं। अब हम कहीं नहीं जाने वाले हैं। नीतीश कुमार ने परिवारवाद को लेकर राजद को घेरते हुए कहा कि मैं 18 साल से शासन में हूं, लेकिन परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। ये लोग जब भी आते हैं, अपने परिवार, बेटा-बेटी को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं। आज एक ही परिवार से कितने लोग चुनाव लड़ रहे हैं। नीतीश कुमार ने आगे कहा कि हमने सियासत में परिवार के किसी भी सदस्य को आगे नहीं बढ़ाया, लेकिन, इन लोगों को मौका मिलते ही अपनी पत्नी, बेटा-बेटी को राजनीति में आगे बढ़ा रहे हैं।

तेजस्वी के पास कोई योग्यता नहीं कि सवाल खड़ा करें : भाजपा

पटना। बिहार भाजपा की प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य अनामिका सिंह पटेल ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पास व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक आधार पर कोई समझ और योग्यता नहीं है कि वह किसी पर सवाल खड़ा कर सकें। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हाल के दिनों में वे बेतुका बयान दे रहे हैं, उससे साफ है कि वे व्यक्तिगत और राजनीतिक पतन की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। वे सुर्खियों में बने रहने के लिए तरह-तरह की बयानबाजी करते रहते हैं। पटना में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अनामिका सिंह ने राजद काल के शासनकाल में जंगलराज की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आज बहुत आसान शब्द लगता है, लेकिन, उस दौर में महिला कितनी असुरक्षित थी, यह जानना जरूरी है। बिहार उर्वरता और कर्मठता की भूमि रही है, लेकिन, लालू यादव और राबड़ी देवी के राज में यहां अपराध उद्योग बन गया था। उन्होंने आगे कहा कि तेजस्वी यादव दलितों का वोट लेने के लिए उनके साथ खड़े होने का ढोंग और स्वांग रचते हैं। उनके दौर में एक दलित आईएएस अधिकारी की पत्नी, पत्नी की मां, उनकी भतीजी और नौकरानियों के साथ शारीरिक शोषण होता रहा, लेकिन, आईएएस अधिकारी कुछ बोल नहीं पाए, इससे ही समझा जा सकता है कि उस दौर में किस कदर नेता, अपराधियों और अधिकारियों का सांठगांठ था। अनामिका सिंह ने आगे कहा कि अगर ये जीत गए तो ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होगी।

भाजपा कार्यकर्ता को मिली सिर तन से जुदा की धमकी

कोटा। कोटा में बीजेपी कार्यकर्ता के घर के बाहर एक धमकी भरा कागज चिपका मिला है जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। कागज पर ह्यअल्लाह का पैगाम लिखते हुए सिर तन से जुदा करने की धमकी लिखी हुई है। इसके बाद से बीजेपी कार्यकर्ता का पूरा परिवार दहशत में है। कार्यकर्ता ने उद्योग नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित का कहना है कि उनके घर के बाहर कोई धमकी भरा कागज चिपका कर चला गया। दोनों कागजों में लिखा है - गुस्ताख-ए-रसूल की एक ही सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा। इसके साथ ही कई और धमकियां भी लिखी हुई हैं। भाजपा कार्यकर्ता को धमकी मिलने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उद्योग नगर थाने पहुंचे और नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

भुल्लर गिरोह का सहयोगी पंजाब में गिरफ्तार 3 किलो हेरोइन जब्त

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने जयपाल भुल्लर गैंग के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से तीन किलो हेरोइन और दो पिस्टल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, पंजाब में सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने

जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है और तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्टल जब्त की है। जांच से पता चला है कि पाकिस्तान से हेरोइन मंगाने का रैकेट चल रहा था। उन्होंने कहा कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और इसके आगे-पीछे के लिंक की जांच जारी है। इससे पहले, 31 मार्च को जालंधर पुलिस ने गोलीबारी के बाद प्रेमा लाहौरिया-विक्की गौंडर गिरोह के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया था जो टारगेटेड किलिंग करने की योजना बना रहे थे।

बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले में गिरफ्तारियों से बंगाल में राजनीतिक घमासान

कोलकाता। बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा राज्य के पूर्वी मिदनापुर जिले के कांथी के रहने वाले हैं। दोनों को एनआईए ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख और पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से पता चलता है कि पश्चिम बंगाल आतंकवादियों के लिए स्वर्ग बन गया है। एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में दो मुख्य संदिग्धों, हमलावर मुसाविर हुसैन शाजिब और उसके साथी अब्दुल मथीन अहमद ताहा को यहां से पकड़ा। मालवीय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, दुर्भाग्य से ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल आतंकवादियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

एनआईए ने खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर रमनदीप सिंह की अचल संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर रमनदीप सिंह उर्फ रमन की अचल संपत्ति जब्त कर ली। रमनदीप के खिलाफ एनआईए ने 20 अगस्त, 2022 को मामला दर्ज किया था। न्यायालय इसे भगोड़ा भी घोषित कर चुकी है। नई दिल्ली के पटियाला हाउस स्थित एनआईए की विशेष कोर्ट के निर्देश पर पंजाब के फिरोजपुर जिले स्थित टिब्बी कलां गांव की 31 कैनाल, 9 मरला जमीन जब्त की गई है। एनआईए के मुताबिक रमनदीप सिंह उर्फ रमन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ),बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) से जुड़ा हुआ है। एनआईए द्वारा जारी 9 मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में रमनदीप सिंह रमन का भी नाम है, जिसे 27 जुलाई 2023 को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। रमनदीप सिंह पर आरोप है कि वह भारत में आतंकवादी गतिविधियां संचालित करता है। दूसरे देशों से एलईडी और आर्म्स की तस्करी कर भारत लाता है। इस आरोप के तहत एनआईए ने 20 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था।

दिल्ली के मुख्य सचिव व एक अन्य अधिकारी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

अल्मोड़ा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा की अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार और उनके अधीनस्थ अधिकारी वाईवीवीजे राजशेखर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। उसके बाद राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अदालत ने बीते 2 मार्च को अधिकारियों के खिलाफ एक गैर सरकारी संगठन प्लेजेंट वैली फाउंडेशन की शिकायत को स्वीकार किया था। साथ ही न्यायालय ने राजस्व पुलिस को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने और आरोपों की जांच करने के आदेश भी दिए थे। शिकायतकर्ता प्लेजेंट वैली फाउंडेशन ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने 14 फरवरी को डांडा-कांडा गांव में एनजीओ द्वारा संचालित एक स्कूल में चार लोगों को भेजा। वहां पहुंकर इन लोगों ने एनजीओ के संयुक्त सचिव के कार्यालय कक्ष में तोड़फोड़ की और फाइलें, रिकॉर्ड, दस्तावेज और पेन ड्राइव अपने साथ ले गए, जिनमें कथित तौर पर घोटाले से जुड़े सबूत थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें सतर्कता विभाग और अन्य जगहों पर घोटालों से जुड़ी दर्ज कराई गई शिकायत को वापस लेने की धमकी दी गई है, ऐसा न करने पर एनजीओ के अधिकारियों को फंसाने की भी धमकी दी गई है।

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट ने सीबीआई और ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी और सीबीआई से जवाब मांगा। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को तय की है। जज बवेजा



ने बुधवार को कहा था कि वह शराब नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेंगी। अदालत ने सिसोदिया के वकील की दलील सुनी, जिन्होंने कहा कि जांच एजेंसी दिल्ली अदालत और सुप्रीम कोर्ट दोनों के समक्ष पहले पेश की गई दलीलों को दोहरा रही हैं। मामले में आप नेता की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी गई थी। पिछली बार, ईडी ने कहा था कि सिसोदिया और अन्य आरोपी मामले की सुनवाई में देरी कर रहे हैं। बता दें कि ईडी और सीबीआई दोनों ही शराब घोटाले में सिसोदिया की भूमिका की जांच कर रहे हैं। सिसोदया को पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था।

भाजपा के बागी ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा से किया नामांकन, निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

एजेंसी। शिवमोग्गा

कर्नाटक भाजपा के बागी नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को हाई-प्रोफाइल शिवमोग्गा लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। ईश्वरप्पा ने हजारों समर्थकों की उपस्थिति में एक जुलूस के साथ धूमधाम से अपना नामांकन दाखिल किया। बीजेपी की आपत्ति के बावजूद ईश्वरप्पा ने जुलूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर और बैनर का इस्तेमाल किया। ईश्वरप्पा ने कहा कि उन्होंने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन किया है। शिवमोग्गा लोकसभा सीट के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों से लगभग 15,000 से 20,000 समर्थकों ने उनके साथ आकर उन्हें समर्थन दिया। ईश्वरप्पा ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा और उनके बेटे बीवाई विजयेंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, ह्लआज से मतदान के दिन तक, हमारे कार्यकर्ता घर-घर अभियान चलाएंगे और बताएंगे कि मेरे जैसे वफादार भाजपा कार्यकताओं के साथ अन्याय क्यों हुआ। वे यह भी बताएंगे कि ये पार्टी पिता और पुत्र की जोड़ी में फंस गई है। ईश्वरप्पा ने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि शिवमोग्गा के मतदाता मुझे चुनेंगे। चुनाव के बाद पार्टी में बदलाव होंगे और भाजपा में सफाई की प्रक्रिया होगी। येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र शिवमोग्गा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिवराजकुमार की पत्नी और दिवंगत एस. बंगारप्पा की बेटी गीता शिवराजकुमार इस सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। हाई प्रोफाइल शिवमोग्गा सीट पर पहले से ही करीबी मुकाबला है और अब, ईश्वरप्पा के मैदान में उतरने से मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, सीबीआई जांच की मांग

तिरुवनंतपुरम। केरल में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर पनूर में हुए बम विस्फोट की सीबीआई जांच की मांग की। पनूर कोझिकोड जिले के वडकारा लोकसभा में आता है। यह विस्फोट 5 अप्रैल को हुआ था और इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। केरल कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एमएम हसन ने सीईसी को लिखे अपने पत्र में मामले में संदेह जताया है। हसन ने अपने पत्र में लिखा, हमारी रिपोर्ट के अनुसार मामले में चार सीपीआई (एम) और डीवाईएफआई कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है और विस्फोट के बाद एक सीपीआई (एम) कार्यकर्ता की मौत हो गई। इसके बाद राजनीतिक हिंसा भड़क उठी जो सीधे तौर पर विस्फोट से जुड़ी है।" मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण को बहुत हल्के में लिया है। सीपीआई (एम) द्वारा किए गए दावों का खंडन करते हुए पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि ये बम लोकसभा चुनाव को देखते हुए बनाए गए थे।

अखिलेश का जितिन प्रसाद पर बड़ा हमला, भाजपा नेताओं का चेहरा पीला

एजेंसी। पीलीभीत

अखिलेश यादव का जितिन प्रसाद पर बड़ा हमला, 'पीलीभीत के नाम से भाजपा नेताओं का चेहरा पीला' पीलीभीत। पीलीभीत से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। पीलीभीत के पूरनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां देश के बड़े नेता आकर अपनी बात कह चुके हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही भाजपा नेताओं का चेहरा पीला हो रहा है। लखनऊ वाले तो घबराए हुए हैं, क्योंकि, यहां की जनता ने इस बार मन बना लिया है कि सपा के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीत दिलाना है। पीलीभीत का चुनाव पहले चरण में है और हम लोग पहले चरण में ही जीत की खुशखबरी सुनाने जा रहे हैं। पीलीभीत से बीजेपी प्रत्याशी जितिन प्रसाद पर हमला बोलते हुए अखिलेश यादव ने उन पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में घोटाले का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद मंत्री जी पता नहीं कहां चले जाएंगे। भाजपा प्रत्याशी कौन सा

पीलीभीत बनाना चाहते हैं। ये कई दल घूम आए हैं। इनका मामला जिस दल में सेट हो जाता है, उसी दल में चले जाते हैं। इशारों-इशारों में जितिन प्रसाद पर करारा हमला बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यहां कोई नया प्रत्याशी चुनाव मैदान में आए हैं, जो कह रहे हैं कि हमें पहले पता होता कि यहां से चुनाव लड़ना है तो पीलीभीत को मुंबई बना देता। हम कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई आर्थिक राजधानी है। उन्होंने आगे कहा कि जो किसानों पर थार चढ़ा रहे हैं, उन्हें सरकार ने सम्मान दिया। थार से किसानों का आंदोलन रौंदा गया। वरुण गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जो किसान आंदोलन की बात कर रहे थे, उन्हें बीते दिनों पीएम मोदी की रैली में मंच पर जगह नहीं मिली।

सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर का विरोध किया : शाह

एजेंसी। मुरादाबाद

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुरादाबाद की जनसभा में भव्य राम मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा... न सिर्फ हमने इस संकल्प को पूरा किया बल्कि पांच सौ साल बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजे। इस रामनवमी पर पहली बार भगवान राम का जन्मोत्सव भव्य मंदिर में मनाया जाएगा। सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर का विरोध किया। इन दलों ने मंदिर उद्घाटन का भी विरोध किया। अमित शाह मुरादाबाद और संभल लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, उप्र ने 2014 में 73 सीटें दीं और 2019 में 65 सीटें। इसकी वजह से नरेंद्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बने।

इस रामनवमी पहली बार भगवान राम जन्मोत्सव भव्य मंदिर में मनाया जाएगा

कश्मीर भारत का अभिन्न अंग, खरगे कहते हैं कि राजस्थान और यूपी वालों को कश्मीर से क्या लेना

इस बार मुरादाबाद और संभल लोकसभा सीट भाजपा की झोली में डालकर लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी की गारंटी है कि इस बार भारत की अर्थव्यस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा।

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश, मिल रहे इसके संकेत : आतिशी

एजेंसी। नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। इसके संकेत इस बात से मिलते हैं कि दिल्ली में पिछले कई महीनों से किसी भी आईएएस अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में कई विभाग खाली हैं। बावजूद इसके दिल्ली के अंदर किसी भी अफसर की नियुक्ति नहीं की जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल पिछले एक सप्ताह से बार-बार गृह मंत्रालय को बिना किसी कारण दिल्ली सरकार को लेकर पत्र लिख रहे हैं। आतिशी

के मुताबिक दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने 'मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट' का बहाना बनाकर किसी भी मीटिंग में आना बंद कर दिया है, चाहे वह मीटिंग कितने भी महत्वपूर्ण विषय पर बुलाई जाए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव की बर्खास्तगी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि एक बेहद पुराने मामले को उठाकर मुख्यमंत्री के निजी सचिव को बर्खास्त किया गया। यह सभी उदाहरण बताते हैं कि दिल्ली की सरकार को गिराने की एक बड़ी साजिश हो रही है। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और गैर संवैधानिक कदम होगा। आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे आरोपों में बिना किसी प्रमाण के गिरफ्तार किया गया।

पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं केजरीवाल : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस और डीएमके को भ्रष्टाचारी और वंशवादी पार्टियां बताते हुए कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है और भ्रष्टाचार की इसी गोंद से इंडी गठबंधन, जिसे घमंडिया गठबंधन भी कहा जाता है, में शामिल सभी राजनीतिक दल जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने का संकल्प लिया है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके को कांग्रेस के भ्रष्टाचार की फोटोकॉपी बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके दोनों ही भ्रष्टाचार और वंशवाद वाली पार्टी हैं और आज दोनों भ्रष्ट पार्टियों के नेता, राहुल गांधी और डीएमके नेता, तमिलनाडु में एक मंच पर नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं के मंच पर तमिलनाडु की रैली में भ्रष्टाचार, वंशवाद और क्षेत्रीय आधार पर देश को बांटने की नीति दिखाई देगी।

सैमसन को रोकना पंजाब की बड़ी चुनौती

एजेंसी

मुल्लांपुर। आईपीएल 2024 के 27वें मैच में पंजाब किंग्स के सामने राजस्थान रॉयल्स (फ्फ्र) की चुनौती होगी। राजस्थान ने इस सीजन पांच में से चार मैच जीते हैं और अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं तो वहीं पंजाब ने पांच में से तीन मैच गंवाए हैं और आठवें स्थान पर हैं। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनकी टीम को उनसे एक और अच्छी पारी की उम्मीद होगी। आइए जानते हैं पंजाब के खिलाफ उनका प्रदर्शन कैसा रहा है।

▶ **पंजाब के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ सैमसन का प्रदर्शन**

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पिछले मैच में चार विकेट चटकाए थे और उनकी गेंदबाजी पर पंजाब काफी निर्भर रहती है। हालांकि अर्शदीप के खिलाफ भी सैमसन के आंकड़े काफी प्रभावी रहते हैं। सात आईपीएल पारियों में सैमसन ने अर्शदीप के खिलाफ केवल 30 गेंदों में 57 रन बना दिए हैं। अर्शदीप केवल एक बार सैमसन को आउट कर सके हैं। सैमसन ने अर्शदीप के खिलाफ 57 की औसत और 190 के स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। कगिसो रबाडा भी पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा हैं। रबाडा के खिलाफ सैमसन ने तीन आईपीएल पारियों में लगभग 153 के स्ट्राइक-रेट और 26 की औसत से 26 रन बनाए हैं। 17 गेंदों में एक बार रबाडा ने सैमसन का विकेट भी निकाला है। रबाडा के खिलाफ बनाए 26 में से 20 रन सैमसन ने चौकों के जरिए बनाए हैं। पंजाब के पास राहुल चाहर स्पिन विभाग में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाते हैं। हालांकि, उनके लिए यह सीजन अब तक काफी खराब रहा है। सैमसन के खिलाफ वह पंजाब के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं।

पंजाब के खिलाफ संजू सैमसन का प्रदर्शन

सैमसन ने पंजाब के खिलाफ 21 आईपीएल मैचों की 21 पारियों में 39 के औसत और लगभग 144 की स्ट्राइक रेट से 702 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतक भी लगाए हैं। सैमसन इस टीम के खिलाफ अभी क्रिकेट खेल रहे बल्लेबाजों में छठे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इस टीम के खिलाफ तीन बार नाबाद भी रह चुके हैं।

आकांक्षा सालुंखे आरसी प्रो सीरीज के क्वार्टर फाइनल में हार गईं

एजेंसी। नई दिल्ली

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे को अमेरिका के सेंट लुइस में 15,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट आरसी प्रो सीरीज स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जना सफी से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वैश चैंपियन आकांक्षा शुरूआती और तीसरा गेम जीतने के बाद करीबी मुकाबले में 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से हार गईं। नेशनल गेम्स की मौजूदा चैंपियन, जिन्हें शुरूआती दौर में बाई मिली, ने दूसरे दौर में नॉर्वे की मेडेलीन हाइलैंड को 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से हराया था।

खालसा और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को अंतिम लीग मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 14-0 से हराया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की तरफ से अंकित ने पांच गोल, पवन और पुलकित ने 3-3 गोल, मोहित ने दो गोल और सागर ने एक गोल किए। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के पुलकित को मिला। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच होगा। दूसरा सेमी फाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और श्याम लाल कॉलेज के बीच होगा। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने एकता के गोल से भारती कॉलेज को 1-0 से हराया। वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड विवेकानंद कॉलेज की भावना को मिला।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : सिंधु, प्रणय की हार के साथ भारत का अभियान समाप्त

बीजिंग। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2024 में गुरुवार को भारत का अभियान दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एचएस प्रणय के क्रमशःमहिला और पुरुष एकल वर्ग के अंतिम 16 दौर में हार के साथ समाप्त हो गया। सिंधु चीन के निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 69 मिनट तक चले मैच में दुनिया की 7वें नंबर की खिलाड़ी हान यू से 18-21, 21-13, 17-21 के स्कोर से हार गईं। सिंधु की छह मैचों में चीनी शटलर से यह पहली हार थी। सिंधु ने पहले गेम में दबदबा बनाए रखा और ब्रेक के समय छह अंक से आगे रहीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 15-10 से आगे थीं, लेकिन हान यू ने लगातार छह अंक जीतकर बढ़त हासिल कर ली और फिर पहला गेम जीतने में सफल रहीं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने जोरदार जवाब दिया और दूसरा गेम आसानी से जीतकर मैच को तीसरे गेम तक ले गईं। हालांकि चीनी शटलर ने तीसरा गेम जीतकर सिंधु का बाहर कर दिया।

ज़ियामेन डायमंड लीग के लिए चार एथलीट भेजेगा युगांडा

कंपाला। युगांडा 20 अप्रैल को चीन के ज़ियामेन में सीजन के शुरूआती विश्व एथलेटिक्स डायमंड लीग के लिए चार एथलीटों को मैदान में उतारेगा। युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) के अध्यक्ष डोमिनिक ओटुचेट ने गुरुवार को सिन्हुआ के हवाले से कहा कि चार एथलीट डैन किबेट, ऑस्कर चेलिमो, विनी नान्योंडो और पेरुथ चेमुताई विश्व एथलेटिक्स डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने घाना में अफ्रीकी खेलों में रजत पदक जीतने के बाद, चेमुताई को 3,000 मीटर स्टीपलचेज में प्रवेश दिया गया है, जहां वह केन्या की बीट्राइस चेपकोच और इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चेमुताई ने कहा, मैंने अच्छी तैयारी की है और मैं चीन में दौड़ का इंतजार कर रही हूं। नान्योंडो 1,500 मीटर में केन्या के फेथ किपयेगॉन और इथियोपिया के हैबिटम अलेमु जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि किबेट और चेलिमो पुरुषों की 5,000 मीटर में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

एलन और मिल्ने पाकिस्तान टी20 सीरीज से बाहर

वेलिंगटन। फिन एलन और एडम मिल्ने न्यूजीलैंड के पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं, जिससे यह सवाल पैदा हो गया है कि दोनों टी20 विश्व कप के लिए फिट होंगे या नहीं। एलन को पीठ में चोट लगी है और मिल्ने को पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम के रवाना होने से पहले प्रशिक्षण के दौरान टखने में समस्या हुई। उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को बुलाया गया है। टॉम ब्रूस पर विचार किया गया था, लेकिन पारिवारिक कारणों से और लंकाशायर के साथ अपने काउंटी सौदे को जारी रखने के लिए उन्होंने खुद को अनुपलब्ध कर लिया। एलन, विस्फोटक सलामी बल्लेबाज, जिनका टी20आई स्ट्राइक-रेट 163.60 है, की न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम में जगह पक्की होगी। मिल्ने, जिनका करियर चोटों से भरा रहा है, को विश्व कप टीम के लिए अंतिम 15 में जगह मिलने की संभावना कम है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कितने तेज गेंदबाज लिए गए हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हमें फिन और एडम दोनों के लिए दुख है, जो दौरे की शुरूआत के करीब चोटों से जूझ रहे हैं। वे पिछले विश्व कप के बाद से टी20 प्रारूप में हमारे लिए मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा सहयोगी स्टाफ और मेडिकल नेटवर्क दोनों खिलाड़ियों के इलाज और उसके बाद क्रिकेट में वापसी की योजना को पूरा करने के लिए अगले कुछ हफ्तों में उनके साथ मिलकर काम करेंगे।

इमा के सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर में 15 खिलाड़ी चयनित

नवीन मेल संवाददाता । रांची

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वावधान में बहुबाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में चल रहा सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते एवं काता का प्रशिक्षण दिया। इसमें कुमिते के दौरान खिलाड़ियों को स्कोर करने के तरीके बताए गए। साथ ही, किस तकनीक से अधिक से अधिक स्कोर मिल सकता है, इसकी जानकारी दी गई।

शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 और 21 अप्रैल को बिशप स्कूल बहुबाजार की मेजबानी में आयोजित 11वीं इमा कप सिकोकाई रांची जिला कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के उद्देश्य से अलग-अलग स्कूलों एवं क्लबों में शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है। इमा कराटे स्टूडियो से 15 खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। शिविर को सफल बनाने में इमा के अध्यक्ष सेंसेई अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। चयनित खिलाड़ियों में रित्शिका अन्वी, आदित्य राज, भार्गव हंस, सुनिधि एंजेल एक्का, शिवांश रुद्रा, शाइनी सिमोना टोप्पो, मिस्टी कुमारी, कुशल वर्मा, अभिनव सुजय तिगा, रसिक, रितिका कुमारी, दिव्यांशी कुजूर, मेहल राज, त्रिविक्रम रॉय, ईशा अशोक शामिल हैं।

विनेश ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर ओलंपिक जाने से रोकने का लगाया आरोप

एजेंसी। नई दिल्ली

पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था। विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। 29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती है। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थी।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने कहा कि कोच और फिजियो को मान्यता पत्र जारी करने के लिए विनेश का ईमेल 18 मार्च को मिला लेकिन तब तक युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को खिलाड़ियों, कोचों और मेडिकल स्टाफ की सूची भेजी जा चुकी थी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 11 मार्च थी। एक अधिकारी ने कहा कि महासंघ ने 15 मार्च को प्रविष्टियां भेजी क्योंकि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने उसके अनुरोध पर कुछ दिन की रियायत दी थी। यह रियायत इसलिए मांगी गई थी क्योंकि समय सीमा खत्म होने के आखिरी दिन ही ट्रायल पूरे हुए थे।

व्यापार/लाइफ व साइंस

16वें वित्त आयोग ने युवा पेशेवरों और सलाहकारों से आवेदन पत्र किए आमंत्रित

नई दिल्ली। 16वें वित्त आयोग ने अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवरों और सलाहकारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। वित्त आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसके लिए योग्यता, नियम एवं शर्तें, पारिश्रमिक और आवेदन पत्र अपलोड कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि सोलहवें वित्त आयोग ने अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवरों और सलाहकारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आयोग ने इसके लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर योग्यता, नियम एवं शर्तें, पारिश्रमिक और आवेदन पत्र को अपलोड कर दिया है। मंत्रालय के मुताबिक आयोग में अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवर और सलाहकार के रूप में नियुक्त होने के इच्छुक आवेदक अपना आवेदन दिए गए ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है। यह केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर अपना सुझाव देता है। भारत सरकार ने 31 दिसंबर, 2023 को अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन किया है। आयोग 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपेगा। आयोग की यह रिपोर्ट एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले पांच साल के लिए होगी। इसकी पहली बैठक 14 फरवरी, 2024 को हुई थी।

मूडीज का 2024 में भारत की जीडीपी 6.1 फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था पिछले साल के मुकाबले कुछ सुस्त रफ्तार से बढ़ने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी ने 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत के वास्तविक जीडीपी अनुमान को संशोधित कर 8 फीसदी कर दिया है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को जारी एपीएसी आउटलुकः लिसनिंग थ्रू द नॉइज शीर्षक रिपोर्ट में कहा है कि दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में इस साल सबसे मजबूत उत्पादन लाभ देखने को मिलेगा लेकिन वैश्विक महामारी के बाद देरी से वापसी के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। एजेंसी को उम्मीद है कि भारत की जीडीपी पिछले साल के मुकाबले 2024 में 6.1 फीसदी की दर बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने भारत सरकार के लिए स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखा है। एजेंसी की ओर से जारी रिपोर्ट में भारत सरकार की दीर्घकालिक और अल्पकालिक रेटिंग क्रमशः इं3 और आंकी गई है। स्थिर दृष्टिकोण के तहत इस संभावना को शामिल किया गया है कि भारत के राजकोषीय मैट्रिक्स में करीबी साथियों की तुलना में मजबूत विकास धीरे-धीरे जारी रहेगा।

2024 की पहली तिमाही में भारत के फिनटेक सेक्टर में 59 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। इस साल की पहली तिमाही में फिनटेक क्षेत्र के लिए जुटाई गई फंडिंग के मामले में भारत ने विश्व स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।ठ 2023 की चौथी तिमाही की तुलना में 2024 की पहली तिमाही में फिनटेक की फंडिंग में 59 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे भारतीय फिनटेक क्षेत्र में मजबूती का संकेत मिलता है। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही की 346 मिलियन डॉलर की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में 551 मिलियन डॉलर की फंडिंग हुई। भारतीय फिनटेक क्षेत्र में फंडिंग में बेंगलुरु सबसे आगे है, उसके बाद मुंबई और हैदराबाद हैं। निवेशकों की निरंतर रुचि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए स्टार्टअप और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देती है।

अब वॉट्सऐप से भी बुक कर पाएंगे डीटीसी बस की टिकट

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआईर में डीटीसी यात्रियों के लिए वॉट्सऐप बेस्ड क्यूआर टिकटिंग सर्विस शुरू की है। इस टिकट सिस्टम का उद्देश्य यात्रियों के लिए ट्रांसपोर्ट अनुभव को आसान बनाना है। इससे वॉट्सऐप चैटबॉट के अंदर कहीं से भी टिकट बुक करने और खरीदने की सुविधा मिल रही है। डीटीसी पहला स्टेट बस नेटवर्क है जिसने पूरे क्षेत्र में यात्रियों के लिए इस सुविधा को लागू किया है। यात्री वॉट्सऐप पर +918744073223 पर ल्ल लिखकर भेजें या क्यूआर कोड स्कैन करके इस सर्विस का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये अंग्रेजी और हिन्दी दोनों ही भाषाओं में उपलब्ध है। मौजूदा समय में वॉट्सऐप चैटबॉट डीटीसी और डीआईएमटीएस रूट्स पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सिंगल जर्नी क्यूआर टिकट बुक करने की सुविधा देता है। एक ही रूट पर बार-बार यात्रा करने वाले राइडर्स के लिए चैटबॉट एक क्विक पर्चेज फीचर प्रदान करेगा, जिससे चैटबॉट में डेस्टिनेशन और स्टार्टिंग प्वाइंट का चयन करने में लगने वाला समय कम हो जाएगा।

वॉट्सऐप बेस्ड टिकटिंग सिस्टम के जरिए प्रति ट्रांजेक्शन एक राइडर चैट विंडो के अंदर अपने पसंदीदा यूपीआई पेमेंट ऑप्शन का इस्तेमाल करके सीधे ज्यादा से ज्यादा 6 टिकट खरीद सकता है। भारत में बिजनेस मैसेजिंग डायरेक्टर रवि गर्ग ने कहा कि प्रति दिन लाखों यात्री अपनी डेली यात्रा के लिए लोकल ट्रांसपोर्ट सर्विस पर निर्भर रहते हैं। हमें डीटीसी चैटबॉट पेश करते हुए खुशी हो रही है। जिसका उद्देश्य ट्रैवल अनुभव को बदलना और दिल्ली एनसीआर के यात्रियों के लिए आरामदायक समाधान प्रदान करना है। वॉट्सऐप के जरिए डीटीसी की क्यूआर टिकटिंग सर्विस की शुरूआत ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने में मदद करता है।

इंस्टाग्राम अकाउंट को मोबाइल और पीसी से कैसे करें डिलीट या बंद

एजेंसी। नई दिल्ली

इंस्टाग्राम सोशल मीडिया का एक मशहूर प्लेटफॉर्म है। इंस्टाग्राम की पहुंच लोगों की जिंदगी में काफी तेजी से बढ़ गई है। आजकल काफी लोग अपनी घूमने-फिरने की फोटो भी इस प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं। साथ ही एक टैब के जरिए अपने नजदीकी लोगों की जानकारी हासिल कर लेते हैं। इसके अलावा लोग रील्स देखने में काफी दिलचस्पी दिखाते हैं। इस तरह से इंस्टाग्राम लोगों की जिंदगी पर काफी हावी होता जा रहा है। ऐसे में काफी लोग इंस्टाग्राम अकाउंट को डिलीट या फिर कुछ समय के लिए बंद करते हैं। हालांकि, इंस्टाग्राम खाते को किस तरह से डिलीट किया जाएगा, इसकी जानकारी हर किसी को नहीं होती है।

यहां पर इंस्टाग्राम खाते को मोबाइल पर डिलीट और बंद करने के बारे में बताया गया है। ये एंड्रॉइड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए काम करेगा

- सबसे पहले अपने मोबाइल में इंस्टाग्राम एप खोले
- एप खुलने के बाद अपनी प्रोफाइल पर क्लिक करें और हैमबर्गर मेन्यू पर जाएं।
- इसके बाद अकाउंट सेंटर में जाकर पर्सनल डिटेल में जाएं।
- फिर ऑनरशिप और कंट्रोल में जाएं, फिर आप आसानी से अकाउंट को डिलीट कर सकते हैं।
- इसके बाद आप जिस भी अकाउंट को बंद या डिलीट करना चाहते हैं, उसे चुनें और 'डिलीट अकाउंट' पर क्लिक करें, या फिर खाता बंद करें।
- ऐसा करने के बाद आपसे अकाउंट बंद करने या उसे डिलीट करने का कारण पूछा जाएगा। फिर आप अपना पासवर्ड डालकर अकाउंट को हमेशा के लिए डिलीट या कुछ समय के लिए बंद कर सकते हैं।

नीचे इंस्टाग्राम खाते को लैपटॉप और पीसी पर डिलीट करने और उसे बंद करने के बारे में बताया गया है

- सबसे पहले अपने पीसी और लैपटॉप पर ब्राउजर खोलें
- इसके बाद हेमबर्गर मेन्यू में जाकर अकाउंट सेंटर पर जाएं
- फिर पर्सनल डिटेल में जाकर अकाउंट ऑनरशिप के बाद कंट्रोल में जाकर आप अकाउंट बंद कर सकते हैं। साथ ही आप अकाउंट को कुछ समय के लिए बंद भी कर सकते हैं।
- आपको डिलीट अकाउंट का विकल्प मिल जाएगा। आप पासवर्ड दर्ज करके अकाउंट को डिलीट या बंद कर सकते हैं।

गूगल पे की ट्रांजेक्शन हिस्ट्री कैसे करें डिलीट

आज हम आपको गूगल पे की हिस्ट्री को डिलीट करने का तरीका बताएंगे...

एजेंसी। नई दिल्ली

गूगल पे का इस्तेमाल भारत में लाखों लोग कर रहे हैं। गूगल पे एक यूपीआई आधारित डिजिटल पेमेंट एप है जिससे आप यूपीआई आईडी, बैंक अकाउंट में पेमेंट कर सकत हैं। इसके अलावा आप गैस बिल, बिजली बिल और क्रेडिट कार्ड के बिल को भी गूगल पे के जरिए पे कर सकते हैं। अधिक पेमेंट हो जाने के कारण ट्रांजेक्शन की एक लंबी हिस्ट्री बन जाती है, ऐसे में कुछ महत्वपूर्ण पेमेंट आईडी खोजने में काफी दिक्कत होती है।

▶ **गूगल पे मोबाइल से हिस्ट्री कैसे डिलीट करें?**

- **अपने फोन गूगल पे एप ओपन करें।**
- **अब प्रोफाइल आइकन पर क्लिक करें।**
- **अब नीचे की स्क्रॉल करें और सेटिंग में जाएं।**
- **अब प्राइवेसी और सिक्योरिटी के विकल्प पर क्लिक करें।**
- **इसके बाद डाटा और पर्सनलाइजेशन के ऑप्शन पर क्लिक करें।**
- **अब गूगल एकांउट लिंक पर क्लिक करें।**
- **अब अपने जीमेल आईडी से लॉगिन करें।**
- **अब पेमेंट और सब्सक्रिप्शन टैब पर टैप करें।**
- **अब मैनेज एक्सपेरियंस पर क्लिक करें।**
- **अब आप यहां से एक और कई सारे ट्रांजेक्शन को डिलीट कर सकेंगे।**
- **पेमेंट ट्रांजेक्शन एंड एक्टिविटी सेक्शन से आप एक बार में पूरी हिस्ट्री डिलीट कर सकेंगे।**

17 प्रतिशत तक महंगा हो सकता है मोबाइल रिचार्ज

जून-जुलाई से टैरिफ बढ़ा सकती हैं टेलीकॉम कंपनियां

एजेंसी। नई दिल्ली

टेलीकॉम कंपनियां मोबाइल सर्विस के अलग-अलग प्लान्स का टैरिफ बढ़ाने जा रही हैं। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मोबाइल सर्विस के टैरिफ में 15-17% की बढ़ोतरी की जा सकती है। वहीं, जियो और एयरटेल अपने प्रीमियम यूजर्स को दे रहीं अनलिमिटेड डेटा बंद कर सकती हैं। टैरिफ में बढ़ोतरी का फैसला जून-जुलाई तक कंपनियां कर सकती हैं। कुछ अन्य एक्सपर्ट्स का मानना है कि मोबाइल फोन सर्विस 20% तक महंगी हो जाएंगी। वहीं, 4जी के मुकाबले 5जी सर्विस के लिए 5-10% तक ज्यादा चार्ज भी वसूला जा सकता है।

कंपनियां 2-3 किस्तों में टैरिफ बढ़ा सकती है

मार्केट शेयर के हिसाब से देश की दूसरी बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल तीन साल में 'रेवेन्यू पर यूजर' यानी प्रति यूजर औसत कमाई 208 रुपए से बढ़ाकर 286 रुपए तक ले जाना चाहती है। इसके लिए टैरिफ में करीब 55 रुपए की बढ़ोतरी कंपनी कर सकती है। वहीं जियो अपने टैरिफ में इस साल औसतन 15% की बढ़ोतरी कर सकती है।

निवेश पर कम रिटर्न की भरपाई का प्रयास

बैंक ऑफ अमेरिका के मुताबिक, भारतीय टेलीकॉम कंपनियों ने 5ऋ स्पेक्ट्रम पर बड़ा अमाउंट खर्च किया है। इसके अनुपात में फ्डउए (रिटर्न ऑफ कैपिटल एम्पलॉयड) यानी खर्च के अनुपात में कमाई, काफी कम है। अनलिमिटेड प्लान की वजह से भी कंपनियों की आय अब तक कम रही है।

बॉक्साइट नगरी में भाजपा-कांग्रेस के बीच टक्कर

झामुमो विधायक चमरा लिंडा भी ठोक रहे ताल, नामांकन की अंतिम तिथि का कर रहे इंतजार

उपेंद्र गुप्ता। रांची

लोहरदगा लोकसभा सीट रांची, गुमला और लोहरदगा जिले में फैला हुआ है। जो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इस सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र आता है, जिसमें लोहरदगा, गुमला, विशुनपुर, सिसई और मांडर है। सभी विधानसभा क्षेत्र भी अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में करीब 64 फीसदी आदिवासी मतदाता हैं। इस सीट की 96 फीसदी आबादी गांवों में रहती है, जो खेती और जंगल में लकड़ी काटकर अपना गुजर-बसर करती है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का पूरा इलाका वन, पहाड़ और पठार से भरा हुआ है। प्रचूर मात्रा में बॉक्साइट और लिग्नाइट पाए जाने के लिए यह क्षेत्र जाना जाता है। बावजूद इसके आर्थिक रूप से यह इलाका काफी पिछड़ा है। लोहरदगा और गुमला में हॉकी और फुटबॉल का काफी क्रेज रहा है। यहां के कई खिलाड़ी राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

1962 में लोहरदगा बना लोकसभा क्षेत्र

लोहरदगा लोकसभा सीट पर पहली बार 1962 में चुनाव हुआ। 1962, 1967, 1971 में लगतार तीन बार यहां कांग्रेस जीती। उसके बाद 1980, 1984, 1989 में फिर से कांग्रेस को जीत मिली । 1977 में जेपी लहर में जनता पार्टी को जीत मिली । 1991 में यहां पहली बार कमल खिला। तब से यहां मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच होता रहा है। 1996, 1999, 2009 और 2014 में बीजेपी को जीत मिली। लोहरदगा कभी कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन पिछले तीन दशक से भाजपा ने कांग्रेस के इस गढ़ पर कब्जा जमा लिया है। 2004 के बाद कांग्रेस को जीत नहीं मिली है। 2024 में एक बार फिर कांग्रेस के टिकट पर सुखदेव भगत मैदान में हैं, लेकिन उनकी जीत की राह में झामुमो विधायक चमरा लिंडा रोड़ा बन सकते हैं। चमरा लिंडा 2014 के बाद फिर से संसदीय चुनाव में उतरने के लगातार संकेत दे रहे हैं। जिससे इंडी गठबंधन में खलबली मची है।

कार्तिक बाबू और उनकी पत्नी दोनों लोहरदगा से सांसद रहे

आदिवासियों के बड़े नेता और कांग्रेस के कद्दवार नेता कार्तिक उरांव और उनकी पत्नी दोनों लोहरदगा के सांसद रहे। 1962 में कार्तिक उरांव सरकारी छोड़ कर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ें, लेकिन हार गए। फिर 1967, 1971 और 1980 में तीन बार लोहरदगा से सांसद बने। उनके बाद उनकी पत्नी सुमति उरावं 1982 के उपचुनाव ,1984 और 1989 में लोहरदगा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ी और जीत हासिल की।

भाजपा सांसद ने लगाई जीत की हैट्रिक

लोहरदगा सीट से भाजपा सांसद सुदर्शन भगत 2009, 2014 से 2019 में लगातार तीन बार जीत की हैट्रिक लगाई है। 2014 से 2019 तक नरेंद्र मोदी सरकार में वह जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री भी थे।लेकिन इस बार उनकी जगह पार्टी ने पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव को टिकट दिया है। 2009 में भाजपा के सुदर्शन भगत को 1,44,628 वोट मिला था। निर्दलीय ताल ठोकते हुए चमरा लिंडा 1,36,245 वोट पाकर दूसरा स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव को 1,29,622 मिला। 2014 में भाजपा सांसद सुदर्शन भगत को दुबारा जीत मिली और उन्हें 2,26,666 वोट मिला, जबकि दूसरे स्थान पर इस बार कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को 2,20,177 मत मिला। तीसरे स्थान पर चमरा लिंडा को 1,18,355 वोट मिला था। 2019 में भाजपा सांसद सुदर्शन भगत ने जीत की हैट्रिक लगाई, उन्हें इस बार 3,71,595 वोट मिले, इस बार उनके सामने कांग्रेस के टिकट पर सुखदेव भगत थे, जिन्हें 3,61,232 वोट मिले।

पीएम व भाजपा की नीतियों से आदिवासियों का बढ़ा है झुकाव : अरूण उरांव

भाजपा नेता अरूण उरांव का मानना है कि आदिवासी बहुल क्षेत्र लोहरदगा में पीएम मोदी और भाजपा की नीतियों का काफी असर पड़ा है। देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ, समीर उरांव, आशा लकड़ा और बाबूलाल मरांडी जैसे आदिवासी नेताओं को जो सम्मान इस समय भाजपा नेतृत्व ने दिया है,उससे आदिवासियों के बीच भाजपा की पकड़ मजबूत हुई है। जहां तक सुदर्शन भगत की बात है तो वे तीन बार सांसद रह चुके हैं, इसलिए नये चेहरे के रूप में समीर उरांव को आजमाया गया है। जिससे एंटी इंकैम्बेंसी फैक्टर काम नहीं कर सकें। उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा की उम्मीदवारी से इंडी गठबंधन पर असर पड़ेगा, ना कि भाजपा पर । कभी चमरा लिंडा और बंधु तिर्की आदिवासियों के नेता थे, लेकिन अब उनकी स्थिति पहले जैसी नहीं है।

केंद्रीय सरना समिति की ओर से सरहुल पर कोई झांकी नहीं निकाली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि फर्जी केंद्रीय सरना समिति बनाकर कुछ लोग समिति को बदनाम कर रहे हैं। केंद्रीय सरना समिति की ओर से सरहुल पर कोई झांकी नहीं निकाली गयी थी। निजी स्वार्थ के खातिर समाज का राजनीतिकरण कर बदनाम करने का काम किया गया है। फूलचंद तिर्की ने शुक्रवार को कचहरी स्थित आरटीआई भवन में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि फर्जी केंद्रीय सरना समिति भारत के जरिये नारायण उरांव के नेतृत्व में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए राजनीतिक झांकी निकाली गई थी। इस झांकी में झामुमो के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल के अंदर दिखलाया गया था और स्लोगन भी लिखा था कि जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को केंद्रीय सरना समिति की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक पर श्रमिक स्वागत मंच लगाया गया था। केंद्रीय सरना समिति का झांकी से कोई लेना देना नहीं है।

आदिवासियों के सरना धर्म कोड पर केंद्र सरकार खामोश : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य कहा कि सरहुल के जुलूस में केंद्र सरकार के नीतियों के खिलाफ आक्रोश देखा गया। जुलूस में झांकी के तौर पर सरना कोड का मामला हो या जल, जंगल, जमीन और जानवर को बचाने का मामला हो या चुनावी बॉड का मामला सभी का आदिवासी समाज ने विरोध किया है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि हेमंत सरकार ने सदन से ध्वनिमत से सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पारित कर भेजा, लेकिन केंद्र सरकार ने उसे वापस कर दिया। इस देश में हिंदू, ईसाई, सिख, बौद्ध और जैन धर्म का अपना धर्म कोड हो सकता है, तो देश में रहनेवाले करोड़ों प्रकृति पूजक आदिवासियों का अपना धर्म कोड क्यों नहीं हो सकता है। झामुमो नेता ने कहा कि जबतक छत्तीसगढ़ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, तब तक हसदेवा के जंगल में अडाणी प्रवेश कर गया, अब केंद्र सरकार की नजर झारखंड के सारंडा जंगल पर है। आदिवासियों के इन मुद्दों पर आखिर भाजपा खामोश क्यों है, उसे जवाब देना चाहिए।

भाजपा सांसद निशिकांत छोटा मोहरा

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि वे बहुत छोटा मोहरा हैं, दरअसल संभावित हार को देखते हुए भाजपा नेता अभी से ही निराश होने लगे हैं और कुंठा में कुछ भी बयान दे रहे हैं। वे बतोलाबाजी में पीएचडी किए हुए हैं। भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने अपने चुनाव के बाद सीएम चंपई सोरेन को साइड लाइन कर दिया जाएगा। लोबिन हेम्ब्रम के संपर्क में पार्टी के नेता झामुमो नेता ने कहा कि झामुमो नेता लोबिन हेम्ब्रम के बागी तेवर को देखते हुए पार्टी के नेता उनके संपर्क में हैं। वे पार्टी के काफी सीनियर लीडर हैं।उनके भावना को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। झामुमो विधायक चमरा लिंडा के भी बागी तेवर और सिंहभूम प्रत्याशी के विरोध पर झामुमो नेता ने कहा कि ये सब चुनाव में चलता रहता है, जल्द ही सब कुछ ठीक हो जाएगा।

पैसा और परिवार के लिए राजनीति करता है इंडी ठगबंधन : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, राजद के प्रदेश महासचिव हरदेव साहू एवं अंजू देवी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय एवं रांची सांसद संजय सेठ ने पार्टी का पट्टा, माला पहनाकर एवं ऑनलाइन सदस्यता करा सभी को पार्टी में शामिल कराया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुये प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग पैसे और परिवार के लिये राजनीति करते हैं, इनका जनता से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सनातन विरोधी एक मंच पर आ रहे हैं, पर देश की जनता को अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है

और वह विकसित भारत के लिये मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। श्री मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार के विकास कार्यों ने जानाकांक्षाओं को पूरा किया है। जिससे प्रभावित होकर हर दिन लोग बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास के साथ 400 पार का संकल्प पूरा करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने सभी की ऑनलाइन सदस्यता दिलाई एवं सभी से संगठन हित में एवं राष्ट्रहित में फिर एक बार मोदी सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में अपना-अपना योगदान देने की बात कही।

इंडी एलायंस की रैली उलगुलान नहीं भ्रष्टाचारियों की जुटान : प्रतुल

रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि इंडी गठबंधन और झामुमो पर निशाना साधते कहा कि 21अप्रैल को एक ही मंच पर भ्रष्टाचारी, सनातन विरोधी, टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग और परिवारवादी राजकुमार दिखेंगे। प्रतुल ने कहा कि रैली का नाम उलगुलान रखना भगवान बिरसा मुंडा सहित झारखंड के अमर शहीदों का अपमान है। उन्होंने उलगुलान का आह्वान अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ किया था। उलगुलान शब्द आदिवासी अस्मिता से और आदिवासी सम्मान से जुड़ा है।ऐसे भ्रष्टाचारी जुटान का नाम उलगुलान देकर इन्होंने पूरे देश के आदिवासियों का अपमान किया है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सोरेन परिवार के घर की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भी अपने साथ परिवार के भीतर हुए अन्याय के खिलाफ उलगुलान का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि किस तरीके से उनको अपनी बेटियों की परवरिश करने के लिए परिवार के भीतर अकेला छोड़ दिया।

न्याय उलगुलान महारैली मील का पत्थर साबित होगा : कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में 21 अप्रैल को इंडिया द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली झारखंड में एक मील का पत्थर साबित होगा। उक्त बयान जारी करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है,उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय ₹न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में केंद्र सरकार द्वारा फंसाए जाने को लेकर न सिर्फ झारखंड का आदिवासी समाज उद्वेलित है बल्कि अन्य सामाजिक वर्गों के लोग भी केंद्र की इस कार्रवाई के विरोध में खड़े हैं। इंडिया द्वारा झारखंड में रैली की घोषणा मात्र से ही जनता में जोश है और इस न्याय उलगुलान को जनता स्वः स्फूर्त ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता इस रैली के माध्यम से पूरे देश के लिए संदेश देने का काम करेगी । तानाशाहों के अहंकार पर जनता की मर्जी चलती है और झारखंड की सभी लोकसभा सीटों से विदाई की झलक रैली में शामिल होने वाले जन समूह से पता चल जाएगा।



हिम्मत है तो 10 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करे भाजपा

रांची। हर साल 2 करोड़ नौकरी महंगाई कम करना पेट्रोल डीजल का दाम कम करना किसानों का आय दुगनी करना महिलाओं को सशक्तिकरण करना इसकी गारंटी का क्या हुआ इलेक्ट्रॉन बांड के खुलासे के बाद देश की जनता पूरी तरह जान चुकी है बीजेपी पार्टी और मोदी जी किस तरह सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर अपनी जेब भरे हैं इंडिया गठबंधन की उलगुलान महारैली की घोषणा से बौखलाहट में बाबूलाल और भाजपा के नेताओं में घबराहट है । बाबूलाल को परिवार की बात करना शोभा नहीं देता, उन्हें अपने बीजेपी पार्टी में भी देखने चाहिए कि परिवारवाद की क्या परिभाषा उनके पार्टी में है भाजपा अपनी हार से बुरी तरह बौखलाई हुई है।

पृष्ठ एक के शेष

नहाय खाय के साथ चैती छठ...

भगवान को भोग लगाने के बाद व्रतियों ने भोजन किया। इसके बाद घर के सभी लोग इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इस दिन व्रती बिस्तर के बजाय जमीन पर सोते हैं। छठ पूजा में सफाई और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस दिन से घर में लहसुन-प्याज बनना बंद हो जाता है।

जम्मू-कश्मीर में जल्द...

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए जम्मू-कश्मीर के निर्माण की गारंटी मोदी दे रहा है लेकिन कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी राज्य को फिर उन पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं। कहा, सत्ता के लिए पूर्व सरकारों ने जम्मू-कश्मीर में 370 की दीवार बनाई थी। यहां के नेताओं ने लोगों में खौफ भर दिया था लेकिन मोदी ने अनुच्छेद 370 की दीवार को ध्वस्त कर दिया है। ये लोग कहते थे कि 370 हटी तो आग लग जाएगी, जम्मू कश्मीर हमें छोड़कर चला जाएगा लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता ने इन्हें आईना दिखाते हुए इनको इनकी असलियत बता दी। यही लोग अब जम्मू-कश्मीर के बाहर देश के लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने आपसे कहा था कि आप मुझ पर भरोसा कीजिए, मैं 60 वर्षों की समस्या का समाधान करके दिखाऊंगा। तब मैंने यहां माताओं-बहनों के सम्मान की गारंटी दी थी, गरीब को दो वक्त के खाने की चिंता न करनी पड़े, इसकी गारंटी दी थी। आज जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों के पास अगले पांच साल तक मुफ्त राशन की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे, यह देश उनकी ओर देखेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि इन परिवारवादी पार्टियों ने जम्मू कश्मीर का जितना नुकसान किया, उतना नुकसान किसी ने नहीं किया।

पर्यटन और स्टार्टटप...

आने लगे हैं। ये सपना यहां की अनेक पीढ़ियों ने देखा है और मैं आपको गारंटी देता हूं कि आपका सपना, मोदी का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 साल के अंदर-अंदर जम्मू कश्मीर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है कि जम्मू कश्मीर का मन बदला है। जनता निराशा से आशा की ओर बढ़ी है।

गुमला में 25 लाख लेवी मांगने...

मोबाइल बरामद की है। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उग्रवादियों ने चार अप्रैल को घाघरा व सिसई प्रखंड के सीमावर्ती जलका स्थित उत्तरी कोयल नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट की थी। घंटों बंधक बनाकर रखा था। इसके साथ ही पर्चा छोड़कर 25 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। उग्रवादियों द्वारा पुल निर्माण कार्य बंद कराने के बाद आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों ने उग्रवादियों के खिलाफ पारंपरिक हथियार उठा लिया था और पुल निर्माण शुरू कराया था। एसपी ने बताया कि पुलिस भी उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर इन चारों उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। एसपी ने बताया कि ये चारों पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के नाम पर पुल निर्माण बंद कराने के बाद टीम गठन होने के बाद अनुसंधान शुरू किया गया। छापामारी के क्रम में सिसई थाना अंतर्गत ग्राम मेढ़ियाटोली मुरगू से 11 अप्रैल की रात को चारों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। ये चारों उग्रवादी पूर्व में भाकपा माओवादी में थे। बाद में ये लोग जेजेएमपी में चले गये। इधर, कुछ महीनें पहले ये लोग टीएसपीसी संगठन में चले गये। इसके बाद घाघरा इलाके में संगठन का विस्तार करने में जुट गये थे, परंतु उससे पहले गुमला पुलिस ने टीएसपीसी संगठन को इस क्षेत्र में जड़ से खत्म कर दिया। घाघरा-सिसई के सीमावर्ती कोयल नदी में पुल निर्माण बंद कराने के मामले में टीएसपीसी के उग्रवादियों को पकड़ने के लिए छह थाना की पुलिस को जिम्मेवारी दी गयी थी। इसके साथ ही एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में बनाये गये एसआइटी टीम में भी छह थाना के पुलिस अधिकारी शामिल थे। पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए रणनीति तय की। इसके बाद इन उग्रवादियों को एक सप्ताह के अंदर पकड़ लिया और घाघरा, सिसई, बिशुनपुर व गुमला इलाके में टीएसपीसी संगठन को बढ़ने से रोक दिया। एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि पुल निर्माण मामले के उदभेदन के लिए गुमला जिलांतर्गत छह थानों की पुलिस समेत सैट व पुलिस केंद्र गुमला के जवानों ने मिलकर कार्य किया।

चतरा में नक्सलियों की बड़ी...

सफलता हाथ लगी है। एसपी विकास पांडेय और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर अभियान में निकली पुलिस और सीआरपीएफ जवानों की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी और सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया शक्तिशाली बम बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने कुंदा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित कुजराम जंगल से दो शक्तिशाली सिलेंडर बम बरामद किए हैं। बरामद दोनों सिलेंडर बम क्रमशः 05 और 02 किलो के हैं। नक्सलियों ने यह बम लोकसभा चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी और उसमें शामिल सुरक्षा बलों को टारगेट करने के उद्देश्य से प्लांट किया था। सीआरपीएफ 190 बटालियन के अधिकारियों को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी और सुरक्षाबलों को टारगेट कर चतरा को दहलाने की साजिश रचते हुए बम प्लांट किया है। जवानों की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुजराम जंगल से 05 और 02 किलोग्राम का दो शक्तिशाली केन बम व बम बनाने का सामान एवं बिजली का तार बरामद किया है। कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर चतरा जिले में सीआरपीएफ एवं जिला बल की ओर से लगातार नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की नक्सल गतिविधि एवं दहशत फैलाने में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

न्यूज बॉक्स

धोनी के नाम से क्रिकेट एकेडमी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर लाखों की ठगी पूर्व क्रिकेटर मिहिर गिरफ्तार

जयपुर/ रांची। जयपुर के करणी विहार थाना पुलिस टीम ने क्रिकेट एकेडमी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी के मामले में पूर्व क्रिकेटर मिहिर दिवाकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मिहिर को नोएडा से पकड़ कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। जांच अधिकारी एसआई रामपाल ने बताया कि पूर्व क्रिकेटर मिहिर दिवाकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बिजनेस पार्टनर रह चुका है। धोनी ने 15 अगस्त, 2021 को मिहिर दिवाकर और सौम्या दास की कंपनी अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड से कॉन्टैक्ट खत्म कर लिया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि 4 मार्च, 2023 को करणी विहार थाने में जयदेव रोज ने अरका स्पोर्टस के निदेशक मिहिर दिवाकर, उसकी पत्नी सौम्या दास, कंपनी के अधिकारी रोहित जग्गी और अजय बोहरा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। आरोप लगाया था कि इन लोगों ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नाम से एकेडमी के लिए फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर धोखाधड़ी कर 12 लाख रुपये हड़प लिए है। इसी शिकायत के बाद मिहिर दिवाकर को नोएडा से पकड़ा है।

जमीन घोटाला मामले में सद्दाम हुसैन की रिमांड अवधि 16 तक बढ़ी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले के मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम हुसैन की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत से ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने सद्दाम से पांच दिनों तक पूछताछ की अनुमति मांगी। इसका आरोपी की अधिवक्ता स्नेह सिंह ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने ईडी को सद्दाम से चार दिनों (16 अप्रैल) तक पूछताछ की अनुमति दे दी। सद्दाम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कांड संख्या 5/2023 और 1/2023 में भी आरोपी है। मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने पहली बार बरियातू के सेना की जमीन घोटाले में 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद फिर ईडी ने अदालत से बड़गाई अंचल से जुड़े मामले में अनुमति मिलने पर नौ अप्रैल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। उसे चार दिनों तक पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया था। फिर से अदालत ने रिमांड अवधि बढ़ाते हुए सद्दाम को चार दिनों की पूछताछ की अनुमति दी है।

हाई कोर्ट ने खारिज की निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की जमानत याचिका

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने वीरेंद्र राम की जमानत याचिका खारिज कर दी है। पूर्व में दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने वीरेंद्र राम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 21 अप्रैल, 2023 को वीरेंद्र राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अटैच कर चुकी है। अटैच की गई संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

हाई कोर्ट से अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं पिता को नहीं मिली राहत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राजकुमारी देवी एवं गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी।

चेशायर होम रोड जमीन मामले में हाई कोर्ट में छवि रंजन की बेल पर हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कुमार ने बहस की। यह केस ईडी के कांड संख्या ईसीआईआर 5/2023 से जुड़ा हुआ है। फिलहाल छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं।

हाई कोर्ट ने तल्हा खान की जमानत याचिका खारिज की

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन घोटाले के मामले में आरोपी तल्हा खान की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने तल्हा खान की जमानत यचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने तल्हा खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसे उसने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले में ईडी ने 13 अप्रैल, 2023 को आरोपी को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में है। इस मामले में प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान और सद्दाम हुसैन को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

हाई कोर्ट ने अवैध खनन मामले में सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज की

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। सुनील यादव की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा। सात अक्टूबर, 2023 को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दाहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त, 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपित सुनील का भाई दाहू यादव अब तक फरार है। ईडी ने साहिबगंज में अवैध खनन घोटाले की जांच में पंकज मिश्रा के साथ ही सुनील यादव और दाहू यादव को अवैध खनन में लिप्त पाया है।

हाई कोर्ट से भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़े भगवान भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को हुई। कोर्ट ने भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। भगवान भगत को ईडी ने सात जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। भगवान भगत विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

गाजा पर इजरायली हवाई हमले में 29 की मौत

गाजा। गाजा में शुक्रवार को एक आवासीय इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 29 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी समाचार और सूचना एजेंसी की ओर से ये जानकारी साझा की गई है। हवाई हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए। रिपोर्ट में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एयरफोर्स ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। गाजा के दक्षिणी हिस्से खान यूनिस में अल-बलाद और अल-अमल से 13 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

15 तक सीबीआई की रिमांड में रहेंगी के कविता

नई दिल्ली। बीआरएस नेता के. कविता को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई के लिए सीबीआई की ओर से हिरासत में लेने के बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। जहां राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 15 अप्रैल तक सीबीआई की रिमांड में भेज दिया है। इससे पहले उइकने बीआरएस नेता के. कविता की पांच दिन की हिरासत की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आवेदन पर सीबीआई के साथ-साथ कविता की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने दलील दी थी कि दक्षिण के ग्रुप के एक शराब कारोबारी ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और दिल्ली में कारोबार करने के लिए उनका साथ मांगा। केजरीवाल ने उन्हें आश्वासन दिया।

रूसी मिसाइल हमले से कीव में थर्मल पावर प्लांट नष्ट

कीव। रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन की राजधानी के बाहर ट्रिपिल्स्का थर्मल पावर प्लांट (टीपीपी) पूरी तरह से नष्ट हो गया है। मीडिया ने एक अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेनी पावर प्लांट सेंटरनेर्गो के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष एंड्री होता ने गुरुवार को कहा कि हमले के बाद प्लांट के टरबाइन कक्ष में भीषण आग लग गई। उन्होंने कहा, हमले में किसी कर्मचारी की मौत नहीं हुई है। आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। कीव से 45 किमी दक्षिण में स्थित, ट्रिपिल्स्का टीपीपी 1,800 मेगावाट की क्षमता के साथ कीव क्षेत्र में सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि गुरुवार सुबह, रूस ने 42 मिसाइलें दागीं। इनमें छह किंजल एयरोबैलेस्टिक मिसाइलें और 40 लड़ाकू ड्रोन शामिल थे।

हाई लेवल जांच के आदेश, ईद पर स्कूल क्यों संचालित किया गया, प्रिंसिपल सहित 3 गिरफ्तार

एजेंसी। महेंद्रगढ़

हरियाणा के महेंद्रगढ़ में शुक्रवार सुबह एक चिंताजनक घटना सामने आई, जब एक स्कूल बस दुर्घटना में स्कूल जा रहे छह छात्रों की मौत हो गई, जिससे स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गईं और जवाबदेही पर बहस छिड़ गई। अभिभावक और स्थानीय लोग सवाल कर रहे हैं कि सार्वजनिक अवकाश वाले दिन ईद पर स्कूल क्यों खुला रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल और ड्राइवर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर नशे में थे। दुखद दुर्घटना तब हुई जब 20 से अधिक छात्रों को ले जा रही

स्कूल बस सड़क से उतर गई और एक पेड़ से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप छह बच्चों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना के समय ड्राइवर कथित तौर पर शराब के नशे में था। आगे की जांच से पता चला कि जीएल पब्लिक स्कूल के स्वामित्व वाली बस 2018 के समाप्त हो चुके फिटनेस प्रमाणपत्र के साथ चल रही थी। नतीजतन, वैध दस्तावेज की कमी वाले वाहनों के संबंध में नियमों को लागू करने में लापरवाही बरतने के लिए राज्य सड़क परिवहन अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, ड्राइवर धर्मेंद्र लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण उसने बस से नियंत्रण खो दिया और वाहन एक पेड़ से टकराकर पलट गया। महेंद्रगढ़ के पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने बताया, "घटना में छह बच्चों की मौत हो गई और लगभग 20 घायल हो गए।"

पुलिस के मुताबिक, ड्राइवर को दुर्घटनास्थल से पकड़ लिया गया और उसकी मेडिकल जांच से साबित हुआ कि वह शराब के नशे में था। स्कूल की प्रिंसिपल, जिसका नाम दीप्ति है और एक अन्य स्कूल अधिकारी जिसका नाम होशियार सिंह है, को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने घोषणा की कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि स्कूल छुट्टी के दिन क्यों संचालित हुआ। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल को बंद रहना चाहिए था और पुष्टि की कि जांच के हिस्से के रूप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

उन्होंने कहा, स्कूल आज खुला नहीं होना चाहिए था। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और इसके अलावा, हमने निजी स्कूलों से स्व-शपथ पत्र लिया है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, जब उनसे पूछा गया कि इस भयानक दुर्घटना के लिए कौन जिम्मेदार होगा, तो उन्होंने बताया कि बस चालक और वाहन के मालिकों के साथ-साथ स्कूल को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

'मुस्लिम लीग की छाप, परमाणु शस्त्र नष्ट करने का षड्यंत्र'

कांग्रेस ने पांच दशक से ज्यादा देश पर हुकूमत की लेकिन एक भी ऐसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान नहीं दिया

एजेंसी। बाड़मेर

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी के पक्ष में बाड़मेर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करने का चुनाव है। कांग्रेस ने पांच दशक से ज्यादा देश पर हुकूमत की लेकिन एक भी ऐसी बड़ी समस्या नहीं है, जिसका पूरा समाधान दिया हो। उन्होंने कहा कि राजस्थान के रेगिस्तान में महिलाएं कहती थीं कि घी ढुल जाए तो मेरा कुछ नहीं जाएगा लेकिन पानी नहीं ढुलना चाहिए। मोदी ने इस समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन की शुरूआत की लेकिन

कांग्रेस सरकार ने इसमें भी भ्रष्टाचार किया। कांग्रेस की सोच ही विकास विरोधी है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ इंडी गठबंधन वाले कितनी नफरत से भरे हुए हैं, ये इनके घोषणा पत्र में नजर आता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में बंटवारे की गुनहगार मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है। अब इस गठबंधन में शामिल एक और दल ने देश के खिलाफ बहुत खतरनाक ऐलान किया है। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में लिखा है कि हम भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत जैसा देश, जिसके दोनों तरफ के देश के पास परमाणु हथियार हो, उस देश के पास से परमाणु हथियार समाप्त करने की घोषणा इनकी नीयत उजागर करता है। एक तरफ मोदी भारत को शक्तिशाली बना रहा है, दूसरी तरफ इंडी गठबंधन भारत को कमजोर करना चाहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सीमावर्ती गांवों को वे जानबूझकर विकास से दूर रखते थे। वे कारण बताते थे कि सीमा के पास विकास होगा तो दुश्मन के कब्जा करने की संभावना बढ़ जाएगी। ये शर्म की बात है। किस दुश्मन के कलेजे में हिम्मत है कि वो बाड़मेर की सीमा में कब्जा करने की सोचे। हम देश के सीमावर्ती गांव को पहला गांव मानते हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस राजस्थान से एक भी सीट जीतने की हकदार नहीं है। इस बार तो उनकी सीटों पर जमानत जब्त होनी चाहिए। उन्हें साफ कर दीजिए, वे सुधरेंगे नहीं। जब मैं बाड़मेर रिफाइनरी के उद्घाटन के लिए यहां आऊंगा तो आपको इसका महत्व बताउंगा। मेरा अनुरोध है कि पहले मतदान करें, फिर जलपान करें।

शक्ति का विनाश करने का ख्वाब देख रहे कांग्रेसी शहजादे

हम शक्ति की उपासना करते हैं लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वो हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। मेरी माताओं-बहनों की ताकत तुम नहीं जानते। इस शक्ति को नष्ट करने वालों से मेरी माता-बहनें ही निपट लेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत को सिर्फ जमीन का टुकड़ा मानती है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस आजकल एक पुराना रिकॉर्ड बजा रही है। चुनाव आते ही संविधान के नाम पर झूठ बोलना उनका फैशन है। कांग्रेस ने अंबेडकर को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, उन्हें चुनाव हरवाया, वो कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है।

पटना में शुक्रवार को 'चैती छठ' के अवसर पर वर्ती 'नहाय खाय' के दौरान अनुष्ठान करते हुए।

सड़क हादसे में 3 सगे भाई-बहनों की मौत, एक घायल

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में तीन भाई-बहनों की मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य लड़की घायल है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा परी चौक पर हुआ। कुलेसरा के रहने वाले सुरेंद्र (28) अपनी बहनों के साथ बाइक से कासना से लौट रहे थे। एक ही बाइक पर चार लोग सवार थे। रात करीब दो बजे परी चौक पर ब्रेकर से बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को रौद दिया। बाइक सवार सुरेंद्र (28), शैली (26), अंशु (14) और बहन की सहेली हादसे में घायल हो गई। आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया। हादसे में सुरेंद्र सिंह, शैली और अंशु को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि, एक अन्य घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि सभी शादी समारोह में शामिल होने कासना गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी बाइक से लौट रहे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना का पता लगाया जा रहा है।

आतंकियों के लिए पनाहगाह बना बंगाल

बंगलुरू विस्फोट के आरोपियों की गिरफ्तारी पर भिड़े भाजपा-टीएमसी

एजेंसी। कोलकाता

एनआईए ने बंगलुरू के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी बंगलुरू विस्फोट के मास्टरमाइंड बताए जा रहे हैं। ये गिरफ्तारी कोलकाता से हुई है, जिससे पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी आमने-सामने आ गए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि बंगाल, आतंकियों के लिए पनाहगाह बन गया है। वहीं टीएमसी ने भी भाजपा पर पलटवार किया है।

भाजपा ने लगाए आरोप

भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने बंगलुरू विस्फोट के आरोपियों की गिरफ्तारी पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में भाजपा नेता ने लिखा कि 'एनआईए ने रामेश्वरम कैफे को दो मुख्य संदिग्धों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। जिनमें मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन अहमद ताहा शामिल हैं। दोनों आईएसआईएस की शिवमोगा या पश्चिम बंगाल सेल से जुड़े हो सकते हैं।

टीएमसी का पलटवार

भाजपा नेता के ट्वीट के कुछ ही देर बाद टीएमसी नेता कुणाल घोष ने दावा किया कि आरोपियों को बंगाल पुलिस की मदद से ही गिरफ्तार किया गया है। टीएमसी नेता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बंगलुरू विस्फोट मामले में बंगाल पुलिस ने अच्छा काम किया है। एनआईए ने भी बंगाल पुलिस की मदद को स्वीकारा है। किसी भी देश विरोधी ताकत के साथ सख्ती से निपटा जाएगा, लेकिन मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि ये गिरफ्तारी कहां से हुई? कांथी से। हम सब जानते हैं कि भाजपा के किस नेता और उनके परिवार का वहां दबदबा है और कोंटाई से गैरकानूनी गतिविधियां चलाई जाती हैं।

लोस चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान, अधिसूचना जारी

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की अधिसूचना शुक्रवार को जारी हो गई। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों पर मतदान 07 मई को होगा। मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर भी मतदान 07 मई को ही होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। इस चरण में असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी दो, गोवा की सभी दो, गुजरात की सभी 26, जम्मू एवं कश्मीर की एक, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश की 8, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी जबकि 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। अब इस चरण का मतदान तीसरे चरण में यानी 07 मई को होगा।

इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उनका नाम इस प्रकार है: असम की कोकराझार (एसटी), धुबरी, बारपेटा, गुवाहाटी; बिहार की झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा; छत्तीसगढ़ की खगडिया, सरगुजा (एसटी), रायगढ़ (एसटी), जांजगीर-चांपा (एससी), कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा की उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा।

गुजरात की कच्छ (एससी), बनासकांठा, पाटण, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम (एससी), सुरेन्द्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आणंद, खेड़ा, पंचमहाल, दाहोद (एसटी), वडोदरा, छोटाउदेपुर (एसटी), भरूच, बारडोली (एसटी), सूरत, नवसारी, बलसाड (एसटी)। कर्नाटक की चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर (एससी), गुलबर्गा (एससी), रायचूर (एसटी), बीदर, कोप्पल, बेल्लारी (एसटी) हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा। मध्य प्रदेश की मुरैना, भिण्ड (एससी), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और भोपाल।

महाराष्ट्र की राजगढ़, रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर (एससी), शोलापुर (एससी), माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले। उत्तर प्रदेश की सम्भल, हाथरस (एससी), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आँवला और बरेली। पश्चिमी बंगाल की मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद।

दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव की दमन और दीव और दादरा और नागर हवेली (एसटी)। जम्मू-कश्मीर की अनन्तनाग-राजौरी।

इन सीटों पर मतदान सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक होगा। हालांकि असम की सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम बजे तक होगा। बिहार की खगड़िया, मधेपुरा सीट के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान चार बजे तक होगा।

रूसी सेना में शामिल 300 नेपाली युवाओं से नहीं हो पा रहा संपर्क, परिजन चिंतित

एजेंसी। काठमांडू

रूसी सेना में शामिल हुए 300 युवाओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है। नेपाल से रूसी सेना में काम करने गए युवाओं के परवार वालों के लिए काम करने वाली संस्था ने सरकार को बताया कि अब तक उनके संपर्क में आए 1200 परिवार वालों में से 300 परिवार वाले ऐसे हैं, जिनसे पिछले 6 महीने से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में हजारों की संख्या में नेपाली नागरिक रूसी सेना में शामिल हुए हैं। इनमें से कुछ युवाओं के युद्ध के दौरान मारे जाने और कुछ को यूक्रेनी सेना में बंधक बनाए जाने की खबर है। नेपाल सरकार ने भी आधिकारिक रूप से रूसी सेना

में नेपाली युवाओं के शामिल होने और उनके मारे जाने की औपचारिक पुष्टि की है लेकिन अब तक नेपाल सरकार एक भी नेपाली युवा का शव लाने में सफल नहीं हो पाई है। इसी बीच, रूसी सेना में शामिल हुए युवाओं के परिवार वालों के लिए काम करने वाली संस्था जीवन रक्षा अभियान की कृतु भंडारी ने बताया कि पिछले 6 महीने में 1200 ऐसे नेपाली परिवार उनके संपर्क में आए हैं जिनका कोई अपना रूसी सेना में शामिल है।

वायु सेना के लिए और खरीदे जाएंगे 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान

स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने टेंडर जारी कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए जारी टेंडर की कीमत 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर होगा, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपये का था। भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान हिंदुस्तान

एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति इसी साल से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। वायु सेना को इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था।

वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी थी। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में एचएएल को निविदा जारी की गई थी और उन्हें इसका जवाब देने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के अपने बेड़े को बदलने में मदद करेगा।

अफगानिस्तान में हिन्दू-सिखों की संपत्ति बहाली के फैसले का भारत ने स्वागत किया

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान की तालिबान हकुमत की ओर से हिन्दू और सिख नागरिकों के संपत्ति अधिकार बहाल किए जाने को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पाकिस्तान के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर जायसवाल ने कहा कि पड़ोसी देश की नेताओं की ओर से परस्पर विरोधी बयान दिए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद ग्रहण किए जाने पर उन्हें बधाई दी थी। द्विपक्षीय संबंधों के बारे में पाकिस्तानी पक्ष ने परस्पर विरोधी बयान दिए हैं जिन पर हम गौर कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान से इस आशय की रिपोर्ट आई थी कि ताबिलान शासन ने हिन्दू और सिख अल्पसंख्यकों की निजी जमीन एवं अन्य संपत्तियां बहाल करने का फैसला किया है। इस नए रुख के बाद कुछ अल्पसंख्यक अब अफगानिस्तान लौटे हैं। अमेरिका में कुछ भारतीय छात्रों की मौत से जुड़े सवाल पर प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय राजनयिक मिशन वहां अध्ययनरत छात्रों के संपर्क में है।